ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 29 मई 2024
वर्ष 2, अंक 278, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





पृथ्वी से चार गुना विशाल है यह रहस्यमयी ग्रह 16

अमेजन पर आएगी अनन्या की वेब सीरीज कॉल मी बे 2


## विमान में बम की सूचना, यात्रियों को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वाराणसी जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट (6ई2211) में मंगलवार सुबह टेकऑफ से पहले बाथरूम में एक कागज का टुकड़ा मिला, जिसमें 30 मिनट में बम ब्लास्ट लिखा हुआ था। यह खबर विमान में बैठे यात्रियों में फैल गई और अफरातफरी मच गई। जिसके बाद क्रू मेंबर्स ने पैसेंजर्स को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला। कई यात्री विंग के जरिए प्लेन से उतरे गए। फ्लाइट में 176 पैसेंजर्स थे। इसके बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर



● दिल्ली से वाराणसी के लिए उड़ान भरने को तैयार विमान में बम होने की सूचना अफवाह निकली

क्यूआरटी और बम डिस्पोजल टीम बुलाई गई। प्लेन की तलाशी ली गई, लेकिन अधिकारियों को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 5 बजे वॉशरूम में पायलेट को टिशू पेपर मिला था।

### सभी प्रोटोकॉल का पालन किया : इंडिगो प्रवक्ता

इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया गया और हवाई अड्डा सुरक्षा एजेंसियों के दिशानिर्देशों के अनुसार विमान को हवाई अड्डे के एक दूरस्थ स्थान पर ले जाया गया। सभी यात्रियों को आपातकालीन निकास द्वार के जरिए विमान से सुरक्षित बाहर निकाला गया। वाराणसी के लिए उड़ान पूर्वाह्न 11 बजकर 10 मिनट पर रवाना हुई। हमें यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है।

यह पेपर वॉशरूम में कैसे पहुंचा, इसकी जांच चल रही है।

## राजकोट अग्निकांड : गेम जोन का एक और साझेदार गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** राजकोट अग्निकांड में जान गंवाने वाले 27 लोगों के मामले में गुजरात पुलिस ने टीआरपी गेम जोन के एक और साझेदार को गिरफ्तार किया है। बनासकांठा के पुलिस अधीक्षक अक्षयराज मकवाना ने बताया कि धवल कॉर्पोरेशन के मालिक धवल ठक्कर को पड़ोसी राजस्थान के आबू रोड से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह रेसवे इंटरप्राइज के पांच साझेदारों के साथ मिलकर टीआरपी गेम जोन चलाता था। मामले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

● मृतक के परिजन को दो लाख रुपये देगी केंद्र सरकार

**मृतक के परिजनों को राज्य सरकार देगी चार लाख :** राज्य सरकार ने इस घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया है और प्रत्येक मृतक के परिजन को चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। केंद्र सरकार ने भी प्रत्येक मृतक के परिजन को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

## राम रहीम रणजीत मर्डर केस में बरी साध्वी रेप केस में जेल में रहेगा

सिरसा, एजेंसी

हरियाणा में सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को मंगलवार को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने बड़ी राहत दी। डेरे के पूर्व मैनेजर रणजीत हत्याकांड मामले में डेरा प्रमुख सहित पांच अन्य आरोपियों को सीबीआई कोर्ट के फैसले को रद करते हुए बरी कर दिया है। यह मामला 22 साल पुराना है। मामले में 19 साल बाद सीबीआई कोर्ट ने डेरा प्रमुख राम रहीम को दोषी करार दिया था।

राम रहीम फिलहाल, पत्रकार रामचंद्र छत्रपति, साध्वी यौन शोषण मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है और उस मामले में सजा बरकरार रहेगी। कुरुक्षेत्र के कोलिया गांव निवासी डेरा साधु रणजीत सिंह की 10 जुलाई



● पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने दी बड़ी राहत, सीबीआई कोर्ट ने सुनाई थी उम्रकैद की सजा

2002 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। डेरा प्रबंधन को शक था कि जो गुमनाम चिठी डेरा प्रमुख के खिलाफ जारी हुई वह रणजीत सिंह ने अपनी बहन से लिखवाई थी। हत्या के बाद हुई पुलिस जांच में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को इस केस में क्लीन चिट दे दी गई। जिसे मृतक रंजीत सिंह के पुत्र ने हाइकोर्ट में चुनोती दी जिससे बाद सीबीआई जांच हुई जिसमें रणजीत सिंह हत्याकांड में डेरा प्रमुख का नाम जुड़ गया।

## कोर्ट ने बिभव को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने के आरोपी बिभव को 31 मई तक हिरासत में भेज दिया है।



बिभव मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी हैं। अदालत के विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। कुमार के वकील ने हिरासत में लेकर उनके मुवक्किल से पूछताछ करने की दिल्ली पुलिस की याचिका का विरोध करते हुए दावा किया कि उसके पास कोई सबूत नहीं है।

### एक नजर

#### केंद्रीय मंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने पर मामला दर्ज

**राजकोट।** फर्जी इंस्टाग्राम आईडी का उपयोग करके भ्रामक तस्वीरों और वीडियो के जरिए केंद्रीय मंत्री और राजकोट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार पुरुषोत्तम रुपाला की छवि धूमिल करने के आरोप में पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। सहायक पुलिस आयुक्त बीबी बसिया ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता योगेश पंचानी की शिकायत के आधार पर राजकोट साइबर अपराध प्रकोष्ठ ने 26 मई को पांच इंस्टाग्राम उपयोगकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

#### जम्मू कश्मीर के रामबन में राजस्व अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**जम्मू।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को कहा कि उसने जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में एक राजस्व अधिकारी को जमीन संबंधी एक आवेदन पर कार्रवाई करने के एवज में एक व्यक्ति से कथित रूप से 18000 रुपये रिश्वत लेने को लेकर गिरफ्तार किया है। बनिहाल तहसीलदार के कार्यालय कानूनगो मोहम्मद इशाक भट को सोमवार को शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# वोट जिहाद के लिए तृणमूल ने छीने ओबीसी के अधिकार : मोदी

### प. बंगाल के बारासात में चुनावी रैली में ममता बनर्जी पर बरसे प्रधानमंत्री

● मोदी ने कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीशों पर सवाल उठाने के लिए ममता बनर्जी की आलोचना की

बारासात (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति करने और वोट जिहाद को बढ़ावा देने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं के अधिकार छीनने का आरोप लगाया।

बारासात में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नाम लिए बिना कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर सवाल उठाने के लिए उनकी आलोचना की और आश्चर्य जताते हुए कहा कि क्या तृणमूल कांग्रेस प्रतिकूल फैसलों के बाद अब न्यायधीशों के पीछे भी अपने गुंडे छोड़ देगी?

उन्होंने कहा बंगाल में तृणमूल ने ओबीसी को जो धोखा दिया, उसकी पोल अदालत ने खोल दी है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा है कि 77 मुसलमान जातियों को ओबीसी घोषित करना गैर-कानूनी और असंवैधानिक है। यानी तृणमूल ने लाखों ओबीसी नौजवानों का हक रातों-रात वोट जिहाद वालों की मदद के लिए लूट लिया। तृणमूल ने राज्य के ओबीसी समुदाय को धोखा दिया है।



दुमका में आयोजित रैली में प्रधानमंत्री को सम्मानित करते भाजपा पदाधिकारी।

#### झारखंड में घुसपैठ बड़ा संकट

**दुमका (झारखंड)।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा घुसपैठ के कारण संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी कम हो रही है। उन्होंने झामुमो के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। दुमका में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने सुना है कि लव जिहाद शब्द का ईजाद झारखंड के लोगों ने किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के एक जिले में ईसाई समुदाय से जुड़े साप्ताहिक अवकाश का दिन रविवार से बदलकर शुक्रवार करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा अब झारखंड में एक बड़ा संकट घुसपैठियों का हो गया है।

#### प्रधानमंत्री ने कहा- तृणमूल से सच बर्दाश्त नहीं होता

मोदी ने कहा तृणमूल से सच बर्दाश्त नहीं होता। जो कोई भी तृणमूल के गुनाह सामने लाता है, वह उनको निशाना बनाती है। आपने भी देखा है कि तृणमूल कांग्रेस के विधायक ने साफ-साफ कहा कि हिंदुओं को भागीरथी में बहा देंगे। इस पर बंगाल के संतों ने तृणमूल को गलती सुधारने के लिए कहा। लेकिन उसने हमारे संत समाज को ही गालियां देनी शुरु कर दी। मोदी ने कहा कि रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ दुनिया भर में सेवा और नैतिकता के लिए जाने जाते हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस उन्हें खुलेआम धमकी दे रही है, उन्हें खुले मंच से चेतावनी दे रही है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन के घटक दलों पर निशाना साधा।

### रेमल तूफान का अब नॉर्थ-ईस्ट में दिखने लगा असर

## बारिश के दौरान मिजोरम में पत्थर खदान धंसने से 17 लोगों की मौत

आइजोल, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में आए रेमल तूफान का असर अब नॉर्थ-ईस्ट में दिखने लगा है। मिजोरम में तूफान के कारण लगातार हो रही बारिश की वजह से मंगलवार सुबह 6 बजे आइजोल में एक पत्थर की खदान ढह गई। अब तक इसमें 17 लोगों की मौत हुई है। इनमें 4 साल का लड़का और 6 साल की लड़की शामिल है। दो लोगों का रेस्क्यू भी किया गया है।

मिजोरम के डीजीपी अनिल शुक्ला ने बताया कि हमने अब तक 17 शव बरामद कर लिए हैं और बचाव अभियान जारी है। हमें आशंका है कि मलबे में अभी भी लोग फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारी बारिश के कारण आपदा स्थल पर बचाव कार्य प्रभावित हो रहा है। शुक्ला ने कहा कि बारिश के कारण राज्य में कई अन्य स्थानों पर भूस्खलन हुआ और कम से कम दो लोग बह गए। आइजोल के उपायुक्त नाजुक कुमार ने कहा कि जब तक मलबा साफ नहीं हो जाता, तब तक तलाश अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा हमने घटनास्थल से दो लोगों को जिंदा बचाया है। एक अधिकारी ने बताया कि आइजोल के सेलम वेंग में भूस्खलन से एक इमारत नष्ट हो गई, जिसके बाद से तीन लोग लापता हैं, और उनकी तलाश की जा रही है। हुनथर में राष्ट्रीय राजमार्ग छह पर भूस्खलन के कारण आइजोल का देश के बाकी हिस्सों से संपर्क टूट गया है। इसके अलावा कई अंतर-राज्य राजमार्ग भी भूस्खलन से प्रभावित हुए हैं।



आइजोल में राहत कार्य में जुटे बचावकर्मी। ● एजेंसी

#### मुख्यमंत्री ने बुलाई आपात बैठक

मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने स्थिति का जायजा लेने के लिए गृह मंत्री के सपडांगा, मुख्य सचिव रेनू शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक आपात बैठक बुलाई। मुख्यमंत्री ने खदान धंसने और बारिश के कारण हुई आपदाओं में मारे गए लोगों के परिवारों को 4-4 लाख रुपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने खदान धंसने से मारे गए 8 मिजो लोगों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये के चेक सौंपे और कहा कि शेष राशि उन्हें जल्द ही दी जाएगी। गृह मंत्री के सपडांगा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'चार गैर-आदिवासी लोगों की पहचान का सत्यापन किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों व नक्सलियों के बीच मुठभेड़

सुकमा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच फिर से मुठभेड़ हुई। हार्डकोर नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जवान मौके के लिए निकले थे। मंगलवार सुबह करीब 20 मिनट तक दोनों तरफ से भारी गोलीबारी हुई है।

मुठभेड़ रुकने के बाद जवान इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। सूचना मिली थी कि गोगुंडा की पहाड़ी पर नक्सली कमांडर जगदीश समेत भारी संख्या में हथियारबंद नक्सली हैं। इसी सूचना के आधार पर सुकमा से डीआरजी के जवानों को मौके के लिए रवाना किया गया था। जवान जब इलाके में पहुंचे तो नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद जवानों ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी।

#### दंतेवाड़ा में 15 नक्सलियों को किया गिरफ्तार

**रायपुर/दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के गिरसापारा की पहाड़ियों में सुरक्षाबल के जवानों ने पंद्रह नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए नक्सलियों में सात महिला और आठ पुरुष नक्सली हैं। इनमें से एक नक्सली बीजापुर और 14 नक्सली नारायणपुर जिले के हैं। सुरक्षाबलों को मिली इस कामयाबी पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें बधाई दी है।

## ड्राइवर भाइयों ने दोस्त संग रची थी हत्या की साजिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

### पूर्व आईएएस की पत्नी की हत्या का मामला

● तीनों गिरफ्तार, लूटी गई डीवीआर की बरामदगी के दौरान पुलिस टीम पर फायर झोंका

● मुख्य आरक्षी को लगी गोली, पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आरोपी के पैर में लगी गोली

**अमृत विचार :** पूर्व आईएएस अफसर देवेंद्र नाथ दुबे की पत्नी मोहिनी दुबे की हत्या कर लूटपाट उनके ही दो ड्राइवर भाइयों ने अपने दोस्त के साथ मिल कर की थी। पुलिस ने तीनों को सोमवार रात गिरफ्तार कर लिया।लूटी गई डीवीआर की बरामदगी के लिए उनके बताए स्थान पर ले जाने पर एक ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। गोली गाजीपुर थाने के मुख्य आरक्षी को लगी। जवाबी फायरिंग में वह आरोपी घायल हुआ ।उनके पास से एक करोड़ के जेवरात, 1500 अमरीकी डॉलर, सिंगापुर के 7 डॉलर, इंग्लैंड के 10 पाउंड, मलेशिया के 10 यूरो, 10 स्विस डॉलर, नीले रंग की स्कूटी और सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर बरामद हुई।

पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर के मुताबिक पूरी साजिश पूर्व आईएएस देवेंद्र नाथ दुबे के 13 साल पुराने ड्राइवर रवि और अखिलेश यादव ने रची थी। साजिश के तहत 25 मई शनिवार सुबह 7 बजे रवि पूर्व आईएएस अफसर को लेकर गोल्फ क्लब चला गया। इसके बाद उसका भाई अखिलेश और दोस्त रंजीत घर में दाखिल हुए। अंदर जाने के बाद सबसे पहले मोहिनी का गला घोंटा और पेंचकस से पांच वार किए।

संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध आकाश कुलहरि के मुताबिक मोहिनी की हत्या करने के बाद आरोपी रंजीत और अखिलेश ने चाबियों का गुच्छा लिया और 45 मिनट तक कमरे की आलमारी खंगाली।उसमें रखी गई नकदी और जेवरात निकालकर बैग में भरा और स्कूटी से निकल गए। उन्होंने आलमारी और बैग से मिले दस्तावेज, पासपोर्ट व पर्स बाथरूम में टब में डाल दिया ताकि पुलिस को कोई फिंगर प्रिंट न मिल सके।

#### डीवीआर बरामदगी के समय की फायरिंग

जेसीपी आकाश कुलहरि के मुताबिक आरोपियों से पूछताछ की तो सारे राज उगल दिये। लूटे गए सामान और डीवीआर के बारे में जानकारी ली तो बताया कि डीवीआर व नकदी सर्वोदयनगर स्थित कुकरैल बंधे के पास झाड़ियों में छिपा रखा है। पुलिस टीम तीनों को लेकर ढाई बजे के करीब बंधे के पास पहुंची। उनके बताए गए स्थान पर गई। जहां से अखिलेश ने बैग निकाला। इसी बीच अखिलेश ने बैग खोलकर उसमें रखा तमंचा निकाला और पुलिस पर फायर झोंक दिया। इससे गाजीपुर में तैनात मुख्य आरक्षी घायल हो गया। पुलिस फायरिंग में अखिलेश के दाहिने पैर में गोली लगी।

## जल्द ही एसी की हवा लेंगे कूलर में रह रहे रामलला

अयोध्या कार्यालय

● हल्के सूती कपड़े पहनाए, लस्सी व रसीले फलों का लग रहा भोग

● नौतपा में रामलला की सेवा में बदलाव, की जा रही शीतल आरती

**अमृत विचार :** नौतपा में अभी तक कूलर में रह रहे रामलला अब एसी की ठंडी हवा में रहेंगे। इसके अलावा उन्हें सूती वस्त्र पहनाए जा रहे हैं। रामनगरी में चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी का असर आम जनमानस के साथ-साथ मठ मंदिरों सहित राममंदिर में भी देखने को मिल रहा है।

राम मंदिर में रामलला पांच वर्ष के बालक के रूप में विराजमान हैं। उन्हें गर्मी से बचाने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। रामलला को भोग में शीतल व्यंजन परोसे जा रहे हैं और हर रोज चांदी की थाली में चारों तरफ फूल बिछाकर शीतल आरती की जाती है। साथ ही भोग में उन्हें सुबह और शाम दही दी जाती है। इसके अलावा फलों का जूस व लस्सी के साथ साथ भोग में मौसमी फल भी दिए जा रहे हैं। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र ने बताया कि गर्मी में श्रीराम लाल को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसका विशेष ख्याल रखा जा रहा है। यूनियन बैंक की तरफ से दो टॉवर एसी दिए गए हैं, जो जल्द ही गर्भगृह में लगा दिए जाएंगे।

## प्रेमिका से मिलने घर पहुंचे युवक की पीटकर हत्या, हत्यारोपी फरार

संवाददाता, बेहजम (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार:** प्रेमिका से मिलने मंगलवार की तड़के उसके घर पहुंचे एक युवक को प्रेमिका के घर वालों ने पकड़ लिया। इसके बाद लाठियों से पीटकर-पीटकर उसकी हत्या कर दी। प्रेमिका के घर वाले फरार हैं।

थाना नीमगांव के गांव मिर्जापुर निवासी नागेश (22) का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों आपस में रिश्तेदार थे। मंगलवार की तड़के करीब 4:30 बजे नागेश अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर गया था। बताते हैं कि घर वालों ने दोनों को पकड़ लिया और घर के अंदर खींच ले गए। जहां



● मृतक के पिता बोले, सरकारी नल पर पानी पीने गया था बेटा

युवक को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। उस पर धारदार हथियारों से भी कई प्रहार किए। प्रेमी युगल के शोर मचाने पर युवक के परिवार व आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। परिवार वालों ने घटना की सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर बमुश्किल घर का दरवाजा खुलवाया और खून से लथपथ मरणासन्न हालत में पड़े नागेश को घर से बाहर निकालकर सीएचसी बेहजम जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया, रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सीओ मितौली शमशेर बहादुर सिंह, एसओ नीमगांव श्रद्धा सिंह समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। उधर मृतक के परिवार वालों का कहना है कि नागेश सुबह 4:30 बजे उठकर घर के पड़ोस में स्थित सरकारी हैंडपंप पर पानी पी रहा था। तभी पास में रहने वाली उसकी प्रेमिका के पिता ने अपने पुत्रों के साथ मिलकर नागेश को पकड लिया और उसे अपने घर खींच ले गए। घर के अंदर लाठी-डंडों और कुदाल से ताबड़तोड़ प्रहार कर हत्या कर दी।

## केजरीवाल की जमानत पर तत्काल सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। दिल्ली सीएम ने मेडिकल ग्राउंड पर एक जून तक मिली अंतरिम जमानत को 7 दिन बढ़ाने की मांग की थी। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस केवी विश्वनाथन की वेकेशन बेंच ने कहा कि अंतरिम जमानत बढ़ाने का फैसला सीजेआई करेंगे, क्योंकि मुख्य मामले में केजरीवाल के खिलाफ फैसला सुरक्षित है। केजरीवाल की तरफ से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें रखीं। केजरीवाल को ईडी ने शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

## शिक्षा के लिए राजनाथ को भी जाना पड़ा था बाहर

संवाददाता, मीरजापुर

### मुख्यमंत्री ने मीरजापुर से राजग प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल के पक्ष में की जनसभा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक चुनावी जनसभा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह का उदाहरण देते हुए गैरभाजपा सरकारों में मीरजापुर के पिछड़ेपन का हवाला दिया। योगी ने कहा कि यहां का नौजवान पढ़ने बाहर जाता था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हों या भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, इन्हें भी पढ़ने मीरजापुर से बाहर जाना पड़ा था। कोई दूसरे जनपद तो कोई रिश्तेदार के घर और छात्रावास रहने जाता था। साधन का अभाव था, फिर भी मेहनत से पढ़ते थे पर अब मीरजापुर वाले भी कह सकेंगे कि यहां विश्वविद्यालय है। रिश्तेदार आकर यहां अच्छी शिक्षा ग्रहण करें।मुख्यमंत्री केंद्रीय मंत्री व मीरजापुर से राजग (अपना दल एस) प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल के पक्ष में मंगलवार को महाशक्ति इंटर कॉलेज के सामने बिहसड़ा में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



मीरजापुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्मानित करते केंद्रीय मंत्री और अपना दल (सोनेलाल) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और मीरजापुर सीट से लोकसभा उम्मीदवार अनुप्रिया पटेल।

#### दंगाइयों की रीढ़ तोड़ने वाली पीएसी को सपा ने कर दिया था खत्म

योगी ने कहा कि सपा ने दंगाइयों की रीढ़ तोड़ने वाली पीएसी की 54 कंपनियों को समाप्त कर दिया था। हमने फिर सभी कंपनियों को बहाल किया। देश में कहीं भी दंगा होता है तो दंगाइयों की ठुकाई के लिए यूपीपीएसी को बुलाया जाता है। इनका नाम सुनकर दंगाई घरों में दुबक जाते हैं। दंगा शांत हो जाता है तो जनता कहती है कि पीएसी तो आ गई है, योगी जी बुलडोजर भी भेज दीजिए।

# विश्वकप में गेंदबाजों का पलड़ा भारी

## आईपीएल के विपरीत अमेरिका-वेस्टइंडीज की पिचों पर बल्लेबाजों पर हावी हो सकते हैं स्पिनर

**01** जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज की जमीं पर शुरू होगा टी-20 विश्वकप का घमासान।



बेंगलुरु, एजेंसी

आईपीएल में काफी महंगे साबित हुए गेंदबाज क्या अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप में थोड़ी राहत की उम्मीद कर सकते हैं? इस प्रश्न की उत्पत्ति आईपीएल के नवीनतम सत्र में टी-20 बल्लेबाजी में आए बदलाव के कारण हुई है। आईपीएल 2024 से पहले लीग में केवल एक बार 250 रन का आंकड़ा पार किया गया था लेकिन हाल ही में समाप्त हुए सत्र में टीमें आठ बार ऐसा करने में सफल रहीं।

आईपीएल में बल्लेबाजी को नया आयाम देने वाले ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल जैसे बल्लेबाज अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी खेलते हुए नजर आएंगे। इसलिए प्रशंसकों का एक बार फिर बल्लेबाजों के दबदबे की उम्मीद करना स्वाभाविक है, लेकिन कई कारणों से उनका रवैया विश्व कप में उतना एक आयामी नहीं हो सकता जितना कि आईपीएल में था।

सबसे पहले तो टीमों को विश्व कप में इंपेक्ट खिलाड़ी की सुविधा नहीं मिलेगी। मिचेल स्टार्क ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को तीसरा आईपीएल खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाने के बाद उस बात को स्वीकार किया। स्टार्क ने कहा था यहां (आईपीएल में) इंपेक्ट खिलाड़ी नियम है और टी-20 विश्व कप में ऐसा नहीं होगा। आपको अपने ऑलराउंडरों पर अधिक भरोसा करना होगा। आप अपने बल्लेबाजी ऑलराउंडर को आठवें नंबर पर नहीं रख सकते जैसा कि आपने आईपीएल किया था। मुझे नहीं लगता कि टी-20 विश्व कप में आप इस तरह के बड़े स्कोर देखेंगे क्योंकि वहां एक बल्लेबाज कम होगा।

आईपीएल के शुरुआती हिस्से में चेन्नई सुपरकिंग्स ने तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे को इंपेक्ट खिलाड़ी नियम के माध्यम से एक बल्लेबाज के रूप में इस्तेमाल किया था। दुबे ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और नाइट राइडर्स के खिलाफ कुछ मैच विजेता पारियां खेलीं, लेकिन विश्व कप में बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को अंतिम एकादश में जगह पाने के लिए अपने गेंदबाजी कौशल का भी प्रदर्शन करना होगा क्योंकि उप कप्तान हार्दिक पंड्या भी इसी तरह की भूमिका निभाते हैं और पहली पसंद बने हुए हैं। कप्तान रोहित शर्मा ने यह बात पहले ही स्पष्ट कर दी है हालांकि यह कहानी का सिर्फ एक हिस्सा है। बल्लेबाजों को उन पिचों से भी निपटना होगा जो आईपीएल में इस्तेमाल की गई पिचों से बहुत अलग होंगी।

एक अनुभवी क्यूरेटर ने बताया वेस्टइंडीज की पिचें अब वैसी नहीं हैं जैसी 80 या 90 के दशक में हुआ करती थीं। अब वे धीमी हैं और कई बार गेंद रुककर भी आती है। मुझे यकीन है कि गेंदबाज, विशेषकर स्पिनर आईपीएल की तुलना में कहीं अधिक भूमिका निभाएंगे, विशेषकर टूर्नामेंट के दूसरे सप्ताह से। क्यूरेटर ने कहा भारत ने अपनी टीम में चार स्पिनरों को शामिल किया है। यह शायद वेस्टइंडीज की पिचों की प्रकृति के कारण था। इसलिए मुझे नहीं लगता कि हम वहां 250 का स्कोर देख पाएंगे। अमेरिका में केवल फ्लोरिडा के पास हाई प्रोफाइल क्रिकेट मैचों की मेजबानी करने का पूर्व अनुभव है। न्यूयॉर्क और टेक्सास पहली बार इस खेल की मेजबानी की तैयारी कर रहे हैं। तो क्या इससे रन बनाने की दर पर असर पड़ेगा? क्यूरेटर ने कहा हां, ऐसा हो सकता है कि शुरुआत में टीमें पिच और अन्य परिस्थितियों का आकलन करना चाहेंगी। इनमें से कुछ स्थानों पर उपयोग की जा रही ड्रॉप इन पिचें प्राकृतिक पिचों की तुलना में बेहतर होंगी इसलिए हम उस दौर में कुछ बड़े स्कोर वाले मैच देख सकते हैं।

वेस्टइंडीज में अंतर्राष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने का अपार अनुभव रखने वाले ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने इससे सहमति व्यक्त की। वार्नर ने कहा कैरेबिया में पिचें सूखी होने के कारण गेंद खुरदरी हो जाएगी और स्पिन करने लगेगी। आईपीएल में गेंद की ऊपरी परत लंबे समय तक रहती है और इसलिए गेंद कम टर्न करती है। मैंने वहां काफी क्रिकेट खेला है और सीपीएल (कैरिबियाई प्रीमियर लीग) में भी खेला हूं। विकेट धीमे और कम उछाल वाले होते जाते हैं। आईपीएल 2024 में औसत रन रेट 9.56 था जो टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक का सबसे अधिक है। इसके अलावा औसत स्कोर 180 से ऊपर रहा। हैदराबाद में पहली पारी का औसत स्कोर 230 रन के आसपास था।हालांकि जैसा कि कुछ आंकड़ों से पता चलेगा वेस्टइंडीज के स्टेडियम अलग तरह के हैं। एंटीगा में औसत टी-20 स्कोर 123 रन है और बारबडोस में यह 138 रन है। गयाना में यह 124 तो त्रिनिदाद में केवल 115 रन है। सेंट विन्सेंट में औसत टी-20 स्कोर 118 जबकि ग्रॉस आइलेट में सर्वाधिक 139 है। इन आंकड़ों को देखते हुए गेंदबाजों के कम से कम एक महीने के लिए टी-20 में दबदबा बनाने की उम्मीद है।

### चोटों के बावजूद भारत सबसे मजबूत टीम : मोर्गन



**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन का मानना है कि भारत का प्रतिभा का भंडार और टीम के भीतर जबरदस्त गहराई उन्हें आगामी टी-20 विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार बनाती है। भारत लगभग उसी टीम के साथ उतर रहा है जो पिछले टी-20 विश्व कप में खेली थी। हालांकि युवा यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। मोर्गन ने कहा चोटों के बावजूद टूर्नामेंट में भारतीय टीम सबसे मजबूत है। उनकी मजबूती और गइराई शानदार है। वे मेरे लिए प्रबल दावेदार हैं, कागजों पर उनका स्तर। अगर वे मैदान पर भी ऐसा करते हैं तो मुझे लगता है कि वे टूर्नामेंट में किसी को भी आसानी से हरा सकते हैं। विकल्पों की अधिकता के कारण भारत शुभमन गिल और लोकेश राहुल जैसे खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल नहीं कर पाया। अगर मैं टीम का चयन कर रहा होता तो एकमात्र फैसला जो अलग होता वह यह होता कि मैं यशस्वी जायसवाल पर शुभमन गिल को तरजीह देता। मैं उसके साथ खेला हूं, मुझे पता है कि वह कैसे सोचता है। मुझे पता है कि वह कैसे काम करता है। भारत लगभग हर टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार के रूप में उतरता है लेकिन एक दशक से अधिक समय से उसने आईसीसी का कोई खिताब नहीं जीता है।



## आईसीसी ने अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट को दिया लिस्ट-ए का दर्जा

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अमेरिका में टी-20 प्रारुप में खेले जाने वाले मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) को आधिकारिक लिस्ट-ए का दर्जा प्रदान किया। एमएलसी का दूसरा सत्र पांच जुलाई से शुरू होगा। इसका उद्देश्य खेल के सबसे बड़े बाजारों में से एक में इसकी लोकप्रियता को बढ़ावा देना है।



आईसीसी के इस कदम से एमएलसी को आधिकारिक टी-20 लीग और अमेरिका के पहले विश्व स्तरीय घरेलू टूर्नामेंट का दर्जा मिल गया। अमेरिका एक जून से 29 जून तक खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप का सह-मेजबान है और एमएलसी का आयोजन विश्व कप के खत्म होने के एक सप्ताह के अंदर शुरू होगा। एमएलसी के मुताबिक अब हर शतक, अर्धशतक, रन-आउट, जीत, हार और चैंपियनशिप को खेल के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रारूप में आधिकारिक करियर आंकड़ों के रूप में दर्ज किया जाएगा। इस लीग के पहले सत्र में 19 मैच खेले गए थे लेकिन एमएलसी के सीईओ विजय श्रीनिवासन ने हाल ही में कहा कि 2025 से इसमें 34 मुकाबले खेले जाएंगे।

### बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया-ए से भिड़ेगा भारत-ए

**मेलबर्न।** भारत-ए इस साल के अंत में प्रतिष्ठित बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को यह घोषणा की। सीए ने कहा कि ये मुकाबले 31 अक्टूबर से तीन नवंबर तक मैकाय के ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और सात से 10 नवंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में खेले जाने हैं। इन अभ्यास मैचों से दोनों टीम के उभरते हुए खिलाड़ियों को टेस्ट टीम में जगह बनाने की दावेदारी पेश करने का मौका मिलेगा। सीए के क्रिकेट संचालन और कार्यक्रम प्रमुख पीटर रोच ने कहा नवीनीकृत ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और एमसीजी में इन ए मैचों की मेजबानी इन 'ए' मैचों को महत्वपूर्ण दर्जा देती है और दोनों टीम के खिलाड़ियों को चयन के लिए दावा मजबूत करने का शानदार अवसर प्रदान करेगी।

## नामीबिया, ओमान और कनाडा ने जीते अपने-अपने अभ्यास मैच

तरौबा/डलास, एजेंसी

अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में चार जून से शुरु होने जा रहे टी-20 विश्वकप 2024 के अभ्यास मैच के पहले दिन नामीबिया ने युगांडा, ओमान ने न्यू पापुआ गिनी और कनाडा ने नेपाल पर जीत दर्ज की।

नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी युगांडा की टीम ने रोजर मुकासा नाबाद (51) और रोबिन्सन ओबुआ की 38 रनों की शानदार पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 138 रनों का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में युगांडा की टीम 18.5ओवर में पांच विकेट पर 135 रन ही बना सकी। वहीं कनाडा बनाम नेपाल के अभ्यास मैच में कनाडा ने शानदार खेल मुजाहिरा करते हुए नेपाल को 63 रनों से हराया। कनाडा ने सात विकेट पर 183 रनों का स्कोर खडा किया। जवाब में नेपाल की पूरी टीम 19.3 ओवर में 120 रन पर ढ़ेर हो गई। तीसरा मैच पापुआ न्यू गिनी बनाम ओमान के बीच खेला गया। इस मुकाबले में ओमान ने पापुआ न्यू गिनी को तीन विकेट से हराया। पापुआ न्यू गिनी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 137 रनों का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में ओमान ने 19.1ओवर में सात विकेट पर 141 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया।

## छक्कों के मामले में अभिषेक चौकों के लिए हेड रहे अव्वल

नई दिल्ली, एजेंसी

आईपीएल 2024



आईपीएल 2024 में चौके और छक्कों के मामले में इस बार सनराइजर्स हैदराबाद के दो धाकड़ बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 42 छक्कों तथा ट्रैविस हेड 64 चौकों के साथ अव्वल रहे।

छक्कों और चौकों की बात की जाये दूसरे नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और हेनरिक क्लासेन का नाम आता है। विराट इस बार 38 छक्के और 62 चौके जड़े हैं। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन ने भी 38 छक्के जड़े है। लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 36 छक्के के साथ तीसरे नंबर पर आते है। रॉयल चैंलेंजर्स बेंगलुरु के रजत पाटीदार, कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नारायण और राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग 33-33 छक्कों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदरबाद के ट्रैविस हेड 32 छक्के लगाकर पांचवें स्थान पर है। वहीं अगर चौकों की बात की जाये तो चेन्नई सुपर किंग्स के ऋतुराज गायकवाड़ 58 चौकों के साथ तीसरे स्थान रहे। चौथे नंबर पर है 54 चौकों के साथ राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जयसवाल है। केकेआर के सुनील नारायण और फिल साल्ट ने 50- 50 चौके जड़े। दोनों संयुक्त रूप से पांचवें पायदान पर हैं।

## सऊदी प्रो लीग में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने बनाया सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड

**रियाद।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग फुटबॉल सत्र का अंत सर्वाधिक गोल के रिकॉर्ड के साथ किया। अल नासर की अल इतिहाद पर 4-2 की जीत के दौरान रोनाल्डो ने विजेता टीम की ओर से दो गोल दागे। इसके साथ ही लीग में उनके गोलों की संख्या 35 हो गई जो 2019 में बनाए अब्दररजाक हमदल्लाह के पिछले रिकॉर्ड से एक गोल अधिक है। अल नासर की टीम 82 अंक के साथ लीग में दूसरे स्थान पर रही। टीम स्थानीय दावेदार अल हिलाल से 14 अंक पीछे रही जिसने दो हफ्ते से भी अधिक समय शेष रहते चैंपियनशिप जीत ली थी और सोमवार को सत्र का अंत 34 दौर की लीग में अजेय रहते हुए किया। टीम ने अपने अंतिम लीग मैच में अल वेहदा को 2-1 से हराया। अल हिलाल की टीम नेमार की गैरमौजूदगी में भी विरोधी टीमों पर आसानी से दबदबा बनाने में सफल रही। नेमार पिछले साल अगस्त में पेरिस सेंट जर्मेन को छोड़कर इस टीम से जुड़े थे लेकिन अक्टूबर में एसीएल की चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए।

### वेतन न मिलने पर तीन महिला खिलाड़ियों ने छोड़ी अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेन्टीना की तीन महिला खिलाड़ियों ने दो अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैचों से पहले शिविर में वेतन और परिस्थितियों को लेकर विवाद के बाद राष्ट्रीय टीम छोड़ दी। राष्ट्रीय टीम में नियमित तौर पर खेलने वाली गोलकीपर लॉरिना ओलिविरोस, डिफेंडर जूलिएटा क्रूज और मिडफील्डर लोरेना बेनिटेज ने अपने कदम की घोषणा की जबकि टीम ने शुक्रवार और तीन जून को कोस्टा रिका के खिलाफ मैत्री मैचों के लिए तैयारी शुरू कर दी है। क्रूज ने इंस्टाग्राम पर लिखा हम एक ऐसे बिंदू पर पहुंच गए हैं जहां हम अन्याय से थक गए हैं, हमें महत्व नहीं दिया जा रहा, हमारी बात नहीं सुनी जा रही और इससे भी बदतर, अपमानित किया जा रहा है। हमें अर्जेंटीना की महिला फुटबॉल राष्ट्रीय टीम में सुधार की जरूरत है और मैं केवल वित्त के बारे में बात नहीं कर रही। मैं ट्रेनिंग, दोपहर के भोजन, नाश्ते के बारे में बोल रही हूं। क्रूज और बेनिटेज ने कहा कि राष्ट्रीय टीम के ट्रेनिंग सत्र के दौरान उन्हें हैम (एक प्रकार का मांस), पनीर सैंडविच और केला मिला जो उनका मानना है कि उच्च प्रदर्शन वाले खिलाड़ियों के लिए अपर्याप्त है। अर्जेंटीना के फुटबॉल संघ ने उन्हें बताया कि उन्हें दो मैत्री मैचों के लिए भुगतान भी नहीं किया जाएगा क्योंकि खेल ब्यूनस आयर्स में घरेलू मैदान पर होंगे। बेनिटेज ने कहा कि खिलाड़ियों को भुगतान ना करने के अलावा उनके परिवार के सदस्यों से टिकटों के लिए 5,000 पेसो (पांच डॉलर) का शुल्क लिया जा रहा था और ऐसी लाखों चीजें हैं जिनसे हम गुजरे हैं।



## खेल डायरी

### भारत ने जीता द. एशियाई टेटे चैंपियनशिप का खिताब

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-19 लड़कियों की टीम और अंडर-15 लड़कों की टीम ने श्रीलंका की टीम को हराते हुए दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अपने खिताब का बचाव किया। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने बताया कि अंडर-19 लड़कियों की टीम ने मेजबान श्रीलंका को 3-0 से हराकर दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले में नेपाल की टीम को 3-0 से हराया था। श्रीलंका के कैंडी में कल रात खेले गये मुकाबले में भारत की सयाली वानी ने श्रीलंका की बिमांडी बंडारा को, प्रिथा वर्तिकार ने तमादी कविंड्या को और तनीषा कोटेचा ने दिव्या धरणी को हराकर खिताब जीता। वहीं अंडर-15 वर्ग के फाइनल में भी भारत की दिव्यांशी बोमिक ने श्रीलंका की योशिनी जयवर्धने को हराया, इसके बाद सिंड्रेला दास ने शान्या मुथुली को हराया। अंडर-15 लड़कों के फाइनल में भारत के सार्थक आर्य ने अपने दोनों एकल मुकाबलों में जीत दर्ज की।

### निशांत ने ओटगोंबाटार को दो मिनट में हराया

**बैंकॉक।** भारत के निशांत देव ने मंगोलिया के ओटगोंबाटार बियाम्बा अर्डेनेटो को महज दो मिनट में हराकर दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में 71 किलो के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि अबिनाश जामवाल हारकर बाहर हो गए। पिछले क्वालीफायर में मामूली अंतर से ओलंपिक कोटे से चूके देव ने पहले ही मिनट में अपने प्रतिद्वंद्वी पर घूंसों की बौछार कर दी। पहले दौर में 58 सेकेंड का खेल बाकी रहने पर ही रैफरी ने मुकाबला रोक दिया। इससे पहले जामवाल को 63 .5 किलो के मुकाबले में कोलंबिया के जोस मैनुअल वियाफारा फोरी ने हराया। जामवाल ने तीसरे और आखिरी दौर में शानदार प्रदर्शन करके अंकों के आधार पर बराबरी कर ली थी। नियमों के तहत इसके बाद जजों से प्रदर्शन के फिर आकलन के लिये कहा गया। सभी ने फोरी के पक्ष में वोट किया जो 5-0 से जीत गया।

### नॉर्वे शतरंज में प्रज्ञानानंदा ने अलीरेजा को दी मात

**स्टेवेंगर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने मंगलवार को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में आर्मागेडोन (सडन डेथ) बाजी में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। सामान्य टाइम कंट्रोल में आसान ड्रॉ के बाद प्रज्ञानानंदा को सफेद मोहरों से खेलते हुए 10 मिनट मिले जबकि अलीरेजा को सात लेकिन शर्त यह थी कि उन्हें जीत दर्ज करनी थी क्योंकि ड्रॉ होने पर काले मोहरों से खेलने वाले को अतिरिक्त अंक मिलते। प्रज्ञानानंदा ने इसके बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने गत विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से क्लासिकल बाजी 14 चाल में ड्रॉ खेलने के बाद 68 चाल में आर्मागेडोन बाजी ड्रॉ करके पलड़ा भारी रखा। हिकारू नाकामूरा ने आर्मागेडोन बाजी में हमवतन अमेरि की फाबियानो करूआना को हराया।

### कोच पर बंदूक से छेड़छाड़ करने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कोच पर कुछ निशानेबाजों के अभिभावकों ने उनकी राइफलों के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है जिसका राष्ट्रीय महासंघ ने खंडन किया है। कथित तौर पर प्रभावित एक निशानेबाज के अभिभावक ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि कोच ने उनके बेटे की राइफल से छेड़छाड़ कर दी थी जिसके कारण उन्हें नए उपकरण खरीदने पड़े। उन्होंने हालांकि कोच की पहचान बताने से भी इंकार कर दिया। इस निशानेबाज के पिता ने कहा कोच ने मेरे बेटे की बंदूक को खराब कर दिया, इस कारण हमें नई बंदूक खरीदनी पड़ी। विश्व कप से एक दिन पहले निशानेबाज की अनुमति के बिना कोच बंदूक में इस तरह के बदलाव कैसे कर सकता है। यह पिछले साल भोपाल में आईएसएसएफ विश्व कप के दौरान हुआ था। यह कोच जब भी टीम के साथ विदेश जाता है तब ऐसा होता है। कोच का तर्क होता है कि आपको प्रयोग करने की जरूरत है लेकिन विश्व कप से एक दिन पहले आप किस तरह के प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई निशानेबाज इस संबंध में एनआरएआई को भी सूचित कर चुके हैं। एनआरएआई के महासचिव राजीव भाटिया ने हालांकि इन आरोपों का खंडन किया और कहा कि उन्हें इस तरह की किसी घटना का पता नहीं है।

## बॉलीवुड हलचल

### अमेजन पर आएगी अनन्या की वेब सीरीज कॉल मी बे

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडेय की वेब सीरीज कॉल मी बे ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो पर 6 सितंबर को रिलीज होगी। अनन्या अपना वेब सीरीज डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अनन्या कॉल मी बे सीरीज में दिखाई देने वाली हैं, जिसकी अनाउंसमेंट बीते साल हुई थी। धर्माटिक प्रोडक्शन ने एक पोस्टर शेयर कर इस सीरीज को लेकर अपडेट दिया है। धर्माटिक प्रोडक्शन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कॉल मी बे का एक पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा गया है कि हम अपने खास को, हर किसी का खास बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं। करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा द्वारा निर्मित और कॉलिन डी कुन्हा द्वारा निर्देशित ''कॉल मी बे'' धर्माटिक एंटरटेनमेंट का प्रोडक्शन है। यह सीरीज इसी साल 6 सितंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजॉन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। अनन्या पांडे के अलावा इस सीरीज में वीर दास, गुरफतेह परिजादा, वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी समेत कई स्टार्स दिखाई देने वाले हैं।



### 14 जून को ओटीटी पर रिलीज होगी महाराज

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान के पुत्र जुनैद खान की डेब्यू फिल्म महाराज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 14 जून को रिलीज हो सकती है। आमिर खान के लाडले जुनैद खान फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह फिल्म महाराज में दिखाई देने वाले हैं। जुनैद ने बीते साल ही वाईआरएफ की फिल्म महाराज की शूटिंग पूरी कर ली थी। कहा जा रहा है कि यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। जुनैद खान की डेब्यू फिल्म का ट्रेलर अगले महीने 5 जून को रिलीज हो सकता है। इस फिल्म में जुनैद खान के साथ जयदीप अहलावत, शरवरी वाघ और शालिनी पांडे भी मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाली हैं। महाराज सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 14 जून, 2024 को रिलीज हो सकती है।

## सिंगापुर ओपन के राउंड ऑफ 32 में हारे सात्विक-चिराग

कल्लांग, एजेंसी

भारत स्टार और दुनिया की नंबर वन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी को मंगलवार को सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2024 बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के नंबर वन बैडमिंटन जोड़ी चिराग और सात्विक, डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड की 34वीं रैंकिंग वाली डेनमार्क जोडी से 47 मिनट चले मुकाबले में 20-22, 18-21 से हार गई।

फ्रेंच और थाईलैंड ओपन जीतने के बाद साल के अपने तीसरे खिताब की तलाश में उतरे चिराग-सात्विक ने धीमी शुरुआत की और 4-9 से पिछड़ गए। हालांकि, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने इसके बाद कुछ अंक ज़रूर जुटाए लेकिन करीबी गेम में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दूसरे गेम में भी दोनों टीमें एक समय 16-16 की बराबरी पर थीं, लेकिन अंत में लुंडगार्ड और वेस्टरगार्ड ने मैच को जीत कर अगले राउंड में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।

दूसरे दौर में डेनमार्क के खिलाड़ियों का मुकाबला चीन के हे जी टिंग और रेन जियांग यू से होगा। वहीं महिला एकल वर्ग में भारतीय शटलर आकर्षी कश्यप को राउंड ऑफ 32 में निराशा हाथ लगी। विश्व रैंकिंग की 41 नंबर की भारतीय खिलाड़ी को थाईलैंड की पोर्नपिचा चोईकीवोंग से 19-21, 20-21 से हार हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा पुरुष एकल में प्रियांशु राजावत भी प्रतियोगिता के अगले राउंड में जगह नहीं बना सके। भारतीय शटलर को हांगकांग के ली चेऊक यू से शिकस्त मिली। वहीं, पीवी सिंधु, किदांबी श्रीकांत, लक्ष्य सेन और एचएस प्रणॉय बुधवार से अपना अभियान शुरू करेंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### युवक को सांप ने काटा

**रसूलाबाद।** मंगलवार को दानी निवादा गाँव में बकरी के निकट बैठे सर्प को भगाने में संदीप के सांप ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉ ब्रजेश ने उसका इलाज किया।

### बिजली के खंभे से टकराई बाइक, युवक गंभीर

**राजपुर।** सटटी गांव के समीप तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर विद्युत खंभे से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राजपुर थाना क्षेत्र के कमलपुर गांव निवासी मोहित कुमार (21) मंगलवार को बाइक से कथरी गांव जा रहा था। तभी सट्टी गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में मोहित के सिर में गंभीर चोट आने से वह बेहोश हो गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने घायल को राजपुर पीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉ. शिवकुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सटटी थानाध्यक्ष शिवशंकर ने बताया कि सिर में गंभीर चोटे होने से युवक की हालत गंभीर है। घायल के परिजनों को सूचना दी गई है।

### युवक चार दिन से लापता गुमशुदगी दर्ज

**रूरा।** थाना के अपौना गांव निवासी एक युवक बीते शुक्रवार से कही लापता हो गया है। जिसकी गुमशुदगी उसके भाई ने थाने में दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के अपौना गांव निवासी भानुप्रताप ने बताया कि बीते शुक्रवार को उसका भाई हंसराज निजी काम से घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस न आया। जिसकी खोजबीन के बाद कोई पता नहीं चला है। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर युवक की तलाश की जा रही है।

### पर्यावरण दिवस पर रेलवे की ओर से प्रतियोगिता

**रूरा।** स्टेशन रूरा के कर्मचारी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पर्यावरण संरक्षण विषय पर सुलेख एवं वाल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करेंगे। जिसमे आसपास क्षेत्र के विद्यालयों से 18 वर्ष तक के विद्यार्थी भाग लेंगे। स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार व स्टेशन मास्टर ज्ञानेंद्र पांडेय के निर्देशन में वॉल पेंटिंग एवं पर्यावरण के विषय पर सुलेख की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। स्टेशन मास्टर ने बताया कि बुधवार तक विद्यार्थी अपना पंजीकरण करा सकते है। प्रत्येक विद्यालय से सिर्फ पांच विद्यार्थी चिन्हित किए जाएंगे। वही प्रतियगिता में विजयी होने पर विद्यार्थियों को आकर्षक उपहार दिए जाएंगे।

# पारा 45 डिग्री के पार, लू के थपेड़ों ने किया बेहाल

## सड़क और बाजार में दिन भर पसरा रहा सन्नाटा, गर्मी से राहत के लिए नहर में नहाते दिखे बच्चे

कार्यालय संवाददाता कानुपर देहात

**अमृत विचार।** गर्मी का मौसम अपने तल्ख तेवर दिखा रहा है। मंगलवार दोपहर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। दहकते सूरज की तपन से लोगों के साथ पशु-पक्षी भी बेहाल रहे। जरूरी काम से घरों से निकले लोग छतरी लगाने व सिर तथा चेहरा ढक कर निकलने को मजबूर रहे। गर्मी से बेहाल राहगीर छाया देख वाहन को रोक कर पसीना सूखाते नजर आए। जिले में तेज धूप के साथ तापमान में लगातार ईजाफा हो रहा है। सोमवार रात में सामान्य से करीब 4.5 डिग्री सेल्सियस के ऊपर रहा। इससे बढ़ी गर्मी से लोग पसीने से तर बतर रहे।

मंगलवार को सुबह से ही गर्मी अपना असर दिखाने लगी। सूरज निकलने के साथ ही तपन बढ़ती गई। जरूरी काम से घरों से निकले लोग तेज धूप से बचने के लिए छतरी का सहारा लेने के साथ से अंगौछा दुपट्टे से चेहरा ढके रहे। मौसम के मिजाज के बाबत सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. सुनील पाण्डेय ने बताया कि अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं हैं। दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं ।



स्टेशन पर नल में पानी पीते बच्चे। अमृत विचार

### लू ने भी खूब सताया

**राजपुर।** मंगलवार को गर्मी का कहर इस कदर टूटा कि लोग बेहाल हो गए। चिलचिलाती धूप से एक पल के लिए भी चैन नहीं मिला। पंखे, कूलर फेल हो गए, एसी ने भी दगा दे दिया। भीषण गर्मी से घर के कमरे भट्ठी जैसे गर्म रहे तो बाहर आग की लपटों सरीखी लू शरीर को झुलसाती रही। गर्मी के कारण छोटे बच्चे बहुत परेशान रहे। इस समय इनको लू लगने का खतरा सबसे अधिक हो गया है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 31 डिग्री रहा। जिला आपदा विशेषज्ञ अश्वनी वर्मा ने बताया कि जिले में हीटवेव का अलर्ट जारी है।



राजपुर में मुंह ढककर निकलते राहगीर।



रनियां में खराब पड़ा वॉटर कूलर।

### फुल आस्तीन के कपड़े पहनने की सलाह

गर्मी के भीषण तपन को देखते हुए पीएचसी प्रभारी सिद्धार्थ पाठक ने लोगों को बताया कि जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकले। बराबर पानी पीते रहे, सर को अंगोछा या टोपी से ढक कर रखे फुल आस्तीन के कपड़े पहने।

### गर्मी से बुजुर्ग की मौत

रसूलाबाद में एक अधेड शख्स की मौत हो गई। मंगलवार को उसरी निवासी श्यामसुंदर (50) घर के बाहर बैठे थे । तभी उनके सीने में अचानक दर्द होने लगा उनका भतीजा राहुल उनको लेकर सीएचसी आया जहां डॉ ब्रजेश कुमार ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है गर्मी से उनकी मौत हुई।

## गर्म पानी दे रहा वाटर कूलर

**रनियां।** लोगो को शुद्ध और ठंडे पानी की आपूर्ति के लिये नगर पंचायत ने किशरवल स्थित पातालेश्वर मंदिर परिसर शेरपुर संपर्क मार्ग में,रनिया सरवनखेड़ा मुख्य मार्गं, बाजार व थाना परिसर में वाटर कूलर लगाए गए थे। जिसमे अधिकांश वाटर कूलर खराब हो गए हैं। इनसे पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। ऐसे में बाजार आने वाले राहगीर पीने के ठंडे पानी के लिए अपनी प्यास बुझाने के लिए परेशान होना पड़ता हैं।

नगर पंचायत क्षेत्र में कई स्थानों पर वाटर कूलर लगे हुए हैं। इनमें से अधिकांश वाटर कूलर खराब हैं। कुछ वाटर कूलर चालू हैं,। लेकिन उनमें से ठंडे पानी की जगह सादा पानी की ही आपूर्ति हो रही है। मुख्य मार्गो पर लगाए गए वाटर कूलर का उद्देश्य था। कि गर्मी में राहगीरों को राहत देंगे परंतु लोगों का आरोप है कि लंबे समय से खराब चल रहे वाटर कूलरों को शिकायत के बाद भी सही नहीं कराया गया है।



अन्नू द्विवेदी।

## गश खाकर गिरे सीआरपीएफ जवान की मौत

**रूरा।** कस्बे के राम नगर मोहल्ले के रहने वाले आनंद उर्फ अन्नू द्विवेदी सीपीआरएफ की 10वीं बटालियन में गुवाहटी में तैनात थे। 22 तारीख को नहाने के दौरान अचानक गश खाकर गिर पड़े थे। उनको उपचार के लिए गुवाहाटी में ही अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां मंगलवार को उनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। सूचना पर पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई अमित और पिता ओम प्रकाश और मां हंशमुखी का रो रोकर बुरा हाल हो गया। वही बुधवार को पार्थिव शरीर रूरा लाया जाएगा जहां सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जायेगा।

# टंकी का निर्माण पूरा नहीं हो सका कागजात में बनी दिखा दी गई

संवाददाता रूरा

- टंकी निर्माण न होने से ग्रामीणों में नाराजगी

**अमृत विचार।** क्षेत्र के भिखनापुर गांव में बन रही पानी टंकी सिर्फ कागजों पर बनाई जा चुकी है। जबकि हकीकत यह है कि दो साल बीतने के बाद भी टंकी का निर्माण पूर्ण नही हो सका है। इसको लेकर ग्रामीणो में रोष व्याप्त है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही हर घर नल योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में पानी टंकी का निर्माण होना था। ज्यादातर ग्राम पंचायतों में पानी टंकी सिर्फ कागजों पर पूर्ण दिख रही है। यही स्थिति अकबरपुर ब्लॉक के भिखनापुर ग्राम पंचायत में देखने को मिल रही। ग्राम पंचायत में करीब 2.85 करोड़ की लागत से 200 किलो लीटर की क्षमता की पानी टंकी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, लेकिन ये निर्माण सिर्फ कागजों पर पूर्ण दिख रहा है। इस भीषण गर्मी में ग्रामीण पानी की किल्लत कैसे झेल रहे है इसको बयां नही किया जा सकता है। ग्रामीण मूलचंद्र, राजेश, कृपाशंकर, मोनू, धुरव आदि का कहना है। टंकी निर्माण कार्य जब शुरू हुआ था तो भिखनापुर, बैजूपुरवा, कुरियनपुरवा गांवों के लोगों को बहुत खुशी हुई थी। दो वर्ष पूर्ण होने के बावजूद भी टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण न हो सका है। जिससे अब ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। जबकि तीनों गांवो में की करीब छह हजार की आबादी है। जिसमें जल विभाग द्वारा करीब डेढ़ हजार लोगो को कनेक्शन मुहैया कराए गए है। हालांकि घर-घर में लगी टोटियां सिर्फ दिखावा बन कर रह गई। बीडीओ ने बताया कि ठेकेदार को टंकी का निर्माण जल्द कराने के लिए कहा गया है।



निर्माणाधीन खड़ी पानी टंकी।

# एनडीपीएस में दोषी को एक साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- आरोपी ने अदालत में अपना अपराध स्वीकार कर लिया था

**अमृत विचार।** घाटमपुर क्षेत्र में करीब बारह साल पहले अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किए गए शातिर ने अदालत के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इस पर अदालत ने एक साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता संतोष कुमार कटियार ने बताया कि वर्ष 2012 में घाटमपुर क्षेत्र के गांव वरनार निवासी कड़ोरी सिंह को पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ चरस के साथ गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। मामले की विवेचना कर उसके खिलाफ आरोपपत्र अदालत में पेश किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज पंचम पूनम सिंह की अदालत में चल रही थी।

आरोपी की ओर से मामले की सुनवाई दौरान अपने अपराध को स्वीकार करने का प्रार्थनापत्र अदालत में पेश किया गया था। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने मंगलवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाया। कोर्ट ने आरोपी को एक साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दस हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है अर्थदंड अदा न करने पर एक माह के अतरिक्त कारावास के आदेश दिए हैं।

## सार-संक्षेप



बच्चों को पुरस्कार देते संस्थान के पदाधिकारी। अमृत विचार

### ग्राम मुर्रा में व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन

**डेरापुर।** तहसील क्षेत्र के मुर्रा गांव में सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना द्वारा चल रहे दस दिवसीय ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन मंगलवार को हुआ मुख्य अतिथि के रूप में डा. राजवर्धन सिंह गौर एव पूर्व प्रधान प्रताप सिंह ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में बच्चों ने जो सीखा उसका प्रदर्शन किया। समापन में बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत, डांस, योग, पीटी, कराटे आदि का प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम का संचालन कर रहे फाउंडेशन के फील्ड कमांडर गोपाल ने बताया कि आज के बच्चे ही कल का भारत है। इस शिविर के माध्यम से बच्चे सीख कर अपने व्यक्तित्व को निखार कर अच्चे चरित्र को अपने जीवन में धारण करेंगे।



रोड के किनारे पड़ी बजरी। अमृत विचार

### रोड पर पड़ी निर्माण सामग्री की धूल खा रहे दुकानदार

**रूरा।** कस्बे में बनाए जा रहे ओवरब्रिज के एप्रोच मार्ग के लिए पंथामाई मंदिर के पास मुख्य मार्ग में मैटीरियल जमा कर दिया गया है। जिससे एक तरफ से वाहन निकल रहे। कई बार बाइक सवार पड़ी बजरी में फिसल कर चुटहिल भी हो गए है,लेकिन जिम्मेदारों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया है। रोड पर पड़ी निर्माण सामग्री से धूल के गुबार उठते है। यह निर्माण सामग्री पूरी तरह सड़क पर बिखर गई है। सड़क पर वाहन निकलने के दौरान और अत्यधिक धूल उड़ने लगती है। जिससे पैदल चलने वाले लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही पास के दुकानदार पूरे दिन धूल खा रहे है। निर्माणदायी संस्था के शिकायत के बाद जिम्मेदारों इस पर ध्यान नहीं दिया है। इस बाबत सेतु निगम के सहायक अभियंता ने कहा जल्द ही जमा निर्माण सामग्री को हटाया जाएगा।



ईंधन से लगी आग। अमृत विचार

### ईंधन में आग लगने से भैंस झुलसी

**रूरा।** थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव के मजरा जसू में गांव के किनारे ग्राम सभा की जमीन में रखे ग्रामीणों के ईंधन में आग लगने से पास में बंधी भैंस झुलस गई। गांव के आकाश ने बताया मंगलवार दोपहर गांव के बाहर पड़ी जमीन जहां ग्रामीण अपने जानवर बांधते है। वहीं शुक्रवार को दोपहर वहां रखे ईंधन में आग लग गई। आग ने आस पास खड़े पेड़ों और रखे हुए करीब आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों के ईंधन को अपनी चपेट में ले लिया। पास में गांव के झल्लर की भैंस बंधी थी जो आग को चपेट में आकर झुलस गई। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पाया।

### अवर अभियंता के साथ मारपीट में तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**रनियां।** औद्योगिक क्षेत्र रनियां के गंगाप्रसाद पुरवा सबस्टेशन में तैनात अवर अभियंता को ठेकेदार ने अपने पुत्र और ड्राइवर के साथ मिलकर खानचंद्रपुर चौराहे पर मारपीट कर जान से मारने की दी। अवर अभियंता ने तीनों के खिलाफ रनियां थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। अवर अभियंता अविनाश कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार शाम ओम नारायण चतुर्वेदी इंटर प्राइजेज के मालिक रविन्द्र नारायण चतुर्वेदी के साथ अखिलेश सिंह ड्राइवर, लड़के बिट्टू और कौशल के साथ आकर खानचंद्रपुर चैराहे पर लाठी डंडे और बेल्ट लेकर आए। उन सभी ने मुझे और दिलीप कुमार को मारापीटा। इस संबध एसओ महेंद्र पटेल ने बताया कि जेई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है

### दुष्कर्म के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**पुखरांया।** भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। भोगनीपुर कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि रनियां गांव निवासी प्रकाश मिश्रा उर्फ तनु के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में भोगनीपुर कोतवाली में मामला दर्ज था। मंगलवार को वह कहीं भागने की फिराक में बढ़ौली मोड़ के समीप खड़ा था। सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# संदिग्ध हालात में फांसी लगा कर युवक ने की आत्महत्या



रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

संवाददाता संदलपुर

**अमृत विचार।** डेरापुर थाना क्षेत्र के जरौली गांव में मंगलवार को एक युवक ने संदिग्ध हालात में फंदा लगाकर जान दे दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने प्राथमिक छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



सौरभ कटियार।

डेरापुर थाना क्षेत्र के जरौली गांव में सौरभ कटियार (28) ने रस्सी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। पिता राम लखन कटियार ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की है। आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका। मां ममता कटियार व परिजनो का रो-रो कर बुरा हाल है।

# अजय बने व्यापार मंडल के अध्यक्ष

संवाददाता सिकंदरा

**अमृत विचार।** मंगलवार को सिकंदरा कस्बे में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के तीन पदो पर चुनाव संपन्न हुआ जिसमें तीन लोगो को निर्वविरोध निर्वाचित किया गया। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के लिए मंगलवार को चुनाव हुआ तीन पदों के लिए दो दावेदारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। शाम नाम वापसी का समय था जिसमें एक पर्चा वापस हो गया। जिससे तीनों पदों पर निर्विरोध निर्वाचन किया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नीरज मिश्रा ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशियों में अजय बाजपेई, और कमल कटियार थे। वही कमल कटियार के नाम वापस लेने पर एकमात्र प्रत्याशी अजय बाजपेई का अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन किया गया। वही कोषाध्यक्ष पद पर वैभव चैरसिया, एवं महामंत्री पद पर ऋषभ गुप्ता कन्हैया का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। बाकी बचे हुए उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के सभी पदों को मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त 35 व्यापारियों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा व्यापारी भाइयों के लिए चाहे जितना संघर्ष हो हम करने के लिए तैयार हैं। इस दौरान समाजसेवी परवेज आलम, असलम राईन, अर्पित मिश्रा व संगठन के तमाम लोग मौजूद रहे।



हाथ उठाकर खुशी जाहिर करते व्यापार मंडल के सदस्य । अमृत विचार

## दो पक्षों में हुआ झगड़ा, दोनों तरफ से रिपोर्ट दर्ज

**पुखरांया।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के उमारिया गांव निवासी दो पक्ष आपस मे लड़ गए। जिसके बाद दोनों पक्षों के द्वारा कोतवाली में एक दूसरे के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज कराया गया। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के उमारिया गांव निवासी समीर ने भोगनीपुर कोतवाली पुलिस को बताया कि वह पुखरायां जा रहा था। तभी गांव के रासुल, नूरहसन, सलिम, आकिब, इमरान आ गए और गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। पुलिस ने समीर की तहरीर पर उक्त लोगों के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष के अजनान ने कोतवाली पुलिस को बताया कि गांव के ही अकरम, शहदू, चंदू, मुन्नेबाबू ने उसके साथ गालीगलौज करते हुये मारपीट कर दी।

परिषदीय विद्यालय | छात्रों के विकास के लिए शासन की ओर से निपुण भारत मिशन व अन्य प्रोग्राम चल रहे

# शिक्षकों को हर माह पूरा कराना होगा कोर्स

कार्यालय संवाददाता

**कानपुर देहात।** परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अब पाठ्यक्रम हर महीने निर्धारित कर उसी महीने में पूरा कराया जाएगा। कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं का चार बार मूल्यांकन होगा। जिसमें अर्द्धवार्षिक व वार्षिक परीक्षा भी शामिल रहेगी। जिले में 1925 परिषदीय व कंपोजिट विद्यालय संचालित हैं। इनमें करीब 1. 40 लाख छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। इन छात्रों के विकास के लिए शासन तमाम प्रयास कर रहा है। निपुण भारत मिशन के साथ अन्य प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं।

इस शैक्षिक सत्र में बेसिक शिक्षा विभाग ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की तरह शैक्षिक कैलेंडर जारी किया है। छात्रों के पठन-पाठन के साथ अन्य गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। अब परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक हर महीने पाठ्यक्रम को बांटकर निर्धारित करेंगे। इसी अनुसार पढ़ाई कराते हुए पाठ्यक्रम उक्त महीने में ही पूरा किया जाएगा।

**हर तीन महीने में मूल्यांकनः** छात्र-छात्राओं का शैक्षिक सत्र में चार बार मूल्यांकन किया जाएगा। जिससे उनके शैक्षिक स्तर का पता चले। विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह मूल्यांकन हर तीन माह में होगा। अगस्त व दिसंबर में सत्रीय परीक्षा होगी। जबकि अक्तूबर में अर्द्धवार्षिक व मार्च में वार्षिक परीक्षा कराई जाएगी।




**1925** परिषदीय व कंपोजिट विद्यालय जिले में चल रहे

**1.40** लाख से अधिक छात्र-छात्राएं इन विद्यालयों में पंजीकृत हैं

> शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार विद्यालयों में पढ़ाई लिखाई के साथ अन्य गतिविधियां कराए जाने के निर्देश सभी प्रधानाध्यापकों व इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को दे दिए हैं।
>
> **रिद्धी पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**

# बदहाल हो गए क्षेत्र के कई अंत्येष्टि स्थल

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अंतिम संस्कार के लिए दूर के घाटों तक न जाना पड़े। साथ ही नदियों में शव प्रवाहित करने से रोकने के के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर बनवाए गये अंत्येष्टि स्थल बदहाल हो चुके हैं। जिम्मेदार अफसरों के इस ओर ध्यान न देने से लोगों में बड़ी नाराजगी है।

राजपुर ब्लॉक क्षेत्र के दयानतपुर गांव में वर्ष 2021 में 24 लाख की लागत से बनवाया गया अंत्येष्टि स्थल बदहाली पर आंसू बहा रहा है। शौचालय की टोटियां गायब है। इसके अलावा वहां लगाया गया हैंडपंप टूटा पडा है। हैंडपंप की मशीनरी गांव के लोग निकाल ले गये। इसके अलावा बीहड़ पट्टी के यमुना नदी किनारे अमराहट गांव के अंत्येष्टि स्थल पर ताला पडा है। गांव के लोग अंत्येष्टि स्थल से कुछ मीटर दूरी पर यमुना नदी में शव का अंतिम संस्कार करते हैं। कमावेश यही हाल सिल्हौला बुजुर्ग गांव के अंत्येष्टि स्थल का है। यहां ग्रामीणों ने फसल के अवशेष रखकर कब्जा कर रखा है। बाउंड्रीवॉल जर्जर हो गई है। स्थल के आसपास झाडियां उसके संचालन की पोल खोल रही है। राजपुर बीडीओ हरगोबिंद गुप्ता ने बताया कि अंत्येष्टि स्थलों की सभी व्यवस्था दुरुस्त कराई जायेगी।



बदहाल पड़ा अंतोष्टि स्थल।

## एक नजर

### रावतपुर में हादसे में घायल अधेड़ की मौत

**कानपुर।** रावतपुर थानाक्षेत्र में मसवानपुर इलाके में 55 वर्षीय नरेश सिंह गत्ता फैक्ट्री के सामने हादसे का शिकार हो गए थे। पुलिस ने घायल को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### घर पर मृत पड़ा मिला सेवानिवृत्त ऑपरेटर

**कानपुर।** सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र के स्वर्णजयंती विहार निवासी 65 वर्षीय श्यामलाल जलसंस्थान में ऑपरेटर पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी बहनें गुड्डी और निर्मला ने बताया कि वह मंगलवार को कमरे से बाहर नहीं आए। किसी तरह दरवाजा खोला गया तो वह बिस्तर पर मृत मिले। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दालमिल में युवक की मौत

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र में स्थित दालमिल में साढ़ के ग्राम गूजा निवासी 33 वर्षीय विनोद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। साले जितेंद्र व अन्य परिजनों ने आरोप लगाया कि हालत बिगड़ी तो फैक्ट्री कर्मचारी उसे लेकर जूही के एक प्राइवेट हॉस्पिटल पहुंचे और बाहर छोड़कर भाग गए।

# सीएसजेएमयू से छात्रों को घर बैठे ज्ञान और कौशल विकास का मौका

## ऑनलाइन पाठ्यक्रम संचालित करेगा विश्वविद्यालय, बैठक में बनी सहमति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएसजेएमयू में विद्या परिषद की बैठक हुई

**अमृत विचार।** छात्रों को अब घर बैठे ही ज्ञान और कौशल विकास का अवसर मिलेगा। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में हुई विद्या परिषद की बैठक में ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के संचालन पर फैसला ले लिया गया है।

मंगलवार को सीएसजेएमयू में कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक के नेतृत्व में विद्या परिषद की बैठक आयोजित हुई। जिसमें अन्य मुद्दों के साथ-साथ ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के संचालन पर सहमति बनी। विश्वविद्यालय में स्थापित द्रोणाचार्य, सेंटर फॉर ऑनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन द्वारा दूरस्थ एवं ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के संचालन के माध्यम से विद्यार्थियों को घर बैठे ज्ञान और कौशल के विकास के अवसर प्राप्त होंगे। घर बैठे ही विद्यार्थी ऑनलाइन लर्निंग मैटेरियल का लाभ भी उठा सकेंगे जो आने वाले समय में पंजीकृत विद्यार्थियों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। हाल ही में विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को क्वेश्चन बैंक उपलब्ध कराया गया। जिसका लाभ विद्यार्थी उठा रहे हैं। इस प्रकार घर बैठे शिक्षा व्यवस्था की विश्वविद्यालय की यह नई पहल है।


विद्या परिषद की बैठक में बोलते कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक।

### दिया जाएगा पुरस्कार

विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग में शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले दो विद्यार्थियों को डॉक्टर विश्वनाथ सेठ पुरस्कार दिए जाने को विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में प्रति कुलपति प्रोफेसर सुधीर कुमार अवस्थी, कुल सचिव डॉ अनिल यादव, डॉ वृष्टि मित्रा, डॉ अनुराधा कलानी, प्रो राजेश कुमार द्विवेदी, प्रो संदीप सिंह, सीओई राकेश कुमार, एफओ अशोक कुमार त्रिपाठी, एसोसिएट डीन डॉ अंशू सिंह, डॉ रत्नार्थु मिश्र, डॉ अखिलेन्द्र, समरेंद्र सिंह समेत विभिन्न विषयों के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

### यह भी हुए फैसले

विश्वविद्यालय का स्कूल आफ लैंग्वेज और एजुकेशन डिपार्टमेंट बीए के नए प्रोग्राम्स भी विद्यार्थियों को आगामी सत्र से उपलब्ध कराएगा। अन्य विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी अब मध्य-सत्र से विश्वविद्यालय में अध्ययन की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों में समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप आवश्यक संशोधन भी किए गए।


व्यापारियों ने बाजार की मुख्य सड़क पर बैठकर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। अमृत विचार

# व्यापारियों ने पढ़ी हनुमान चालीसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कलक्टरगंज में कामर्शियल कॉम्प्लेक्स के निर्माण के खिलाफ जताया गुस्सा

**अमृत विचार।** कलक्टरगंज गल्ला मंडी में प्रस्तावित कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के निर्माण का विरोध थम नहीं रहा है। ज्येष्ठ के पहले मंगल के पहले दिन सैकड़ों व्यापारियों ने बाजार की मुख्य सड़क पर बैठकर सामूहिक रूप से 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। व्यापारियों ने विरोध स्वरूप तय किया कि कलक्टरगंज बाजार को बचाने के लिए इस माह के बाकी तीनों मंगल को कलक्टरगंज के व्यापारी अपनी दुकानों में हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र, महानगर युवा अध्यक्ष व कलक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष आशीष मिश्र, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में महानगर वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता सलोने ने मंगलवार को कलक्टरगंज बाजार में हनुमान मंदिर के बाहर प्रदर्शन किया। चालीसा पाठ के बाद प्रसाद वितरण भी किया गया। ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि कलक्टरगंज गल्ला मंडी की जगह नजूल की है या नगर निगम की है इसकी जांच किए बिना नगर निगम के अधिकारियों को बाजार में आने पर रोक लगाई जाए। भजन गायक हार्दिक मिश्रा राजेश आहूजा, अनुराग साहू, हर्ष गुप्ता, कुंज बिहारी गुप्ता, विजय यादव, अशोक अग्रहरी, नरेश सचदेवा, विजय गुप्ता पपोली समेत अन्य मौजूद रहे।

# निर्माण कार्य बीच में छोड़कर भागा ठेकेदार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सात करोड़ में हुआ था कोल्ड स्टोरेज बनाने का करार
- 6.49 करोड़ रुपये लेकर काम नहीं किया पूरा, दो पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में कोल्ड स्टोरेज निर्माण का ठेका लेने और पूरा रुपया लेने के बावजूद काम बीच में छोड़कर भाग जाने पर कंपनी की निदेशक ने ठेकेदार व माल सप्लाई करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

स्वरूपनगर निवासिनी इंदू सिंह के अनुसार मथुरा में कोल्ड स्टोरेज बनवाने के लिए उन्होंने कंपनी एक्ट के तहत युवराज सिंह कोल्ड स्टोर प्राइवेट लिमिटेड नाम से फर्म बनाई। जिसके निर्माण के लिए एटा निवासी सुमित कुमार से सात करोड़ रुपये में करार हुआ। सुमित ने बाला जी कंस्ट्रक्शन कंपनी से कार्य कराने के नाम पर 6.49 करोड़ रुपये प्राप्त किए और काम बीच में छोड़कर भाग गया। आरोप है कि सुमित की वजह से कोल्ड स्टोरेज समय से नहीं बन सका। जिससे वह आलू का भंडारण नहीं कर सकीं और करीब डेढ़ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। पीड़िता ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान पीपी जीआई शीट के लिए सुमित ने अपने परिचित संजय शर्मा से संपर्क कराया। जिसका एडवांस 13.31 लाख रुपये कर दिया लेकिन शीट नहीं मिली। जिस पर उन्होंने मैनेजर पिंकू चौधरी को बातचीत के लिए भेजा। आरोप है, कि संजय ने गाली-गलौज कर धमकाया और रुपये हड़पने की बात कही। दोबारा मांगने पर आरोपी ने जान की धमकी दी। स्वरूपनगर इंस्पेक्टर ने बताया दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# पैकेज वन ने पकड़ी रफ्तार, 18 प्रतिशत काम पूरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दो आरओबी, एक फ्लाईओवर का निर्माण कार्य अंतिम पड़ाव पर पहुंचा

**23** किमी लंबा है पैकेज एक

**11** किलोमीटर मिट्टी भराई हो चुकी

**04** अंडरपास का काम पूरा हो चुका

**7800** करोड़ लागत रिंग रोड की

**अमृत विचार।** रिंग रोड में 23.325 किलोमीटर लंबे पैकेज एक में 18 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया, जिनमें एक रेलवे ओवर ब्रिज, तीन अंडर पास का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वहीं चार अंडरपास का काम पूरा हो चुका है। सचेंडी पर फ्लाईओवर का काम प्रगति पर है, साथ ही छह कल्वर्ट का लगभग 75 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही 11 किलोमीटर में प्रतिदिन 12 से 15 हजार क्यूबिक मीटर मिट्टी का काम किया जा रहा है। साथ ही चार किलोमीटर में रूट्स ग्रास का काम कराया जा रहा है।

7800 करोड़ की लागत से कानपुर नगर, देहात, उन्नाव से होकर निकलने वाली 93.20 किलोमीटर लंबी रिंग रोड परियोजना तैयार की जा रही है। रिंग रोड का निर्माण पांच पैकेजों में किया जा रहा है। 23.325 किलोमीटर लंबे मंधना से सचेंडी पैकेज एक का निर्माण 1754 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है। वहीं 1604 करोड़ से पैकेज चार मंधना से रमईपुर का काम किया जाना है। दोनों पैकेजों में काम की जिम्मेदारी राज कंस्ट्रक्शन को दी गई है। पैकेज एक में तीन फ्लाई ओवर, तीन आरओबी, 10 अंडरपास, 18 कल्वर्ट, 10 माइनर ब्रिज व दो मेजर ब्रिज का निर्माण कराया जाना है। एनएचएआई साइट इंजीनियर नीरज कुमार ने बताया कि 10 अंडरपास में चार का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, वहीं तीन अंडरपास का लगभग 70 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया। वहीं तीन फ्लाईओवर में सचेंडी गांव पर लगभग 300 मीटर लंबे फ्लाई ओवर का 40 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही दो मेजर ब्रिज में एक व 10 माइनर ब्रिज में दो पर काम तेजी पर है। वहीं छह स्थानों पर कल्वर्ट का लगभग 75 प्रतिशत काम पूरा कर दिया गया है। 11 किलोमीटर में मिट्टी भराई करा समतलीकरण का काम किया जा रहा है, चार किलोमीटर में रुट्स ग्रास की साफ सफाई का काम कराया जा रहा है।


रिंग रोड के पैकेज वन पर काम तेजी से चल रहा है। अमृत विचार

# धर्म परिवर्तन के प्रयास का आरोपी गया जेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चकेरी थानाक्षेत्र का मामला महोबा निवासी है पीड़ित महिला, दुष्कर्म का भी आरोप

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में महिला का अपहरण कर दुष्कर्म करने और जबरन धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

महोबा निवासिनी महिला के अनुसार उनके पति ज्योतिषाचार्य हैं। करीब पांच साल पहले उनके इलाके का युवक हासिम मोहम्मद अपना नाम बदलकर पति के पास ज्योतिष परामर्श के लिए आने लगा था। आरोपी ने उसका नहाते समय अश्लील वीडियो बना लिया था। फिर आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर संबंध बनाता रहा। आरोपी डरा धमकाकर दो अप्रैल 2022 को उसे तीन बच्चों के साथ श्याम नगर ले आया था। जहां पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव भी बनाने लगा था। मना करने पर उन्हें और बच्चों को बुरी तरह से मारापीटा था।

महिला किसी तरह से बच्चों के साथ आरोपी के चंगुल से छूटकर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के पास बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ पहुंची थी और मामले की शिकायत की थी। जिसके बाद चकेरी पुलिस ने आरोपी हासिम मोहम्मद पर धोखाधड़ी, दुष्कर्म करने, जबरन धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास समेत एक दर्जन धारा में मामला दर्ज किया था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मंगलवार सुबह आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

# बाइक चोरी करने वाले चोरों का गैंग पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सब्जी मंडी, बाजार व कोचिंग मंडी में सक्रिय रहते थे आरोपी
- हनुमंत विहार पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार
- चोरी के वाहन खड़े करने के लिए रनिया में किराये पर लिया था मकान

**अमृत विचार।** भीड़ भाड़ वाले इलाकों में बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गैंग के तीन सदस्यों को हनुमंत विहार पुलिस ने दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की 12 बाइकें बरामद कीं। आरोपी रनिया के जंगल में बाइकों को छिपाते थे। तीनों आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया।

डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने मंगलवार को घटना का खुलासा करते हुए बताया कि हनुमंत विहार थाने में बीते 21 अप्रैल को बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। 27 मई को हनुमंत विहार पुलिस ने वाहन चेकिंग में तीन संदिग्ध युवकों को दबोचा। चेचिस नंबर के आधार पर पुलिस ने जांच की तो उनकी बाइक चोरी की निकली।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम बिधनू, इकडरिया गांव निवासी कुलदीप यादव, मोहन सिंह यादव, रोहित यादव बताया। आरोपियों ने बताया कि सब्जी मंडी, बाजार जैसे इलाकों में खरीदारी करने आने वाले लोगों को अपना निशाना बनाते थे। आरोपी रनिया में किराए का मकान में रहते थे और उसी के पीछे स्थित जंगलों में चोरी की बाइकों को छिपा कर रखते थे। डीसीपी के मुताबिक गैंग का सरगना कुलदीप है, जिसके खिलाफ कानपुर नगर, देहात, हमीरपुर में करीब 18 मुकदमें दर्ज है। आरोपी के खिलाफ कोतवाली थाने से गैंगस्टर एक्ट में भी कार्रवाई हो चुकी है। मोहन व रोहित के खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में नौ-नौ मुकदमें दर्ज हैं।


पकड़े गए बाइक चोर। अमृत विचार

# नवाबगंज में युवक को पीटकर लूट का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीड़ित नवाबगंज से जा रहा था कल्याणपुर की ओर
- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में लुटेरों ने मारपीट कर एक युवक को लूटने का प्रयास किया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।



जवाहर नगर निवासी अंकित शुक्ला के अनुसार सोमवार को वह नवाबगंज से कल्याणपुर की तरफ जा रहे थे। गुरूदेव रोड पर सिग्नेचर ग्रीन के सामने दो पक्षों में झगड़ा हो रहा था। आरोप है, कि इसी दौरान किसी ने उनकी गाड़ी पर ईंट फेंककर मार दी। वह बाहर निकले तो सिर पर ईंट मारकर आरोपियों ने फोन लूटने की कोशिश की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### सीयूजीएल कंपनी का अधिकारी बनकर की ठगी

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में साइबर फ्रॉड ने अपने को सीयूजीएल गैस कंपनी का अधिकारी बताकर महिला से साढ़े तीन लाख की ठगी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित ने थाने में शिकायत की तो पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। नवाबगंज दीन दयाल निवासी ज्योति गुप्ता के अनुसार 19 मई को उनके फोन पर एक कॉल आया। बात करने वाले ने खुद को सीयूजीएल गैस कंपनी का अधिकारी बताया और कहा कि उनका 36 हजार रुपये का बिल बकाया है। यदि आज बिल नहीं जमा करेंगी तो कनेक्शन कट जाएगा। आरोपी ने कंपनी का एप भेजा और कहा कि आप बिल इसके जरिए जमा करेंगी तो पचास प्रतिशत डिस्काउंट मिलेगा। एप इंस्टाल कर लिया और इसके बाद खाते से करीब तीन लाख चौतीस हजार रुपये गायब हो गए।

### अधिवक्ता को फोन कर दी धमकी, रिपोर्ट

**कानपुर।** अहमद नगर निवासी अधिवक्ता फहीम आलम के अनुसार 19 मई को उनके पास अंजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने उन्हें शेयर मार्केट में निवेश कर मुनाफा कमाने का झांसा दिया। उन्होंने दोबारा फोन न करने की बात कहकर फोन काट दिया। उसके बाद 25 मई को उसी नंबर से व्हाट्सएप पर कॉल और मैसेज कर गाली गलौज की जा रही है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

### सूचना

सूचित किया जाता है कि MOBEEN AHMAD S/O ABDUL SAKOOR निवासी सिकंदरपुर परसरामपुर बस्ती का रहने वाला हूँ। अब मैंने अपना नाम बदल कर ABDUL MOOBIN रख लिया है। अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना व पहचाना जाए।

### सूचना

पंजीकृत फर्म मैं0 लकी ट्रेडर्स विवेक नगर सुलतानपुर की साझेदारी में श्री दया नारायण सिंह पुत्र स्व0 श्री शीतला बक्श सिंह निवासी ग्राम सदरपुर तहसील लम्भुआ जिला सुलतानपुर की मृत्यु दिनांक 02-04-2022 को हो गयी। इनको फर्म से पृथक करते हुए नया साझीदार सौरभ सिंह पुत्र श्री राम बहादुर सिंह निवासी विवेक नगर सुलतानपुर को शामिल किया गया है। **राम बहादुर सिंह, साझीदार, मैं0 लकी ट्रेडर्स, विवेक नगर सुलतानपुर।**

### सूचना

यह कि मेरे पुत्र सहीद का चाल चलन सही न होने कारण उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबध विच्छेद कर लिए हैं। उसके द्वारा किए गए किसी कार्य की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **नसीर पुत्र मैकू, निवासी खानपुर, थाना ठठिया, जनपद-कन्नौज**

### सूचना

मैंने अपना नाम MOHAMMAD SAIF से बदलकर MOHAMMAD SAIF KHAN रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O MOHAMMAD IYAZ AHMAD ADD- MANGAURA POST- DULARI NAGAR, AMETHI (U.P.)**

### सूचना

मैने अपने पुत्र प्रशांत तथा उसकी पत्नी हेमा को उनके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के वह स्वयं उत्तरदायी होंगे मेरे व परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्तव सरोकार नहीं रहेगा। **हरिशंकर पुत्र स्व0 अशर्फी लाल निवासी गणेश नगर कॉलोनी थाना कोतवाली जिला खीरी**

### सूचना

विकास खण्ड मुसाफिरखाना जनपद अमेठी की न्याय पंचायत रसूलाबाद की ग्राम पंचायत रसूलाबाद, कोड.री मोहीउद्दीनपुर एवं न्याय पंचायत दादरा की ग्राम पंचायत निजामुद्दीनपुर, भद्दौर के समस्त मछुआ समुदाय के मत्स्य पालक, मत्स्य विक्रेता व मत्स्य आखेटक को सूचित किया जाता है कि दिनांक 06.06.2024 को समय 11 बजे दिन में स्थान बाबा परागदास आश्रम निजामुद्दीनपुर पर नई मत्स्य जीवी सहकारी समिति के संगठन की तृतीय बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है, बैठक में पहुंचकर सफल बनाए। **भवदीय राम सजीवन निषाद ग्राम-निजामुद्दीनपुर, पोस्ट- इसौली, मुसाफिरखाना, अमेठी।**

## हेल्थ जोन

हर माह सौ शिशु मिल रहे रेटिनोपैथी आफ प्रीमेच्योरिटी से ग्रस्त, पांच साल पहले सप्ताह में पहुंचते थे सिर्फ पांच बच्चे, अब 15 से 20 आते

# गर्भावस्था में लापरवाही से शिशु की आंखों को खतरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गर्भावस्था के दौरान लापरवाही और पोषण युक्त चीजों का सेवन न करने से सीधा असर गर्भ में बच्चे पर पड़ता है। बच्चों को कुछ बीमारियों का सामना करना पड़ता है। अंधता रोग होने की भी आशंका अधिक रहती है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में प्रतिमाह औसतन सौ रेटिनोपैथी आफ प्रीमेच्योरिटी (आरओपी) बच्चों की स्क्रीनिंग कर उनका लेजर विधि से निशुल्क इलाज किया जा रहा है।

रेटिनोपैथी आफ प्रीमेच्योरिटी (आरओपी) बीमारी से ग्रस्त बच्चों की आंखों की रोशनी जाने से जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग में प्रो.परवेज खान बचा रहे हैं। नेत्र विभाग में वर्तमान में आरओपी से ग्रस्त हर माह 80 से 100 बच्चों को लेकर अभिभावक पहुंच रहे हैं। जबकि पांच साल पहले इस बीमारी से ग्रस्त प्रतिमाह 20 से 30 बच्चे ही इलाज के लिए आते थे। प्रो. परवेज खान ने बताया कि समय से पहले जन्म लेने वाले बच्चों की आंखों की रोशनी जाने का खतरा रहता है। ऐसे बच्चों की आंखों में रेटिनोपैथी जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है। इस बीमारी में आंखों में जाने वाली खून की कोशिकाएं गर्भावस्था के दौरान धीरे-धीरे विकसित होती हैं, जिसकी वजह से उनके आंखों के पर्दों पर कई परतें जमा हो जाती हैं और बच्चों को कम दिखाई देता है। समय से जांच होने पर इस बीमारी का इलाज संभव है। आरओपी से ग्रस्त बच्चों की विभाग में इंजेक्शन व ग्रीन लेजर विधि से सर्जरी निशुल्क की जा रही है। निजी अस्पतालों में इसके लिए अभिभावकों को 25 से 30 हजार रुपये तक चुकाने पड़ते है। बताया कि अभिभावकों की लापरवाही, बीमारी पकड़ में नहीं आने और इलाज में देरी होने से कई बच्चे अंधता रोग के शिकार हो जाते थे। क्योंकि ऐसे बच्चों का इलाज जन्म से लेकर एक माह के अंदर कराना होता है। समय बीतने पर बच्चे की आंखों की रोशनी हमेशा के लिए जा सकती है। बच्चों को अंधता रोग से बचाने के लिए प्रिमिच्योर बच्चों की स्क्रीनिंग की जा रही है।

### इंजेक्शन व लेजर दोनों विधि हैं कारगर

- प्रो.परवेज खान ने बताया कि रेटिनोपैथी आफ प्रीमेच्योरिटी बच्चों का इलाज दो विधि से किया जाता है। स्क्रीनिंग में या जानकारी होने पर अभिभावक समय पर बच्चों को पहले या दूसरे चरण में लेकर आते हैं तो उन्हें इंजेक्शन के माध्यम से ठीक किया जाता है। लेकिन तीसरी या चौथे चरण में आने वाले बच्चों को इंजेक्शन देने के साथ ही लेजर विधि से सर्जरी कर आंखों की रोशनी बचाई जाती है। यह इंजेक्शन प्रो.परवेज खान अपनी तरफ से बच्चों को निशुल्क लगा रहे हैं जिसकी बाजार में कीमत 25 हजार रुपये है।



### एनआईसीयू अच्छा होने से मिल रही राहत

- प्रो.परवेज खान ने बताया कि हैलट अस्पताल में पहले स्क्रीनिंग की सुविधा नहीं थी और ऑपरेशन भी नहीं होते थे। इस वजह से मरीज अस्पताल नहीं आते थे, बल्कि लखनऊ, दिल्ली या मुंबई जाते थे। लेकिन जब से हैलट में बाल रोग विभाग का एनआईसीयू अच्छा हुआ है, तब से सुविधाएं बढ़ी हैं। बाल रोग विभाग और नेत्र रोग विभाग ने मिलकर यह स्क्रीनिंग का प्रोग्राम शुरू किया है। इस वजह से हर सप्ताह 15 से 20 मरीज आ रहे हैं।



### ऑक्सीजन का रेटिना पर पड़ता असर

खानपान, रहन-सहन, संक्रमण, खून की कमी, उच्च रक्तचाप, हाई ग्रेड फीवर आदि हाई रिस्क में शामिल गर्भवती को प्रीमिच्योर डिलीवरी की आशंका रहती है। प्रीमिच्योर डिलीवरी के दौरान कुछ बच्चों की हालत गंभीर होती है, तब ऐसे बच्चों को एनआईसीयू में रखा जाता है। बच्चों को सांस लेने में दिक्कत न हो इसलिए उनको ऑक्सीजन भी लगाया जाता है। अधिक दिनों तक ऑक्सीजन देने पर बच्चे की रेटिना पर असर पड़ता है, जिससे आंखों की रोशनी प्रभावित होती है।

# लू लगने से 13 पीड़ित अस्पताल पहुंचे, हालत गंभीर

## जिला अस्पताल समेत सीएचसी में बेड गंभीर मरीजों के लिए आरक्षित, ओपीडी में देखे गए 12 सौ से अधिक मरीज

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** गर्मी-लू के कारण मरीजों की अस्पतालों में भीड़ बढ़ती जा रही है। बच्चों से लेकर बड़े तक लू की चपेट में आ रहे हैं। डायरिया, बुखार और पेट दर्द से लोग पीड़ित हो रहे हैं। मंगलवार को जिला अस्पताल की ओपीडी की संख्या 12 सौ से अधिक हो गई। जिला अस्पताल में मंगलवार को लू के कारण 13 मरीजों को भर्ती कराया गया। इनकी हालत गंभीर बनी है। जिला अस्पताल समेत सभी सीएचसी कुछ बेड गंभीर मरीजों के लिए आरक्षित कर दिए गए हैं।

बताया गया कि अस्पताल आए मरीजों को खेतों में काम करते समय लू लगी है। हालत पहले तो घर वाले घरेलू इलाज करते रहे, राहत नहीं मिलने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसे भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया गया। इसमें चौफेरवा की रहने वाली सुनैना भी शामिल थी। तीन सैकड़ा से अधिक गर्मी जनित बीमारियों के मरीज शामिल रहे। मेडिसिन विभाग, गैस्ट्रो, त्वचा रोग, और हृदय रोग विभाग की ओपीडी दोपहर दो बजे तक चलती रही। इस दौरान इलाज के लिए लोगों को धक्के खाने पड़े। बता दें कि अस्पताल के तीनों जनरल वार्ड करीब-करीब फुल हो चुके हैं। अस्पताल में गंभीर मरीजों को ही भर्ती किया जा रहा है। इस दौरान अस्पताल में जांच की पर्ची बनवाने और पैथोलॉजी में ब्लड सैंपल देने के लिए लोग भीषण गर्मी के बीच बेहाल रहे। संचारी रोग नियंत्रण इकाई के प्रभारी अधिकारी डॉ. आफाक अहमद ने बताया कि गर्मी से उल्टी-दस्त, पेट दर्द और डायरिया की समस्या बढ़ गई है। इससे निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से तैयारी की गई है। जिला अस्पताल समेत सभी सीएचसी कुछ बेड गंभीर मरीजों के लिए आरक्षित कर दिए गए हैं। गर्मी से बचने के लिए लोगों को ज्यादा तरल पदार्थ का सेवन करना चाहिए। जरूरी हो तभी धूप में बाहर निकलें। नियमित अंतराल में पानी पीते रहें। आम का पना, नींबू का पानी, तरबूज, खीरा, ककड़ी आदि का सेवन करें। ढीले और हल्के रंग के कपड़े पहनें। ओआरएस का घोल का सेवन करें।


ओपीडी के बाहर लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार


राहत पाने के लिए नहर में नहाते लोग। अमृत विचार

### खेती पर भी असर

किसान बहुत मजबूत होता है लेकिन भीषण गर्मी में किसानो का हौसला भी टूट रहा है। इसलिए भीषण गर्मी से खेती किसानी भी अब प्रभावित होने लगी है। सुबह के समय तो किसान खेतों में काम कर रहे है लेकिन जैसे ही धूप बढ़ती है किसानों की हिम्मत भी जबाव देने लग जाती है। मवेशियों को चराने वाले पशु पालक भी अब सुबह से ही मवेशियों को चराने निकलते है और धूप बढ़ते ही वापस लौट रहे हैं।

### यह कदापि न करें

- भीषण गर्मी में तली, भुनी चीजों से दूरी बनाएं, यह पेट खराब कर सकती हैं
- बाजार में बने खाद्य पदार्थों से दूरी रखें इनसे इन्फेक्शन का खतरा
- चाय और कोल्डड्रिंक भी सेहत बिगाड़ सकती है, दूरी बनाए रखें
- कलरफुल न पहनें तो बेहतर रहेगा, धूप में देर तक रहने से बचें।

### यह जरूर करें

- सुबह जब भी काम पर निकलें तो घर से भरपेट पानी पीकर निकलें
- सुबह नाश्ता जरूर करें और दोपहर के समय हल्का भोजन करें
- कोशिश करें कि पूरे दिन तरल पदार्थ लेते रहें, आम का पना पीएं
- तरबूज, खीरा, ककड़ी और सत्तू का भरपूर सेवन करें
- घर से निकलें तो तो पूरे शरीर को सूती कपड़ों से ढकें, ढीले कपड़े पहनें

### पारा 47 डिग्री पर, सड़कों पर लॉकडाउन जैसा दृश्य

**फतेहपुर।** चिलचिलाती धूप झुलसा रही है। आसमान से बरसती आग से धरती लाल हो रही है। हीटवेव की वजह से सड़कों पर लॉक डाउन सा नजारा देखने को मिल रहा है। तापमान बढ़कर 47 डिग्री से भी अधिक पहुंच गया है। लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो गए हैं। सोमवार को गर्मी का सितम और बढ़ गया। आसमान से बरसती आग से तपती धरती से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित रहा। पंखों से निकलती हवा लू में परिवर्तित हो गई लोग व्याकुल हो गए। बुजुर्गों का कहना है कि उन्होंने इससे पहले ऐसी भीषण गर्मी नहीं देखी। इस बार तो सूरज की तपिश मानो ऐसा लगता है कि जला देगी। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से बचने को लोग तरह तरह के जतन कर रहे हैं लेकिन गर्मी से बचाव के उपाय भी कारगर साबित नहीं हो रहे। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। शहर में जहां भीषण गर्मी व्यापार ठंडा पड़ गया है बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है। दुकानदार भी व्यापार न होने से परेशान हैं। चौक बाजार, स्टेशन रोड, जीटी रोड, वर्मा चौराहा आदि पर दोपहर होते ही लॉकडाउन सा नजारा दिखाई दिया। सूरज ढलने के बाद लोग घरों से निकले तो सड़कों और भवनों से उठती आंच से लोग ज्यादा देर तक बाजार में नहीं टिक सके।

# घरों में बिजली उपकरण एक साथ न चलाने की अपील

संवाददाता, फतेहपुर



- बार-बार आ रहे फाल्टों के कारण विभाग ने की अपील
- शाह छह से रात 11 बजे तक फ्रिज न चलाने की अपील

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में जिस तरह से बिजली का लोड बढ़ा है उससे बिजली विभाग की भी चिंतायें बढ़ी हुयी हैं। उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली की आपूर्ति मिले इसके लिए विभाग की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। बिजली विभाग की ओर से आम उपभोक्ताओं से कहा गया है कि वह बिजली सप्लाई में बढ़े लोड की वजह से घरों में भी विद्युत उपकरण एक साथ न चलायें।

पानी की मोटर, वाशिंग मशीन और अन्य भारी लोड सुबह 5 बजे से 11 बजे तक चलायें। शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक फ्रिज बंद रखें। शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक अपने घर में लगे एसी को लगातार न चलाकर आधा-आधा घंटे के अंतराल में चलायें। बिजली विभाग के जिम्मेदारों का कहना है कि विभाग की टीमें बराबर आपूर्ति देने के लिए लगी हैं। जहां पर फाल्ट होते हैं सूचना मिलने पर टीम पहुंच रही हैं और आपूर्ति उपभोक्ताओं को बेहतर मिले इसका प्रयास पूरा किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में सिस्टम ओवरलोड होने की वजह से दिक्कतें आ रही हैं। ट्रिपिंग की दिक्कत भी है। इसलिए सप्लाई बंद होने पर उपभोक्ता संयम रखें। उन्होंने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता के सामने कोई दिक्कत हो, सुन न रहा हो तो सीधे जानकारी दें। वैसे सभी एसडीओ और अवर अभियंताओं को पहले ही निर्देशित किया जा चुका है कि वह अपने अपने क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था बेहतर रखें। उपभोक्ताओं से अच्छे संबंध रखें। जिससे कि कहीं फाल्ट हो तो खबर मिले।

# 57 निजी अस्पतालों में आग लगी तो बचना मुश्किल

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज बनने के बाद जिला अस्पताल और महिला अस्पताल में तो आग से बचाव के मानक पूरे हो गए लेकिन 57 निजी अस्पताल ऐसे हैं जो आग से बचाव के मानकों का माखौल उड़ा रहे हैं। इनमें से कई अस्पताल तो आग को दावत देने जैसी लापरवाही बरत रहे हैं। जबकि इनमें आग लगी तो बुझाने का उपाय नहीं सूझेगा और हाथ मलते रहे जाएंगे।

इस समय जिले में 80 निजी अस्पताल ऐसे चल रहे हैं जो स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंजीकृत हैं। इनके अलावा सैकड़ों की संख्या में अस्पताल संचालित हो रहे हैं। इनमें से 57 अस्पताल ऐसे हैं जो फायर ब्रिगेड के बार-बार नोटिस देने के बावजूद आग से बचाव के लिए कोई उपकरण नहीं लगा रहे हैं। इस समय तापमान 46 डिग्री से ऊपर चल रहा है। फायर ब्रिगेड के पल्लव का कहना है कि इतने ऊंचे तापमान में मामूली गलती भी आग का कारण बन जाती है। दिल्ली व बागपत के निजी अस्पताल में आग लगने की घटनाएं भी दोआबा के अस्पतालों को सबक नहीं दे पाईं। शहर के कई ऐसे स्थानों पर निजी अस्पताल चल रहे हैं जहां आग लगने पर फायर बिग्रेड की गाड़ी रास्ते में ही अवैध पार्किंग के चलते फंस सकती है। यदि ऐसा हुआ तो समय पर अस्पताल न पहुंच पाने से आग सबकुछ तबाह कर सकती है। इसी तरह एक निजी अस्पताल आबू नगर में इतने संकरे रास्ते पर चल रहा है कि फायर बिग्रेड को वहां बहुत परेशानी होगी।

**विभाग को चकमा दे रहे संचालक**

बताया कि अस्पताल के रजिस्ट्रेशन के लिए फायर ब्रिगेड की एनओसी जरूरी है। एनओसी देने के पहले फायर बिग्रेड आग से बचाव के मानक पूरा कराती है। मानक से बचने के लिए डॉक्टर ने अब अस्पताल के लिए क्लीनिक का लाइसेंस लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर दिया है। फायर ब्रिगेड को चकमा देने के लिए आधा दर्जन से अधिक निजी अस्पताल क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं।


शहर में स्थित दमकल विभाग। अमृत विचार

### अस्पतालों में क्या होना चाहिए

- तीन मंजिल तक के अस्पताल में 10 हजार लीटर वाटर टैंक
- हौजरील, फायर हाइड्रेंट
- दो रास्ते, दो सीढ़ियां
- कम से कम 2 मीटर का रैंप
- फायर एस्टिंग्यूशर

> आग से बचाव के उपाय न करना मरीजों व कर्मचारियों की जान से खिलवाड़ करना है। हमारा कार्यालय उसी अस्पताल का रजिस्ट्रेशन कर रहा है जो पहले फायर ब्रिगेड से अनापत्ति प्रमाणपत्र लाकर जमा कर रहे हैं।
>
> –डॉ. इस्तियाक अहमद, सीएमओ

# अमौली के सीएचसी की हालत सुधारने की मांग

संवाददाता, फतेहपुर

- अस्पताल में मशीनें हैं लेकिन संचालन करने वाला नहीं

**अमृत विचार।** भ्रष्टाचार निवारण एवं सामाजिक विकास परिषद के राष्ट्रीय महासचिव सुयश पटेल ने सीएमओ समेत स्वास्थ्य मंत्रालय देख रहे उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक व जिलाधिकारी को पत्र देकर सीएचसी अमौली के हालातों के बारे में अवगत कराया है।

पत्र में उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अमौली ब्लाक के करीब एक सैकड़ा गांवों की लगभग एक लाख आबादी अपना इलाज कराने के लिए निर्भर हैं। सरकार ने इस स्वास्थ्य केंद्र में हर तरह की जांच की मशीनें उपलब्ध कराई है। हर मर्ज के डॉक्टर नियुक्त किए हैं। बताया कि मशीनें रख देने और डॉक्टरों की नियुक्ति कर देने मात्र से ही किसी का इलाज संभव नहीं है। पिछले कई सालो से हाल यह हैं कि अस्पताल में मशीनें तो हैं लेकिन उन्हें चलाने वाला नहीं, मरीज तो है लेकिन डॉक्टर नहीं, कोई भी डॉक्टर समय से अस्पताल नहीं पहुंचता है। मरीज सुबह से शाम तक बैठे रहते हैं लेकिन डाक्टरों के दर्शन तक नहीं होते हैं। मजबूरन हर तरह की सुविधा तथा पर्याप्त डॉक्टर उपलब्ध होने के बाद भी लोगों को प्राइवेट अस्पतालों में अपना इलाज कराना पड़ता है। मांग की है कि सामुदायिक स्वास्थ केद्र कि हालत को सूधारने के लिए उचित कठोर कदम उठाए जाएं जिससे लोगों को अपना इलाज कराने के लिए महंगे प्राइवेट अस्पतालों में न जाना पड़े और हर गरीब व्यक्ति को कम से कम खर्च में बेहतर सुविधा मिल सके।

## सार-संक्षेप

### डीजल भंडारण की रिपोर्ट दर्ज कराई

**औंग।** पिछले सप्ताह बरामद हुए 482 लीटर डीजल को लेकर पूर्ति निरीक्षक पवन सिंह विकास खण्ड मलवां तहसील बिन्दकी ने एक अज्ञात सहित तीन लोगों के नाम अवैध डीजल रखने और उसकी कालाबाजारी के आरोप में औंग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पिछले वर्ष अप्रैल 2023 में भी पूर्ति निरीक्षक ने इसी थाने पर स्वाति वाल्व कैरियर ट्रांसपोर्टर के चालक व खलासी सहित छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। यह मामला भी डीजल चोरी और कला बाजारी से सम्बन्धित था। जिसमें अज्ञात लोगों का आज तक खुलासा नहीं हुआ और न ही कालाबाजारी को लेकर कोई तहकीकात हुई। पूर्ति निरीक्षक पवन सिंह ने एफआईआर में भंडारण दिखाकर इसके स्रोत का खुलासा नहीं किया है, जबकि इस क्षेत्र की जानकारी के लिए यह जरूरी था कि 482 लीटर तेल कहां से आया। काला बाजारी तो तब होती है जब तेल पम्प से खरीदकर अधिक दामों पर बेचा जा रहा हो, जबकि एक साल से इस क्षेत्र में लोगों को सस्ता डीजल मिल रहा था जिसे पूर्ति निरीक्षक झुठला नहीं सकते। इस बार की रिपोर्ट में योगेन्द्र पाल पुत्र बलिराज, गंगा प्रसाद यादव उर्फ ननकऊ पुत्र रामगोपाल यादव और एक अज्ञात को आरोपी बनाया गया है। डीजल की काला बाजारी में एक ग्रामीण ने सीधे तौर पर पूर्ति विभाग को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि यदि डीजल सस्ता बिक रहा था तो चोरी का हो सकता है या फिर सिंथेटिक जिसकी विस्तार से जांच होनी चाहिए। अगर इसकी सीवीसी जांच होती है तो दर्जनों ग्रामीणों के द्वारा पूर्ति निरीक्षक के खिलाफ शपथ पत्र दिए जाने दावा किया जा रहा है।

### दुकान खाली कराने पर अस्पताल स्टाफ से मारपीट

**फतेहपुर।** प्राइवेट अस्पताल में महंगी दवा बेच रहे मेडिकल स्टोर संचालक को जब दुकान खाली करने को कहा गया तो उसने डाक्टर व स्टाफ के साथ मारपीट व गाली–गलौज की। अस्पताल संचालक ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शहर के रामगंज पक्का तालाब निवासी डा. राकेश साहू पक्का तालाब पर अस्पताल व ट्रामा सेंटर का संचालन करते हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में हुसेनगंज थाना क्षेत्र के मथैयापुर निवासी अभिषेक ने मेडिकल स्टोर खोला था। अभिषेक मरीजों को महंगे दाम पर दवाएं बेचता था। उन्होंने शिकायत मिलने पर मेडिकल स्टोर संचालक को चेतावनी दी। उसके बाद भी बढ़े दाम में दवा देना बंद नहीं किया। इस पर सेंटर से मेडिकल स्टोर खाली करने को कहा गया। अभिषेक ने मेडिकल स्टोर में कुछ सामान छोड़कर सारा हटा लिया। पूरा सामान हटाने को कहा गया, तो 22 मई की शाम सात बजे अभिषेक, अनमोल, सौरभ व उनके साथी अस्पताल पहुंचे। डाक्टर व स्टाफ के साथ गाली–गलौज कर मारपीट शुरू की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सभी के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### वीर सावरकर को भारत रत्न देने की मांग

**फतेहपुर।** अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारी नेता, प्रखर राष्ट्रवादी हिंदू महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर विनायक दामोदर सावरकर की 141वीं जयंती श्री हनुमान मंदिर पटेल नगर चौराहा फतेहपुर में उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण आरती करके धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर चौराहे में आम राहगीरों को शरबत भी पिलाया गया। गोष्ठी के माध्यम से केंद्र की सत्ताधारी सरकार से सावरकर जी को शीघ्र भारत रत्न देने की मांग की गई।

# पति से विवाद के बाद पत्नी ने खाया जहर, मौत

संवाददाता, किशनपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के नरैनी गांव में पति से झगड़कर महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मृतक महिला के मायकेपक्ष ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है।

किशनपुर थाना क्षेत्र के नरैनी गांव निवासी राजकुमार कोरी की शादी करीब तीन सालह पहले थरियांव थाना क्षेत्र के औराई गांव निवासी कामिनी देवी के साथ हुई थी। शादी के बाद दोनों पति-पत्नी अपने माता-पिता से अलग रहते थे। दोनों के बीच पिछले करीब तीन वर्षों में किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं हुआ था। सोमवार की देर शाम दोनों खाना-पीना खाकर छत में सोने चले गए। इस दौरान दोनों पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद महिला को उल्टियां शुरू हो गई। हालात को बिगड़ता देख मामले की जानकारी परिजनों को लगी। इसके बाद परिजन आनन-फानन में महिला को इलाज के लिए ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद महिला के मायके पक्ष के लोगों को मामले की जानकारी दी गई।

# ज्येष्ठ माह के पहले मंगल पर भंडारा व शर्बत वितरण

संवाददाता, फतेहपुर

- जनपद में कई जगह हुए धार्मिक आयोजन
- चौक स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-पाठ की धूम

**अमृत विचार।** दोआबा में ज्येष्ठ के पहले बड़े मंगल को देखते हुए नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के हनुमान मंदिरों में बाबा का भव्य श्रंगार कराया गया। इसके साथ ही शर्बत वितरण किया गया। आईटीआई रोड पर विशाल भंडारा व शर्बत वितरण कराया गया। तपती धूप में भी बाबा का प्रसाद पाने के लिए भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।

ज्येष्ठ माह के पहले मंगल पर नगर में जगह जगह शर्बत वितरण कराया गया। जहां दोआबा में आईटीआई रोड, पटेल नगर, शादीपुर, चौक बाजार, पक्का तालाब समेत हनुमान मंदिरों में बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। इसके अलावा चौगलिया स्थित शिव मंदिर में में बाबा की पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही शहर के छोटे बड़े चौराहे पर भी विशाल भंडारे का आयोजन कराया। जहां आने जाने वाले लोगों ने भंडारे का प्रसाद चखा। भंडारा दोपहर से शाम तक अनवतर चलता रहा। इसी तरह अन्य सभी मार्गों में शर्बत वितरण कराया गया। जहां आने जाने वाले लोगों ने गर्मी में शर्बत पीकर राहत महसूस की। मंगलवार को विशाल भंडारे का शुरुआत की सैकड़ों की संख्या में हनुमान के भक्तों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही पटेल नगर में सैकड़ों लोगों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। ज्येष्ठ मास के बड़े मंगल पर दान-पुण्य का बड़ा महत्व है। इसके चलते मंगलवार को शहर में जगह-जगह भंडारे हुए। इसके साथ ही शरबत वितरण भी किया गया। श्रद्धालुओं के साथ ही राहगीरों ने भी भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई। वहीं सुबह से के घरों व मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ हुआ। मंदिरों में हनुमानजी के दर्शन को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।


आईटीआई रोड पर राहगीरों को शर्बत पिलाते भक्त। अमृत विचार

**बारिश में क्या होगा** — सफाई की रफ्तार धीमी, गंदगी से रुक रहा नालों का पानी, बारिश में चोक नालों से होगा जलभराव

# मानसून से पहले बजबजा रहे शहर के छोटे–बड़े नाले

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** मानसून से पूर्व होने वाले रखरखाव को लेकर नगर पालिका परिषद द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ सकता है। बारिश का मौसम यूं तो जुलाई में शुरू होता है। लेकिन अब तक शहर के नालों की साफ-सफाई नहीं हुई है। इसके कारण बारिश के पानी में अवरोध होने पर परेशानी होगी। इसके कारण कालोनी के घरों में पानी भरने की आशंका बनी रहती है।

नालों की सफाई नहीं होने के कारण भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेषकर रानी कालोनी मार्ग में जलभराव की समस्या अधिक रहतीं है। पालिका का दावा है कि शहर के 50 फीसदी नालों की सफाई जेसीबी मशीन से करा दी गयीं है जबकि इस समय नाला गैंग के जरिये सफाई कर्मी छोटे बड़े नालों की सफाई में जुटे है। हर साल बरसात से पहले नालों की सफाई का कार्य कराया जाता है और पहली ही बारिश में इस कार्य की पोल भी खुल जाती है। यह खेल हर साल होता है ऐसे में नाला सफाई के नाम पर लाखों खर्च होने के बाद भी नतीजा नहीं निकलता। शहर के अधिकांश नालों पर लोगों ने ऊपर से पक्का निर्माण कर लिया है। कई लोग इसी में कचरा डालते हैं। ऐसे में मोटा और भारी कचरा साफ नहीं हो पाता है। पिछले दिनों पालिका ने आबू नगर में बने नाले की सफाई कराई थी, जिसमें कई ट्राली मलबा निकाला गया और नाले के किनारे डाल दिया गया। सूखने के बाद उठाने की बात कही गई लेकिन अब तक वह मलबा नहीं उठाया गया और अब धीरे-धीरे वही मलबा नाले में फिर से जाने लगा है। बता दें कि शहर के सीओ कार्यालय के सामने बना नाला पूरी तरह से चोक हो गया है। जिसका गंदा पानी उफान मारकर सड़क पर बहने लगा है। मानसून के मौसम से पहले शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नाले व नालियों की सफाई की जाती है। आम तौर पर 15 जून तक सभी नालों की सफाई की जानी चाहिए, लेकिन इस बार शहर के नालों एवं नालियों की सफाई को लेकर नगरपालिका के अफसर सचेत नहीं दिख रहे हैं। नगर के नाले कूड़े व कचरे से अटे पड़े हैं। हालात यह हैं कि पानी की निकासी भी ठीक से नहीं हो पा रही है। जिसके चलते हल्की बारिश में पूरी गंदगी सड़कों पर फैलने की आशंका है। नालों से आ रही बदबू से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है, अफसरों पर इसका कोई खास फर्क नहीं दिख रहा है। कालोनियों में भी छोटे-छोटे नालों में गंदगी के साथ मिट्टी भरी पड़ी है।


शहर के सीओ आफिस के सामने चोक नाला।

- शहर में सीओ कार्यालय के सामने बना नाला पूरी तरह हुआ चोक

> नालों की सफाई मानसून से पहले की जाती है। नालो की सफाई का कार्य कराया जा रहा है। मतगणना के चलते अभी काम धीमा है लेकिन चार जून के बाद यह कार्य युद्धस्तर पर कराया जाएगा।
>
> –समीर कश्यप, ईओ

# गर्मी से रिटायर्ड शिक्षक को पड़ा पैरालिसिस अटैक

**फतेहपुर।** तापमान मंगलवार को बढ़कर 47 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। एक डिग्री तापमान बढ़ने से गर्मी ने प्रचंड रूप धारण कर लिया है। न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस पहुंचने से रात में भी उमस भरी भीषण गर्मी रही। कूलर पंखों की हवा गर्म होने से लोग रात में भरपूर नींद नहीं ले पा रहे हैं।

ऐसे में लोग बीमार होने लगे हैं। बताया जा रहा है कि रात में बिजली आपूर्ति खराब होने से एक सेवानिवृत्त शिक्षक जगतपाल सिंह को पैरालिसिस का दौरा पड़ गया। वह रात भर तड़पते रहे, कुछ बोल भी नहीं सके। सुबह उनकी पत्नी ने देखा तो होश उड़ गए। आनन फानन एंबुलेंस से उन्हें कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# मुठभेड़ में पुलिस की गोली से दो बदमाश घायल

## बदमाशों के पास से दो तमंचे, लूट की रकम व बाइक बरामद, 25 मई को हुई लूटपाट में थे शामिल

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र में 25 मई को सीएससी संचालक के साथ हुई लूट के आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए हैं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस टीम ने आरोपियों के पास से लूट की रकम, तमंचे और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की है।

एसपी उदय शंकर सिंह घटनास्थल पहुंचकर जांच की है। नौबस्ता चौकी इंचार्ज मंगलवार की सुबह अपनी टीम के साथ नौबस्ता बैरियर पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी ऊंचाहार पुल की ओर से आ रहे बाइक सवार तीन लोगों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो आरोपी पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए अल्लीपुर बाजार की ओर भागने लगे। पुलिस ने जरिए वायरलेस बदमाशों के भागने की सूचना दी।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस। अमृत विचार



जिला अस्पताल में पीड़ित का हाल जानते एडीजी भानु भाष्कर। अमृत विचार

- **वाहनों की चेकिंग के दौरान हत्थे चढ़े बदमाश**

सूचना मिलते ही सुल्तानपुर घोष थानाध्यक्ष राजेंद्र त्रिपाठी अपनी टीम के साथ मधुकरी आश्रम के पास पहुंच गए। बाइक सवारों को आता देख रुकने का इशारा किया तो वह लोग तेजी से भागने लगे कुछ दूरी पर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। बाइक गिरते ही बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्यवाई में पुलिस टीम ने भी फायरिंग की। पैर में गोली लगने से दो बदमाश रूपचंद्र निवासी बरकतपुर छीमी खागा, दिलशाद निवासी आरामपुर बसई सुल्तानपुर घोष घायल हो गए। एक साथी अंकित पासवान निवासी मकदुमपुर सुल्तानपुर घोष मोटर साइकल के नीचे दबा हुआ था। पुलिस घायलो को तत्काल इलाज के लिए सीएचसी हथगाम ले गई। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने दो तमंचे, लूट में प्रयुक्त बाइक और लूटे गए 73 हजार पांच सौ रूपये बरामद किया। बदमाशों ने बताया कि 25 मई को थाना सुल्तानपुर घोष के आरामपुर बसई के पास उन लोगों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था।

### घायल सीएससी संचालक से मिले एडीजी

**फतेहपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन भानु भाष्कर और पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र प्रेम कुमार ने मंगलवार को घटनास्थल थरियांव थाना क्षेत्र के बरियापुर मोड पहुंच निरीक्षण किया। उन्होंने आस पास के लोगों से घटना के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद एडीजी ने जिला अस्पताल पहुंच घायल सीएससी संचालक अतुल तिवारी से मुलाकात की उन्होंने घायल से घटना के बारे में जानकारी ली। बताते चले कि सोमवार की दोपहर अतुल एसबीआई से रुपये लेकर अपनी सीएचसी शाखा जाने के लिए बाइक से निकला था। तभी थरियांव थाना क्षेत्र के बरियारपुर मोड़ के पास बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने सीएससी संचालक को गोली मारकर हमला कर दिया था और करीब ढाई लाख रूपये लूट ले गए थे। मामले में पुलिस ने घायल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया था, वहीं पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए थे।

# युवती ने फांसी लगा दी जान हत्या का आरोप

**फतेहपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मृतक के परिजनों ने ससुरालीजनों पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।कानपुर नगर के थाना सेन पश्चिम पारा गांव जरकला निवासी छोटेलाल ने अपनी पुत्री अंकिता उर्फ सुधा की शादी 2023 में सैमसी गांव निवासी चंद्रभूषण के पुत्र अखिलेश कुमार के साथ की थी।

बताते हैं कि शनिवार को संदिग्ध अवस्था में युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के परिजनों ने ससुरालीजनों पर गला दबाकर हत्या करने के बाद फांसी में शव को लटकाए जाने का आरोप लगाया है। हालांकि उन्होने हत्या का कारण सही रूप से नहीं बताया न ही ससुरालीजनों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

# पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** खेत जा रही नाबालिग लड़की को युवक ने रास्ते से पकड़कर जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया था। किशोरी के विरोध करने पर युवक ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। घर पहुंची किशोरी ने परिजनों को पूरी घटना बताई तो पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

चांदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाले एक पिता ने पुलिस को तहरीर दी कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री विगत दिनों दोपहर में घर से खेत जा रही थी तभी गांव के एक युवक राकेश ने रास्ते से पकड़कर जंगल ले जाकर बेटी के साथ दुष्कर्म किया। जब बेटी ने विरोध किया तो मारपीट करते हुए दुष्कर्म करने के बाद किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया था।

घर पहुंची बेटी ने पूरी घटना की जानकारी दी। पीड़ित लड़की ने बताया कि जब मैंने चीखने चिल्लाने का प्रयास किया तो मेरा मुंह दबाकर मारपीट किया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया था। मामले में थाना से उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार दुबे ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई है। पीड़ित लड़की का मेडिकल कराया जा चुका है।



- **खेत जा रहे युवक ने की थी दरिंदगी**
- **पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर की कार्रवाई**

## एक नजर

### मायके में युवती ने पी डाई

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम त्योंजा अपने मायके में रह रही एक युवती ने डाई पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालत गंभीर होने पर उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हथगाम थाना क्षेत्र के नवाबगंज निवासी अखिलेश की पत्नी अर्चना दस दिन पूर्व अपने मायके त्योंजा आई थी। बताते हैं कि आज दोपहर उसने मामूली बात को लेकर डाई पी लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां इलाज कर रहे डाक्टर के अनुसार उसकी हालत में सुधार है।

### जंगल में लगी आग

**थरियांव।** प्राथमिक विद्यालय शाहीपुर हथगाम के ठीक बगल से जुड़े जंगल में सोमवार दोपहर अराजकतत्वों ने आग लगा दी। प्रधानाध्यापक मनोज कुमार ने सबमर्सिबल चलवा ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।

# हाईवे किनारे बने पुराने कुओं का बंटाधार

संवाददाता औंग

**अमृत विचार।** नेशनल हाईवे किनारे स्थानीय कस्बे स्थित तहसील बिन्दकी का प्राचीनतम विशाल पक्का कुआं हाईवे और पीएनसी के अधिकारियों ने जानबूझकर किसी को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से नष्ट होने की कगार पर खड़ा कर दिया है। हद तो तब हो गई जब हाईवे के नाले का गन्दा पानी अन्दर ही अन्दर कुएं में जा रहा है।



प्राचीन कुएं के चारो ओर फैला अतिक्रमण।

जिससे भूगर्भ के प्रदूषित होने का बड़ा अंदेशा जताया जा रहा है। इस कुएं की चौहद्दी के अतिक्रमण को देखने के बाद कोई साधारण व्यक्ति भी अधिकारियों की काली करतूतों का बखान करने से गुरेज नहीं कर सकता है। इतनी बड़ी राजस्व क्षति होने के बाद भी विधायक या सत्ता पक्ष के नेताओं व राजस्व अधिकारियों की नजरों से ओझल होना बड़े आश्चर्य की बात है। जबकि सरकार द्वारा कुओं के रखरखाव के लिए बजट के साथ सम्बन्धित विभाग को निर्देशित करती रहती है।

बता दें कि कस्बे के दोनों तरफ बने आधे अधूरे नालों में हाईवे किनारे के लोगों ने पीएनसी के अधिकारियों से सांठगांठ करके शीवर की गन्दगी डाल रखी है और यही गन्दगी इस पक्के कुएं में जाकर भूगर्भ को प्रदूषित करने का काम कर रही है। ग्रामीणों द्वारा कई बार हाईवे और पीएनसी के अधिकारियों से कराए गए अतिक्रमण को हटवाने तथा बर्बाद किए गए विशाल कुएं को फिर से बहाल करने की मांग की जा चुकी है। लेकिन व्यक्ति विशेष को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

## स्थानीय लोगों की जुबानी...



यह कुआं करीब दो सौ वर्ष से अधिक पुराना है। जिसे हाईवे और पीएनसी खत्म करने का प्रयास कर रही है, इसका पुनरुद्धार करके सरकार को इसे सुरक्षित करने की दिशा में कदम उठाने चाहिए।

–बृजेन्द्र कुमार द्विवेदी, औंग



सबसे पहले इस के आसपास हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही होनी चाहिए। उसके बाद कुएं की सफाई और इसकी बहाली की जिम्मेदारी के लिए इसे हाईवे और पीएनसी को सौंप देना चाहिए।

–साकिर हुसैन उर्फ छोटे, औंग



फतेहपुर–कानपुर के बीच हाईवे में पड़ने वाला यह कुआं सबसे पुराना और इकलौता है। इसके अस्तित्व को बचाए जाने की बहुत ही ज्यादा जरूरत है। इसके लिए स्थानीय लोगों को प्रशासन से मिलना चाहिए।

–केशव तिवारी, औंग



हाईवे का यह इकलौता कुआं हैं, वर्षों पुराने इस कुएं के पानी को जीटी रोड में सफर करने वाले लोग पीते थे। यह पक्का कुआं हाईवे और इस कस्बे की शान रहा है और इसे बर्बाद होने से बचाए जाने की जरूरत है।

–लालू दिवाकर, औंग

## सार-संक्षेप

### पालिका ने पौधरोपण का चलाया वृहद अभियान

**फतेहपुर।** स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय 2.0 के तहत मेरा आंगन, मेरी हरियाली अभियान के तहत नगर पालिका परिषद के गांधी पार्क में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस क्रम में स्वच्छ भारत मिशन–नगरीय 20 के वरिष्ठ लिपिक पंकज शुक्ला द्वारा बताया गया कि मेरा आंगन, मेरी हरियाली अभियान के तहत वृहद पौध रोपण का अभियान चलाया जा रहा हैं। बताया कि इससे हमारे आस–पास का वातावरण हरा–भरा रहेगा और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद मिल सकेगी। आम लोगों से यह भी अपील की, कि अपने घरो की छतो व आस–पास बागवानी का निर्माण कर अधिक से अधिक पौधे लगाकर मेरा आंगन, मेरी हरियाली कार्यक्रम को सफल बनाये एवं अपने घर के कचरे को नगर पालिका परिषद के डोर टू डोर कलेक्शन कूड़ा गीला व सूखा अलग करके दें। स्वच्छ सर्वेक्षण–2024 में नगर पालिका परिषद को नंबर वन बनाने में सहयोग प्रदान करें। इस मौके पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राकेश कुमार गौड़, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक संजय सिंह, एमआईएस ऑपरेटर सौरभ तिवारी, जियोस्टेट से रुचि जायासवाल, स्वच्छता दूत विनय कुमार, जय स्वरूप, अखिलेश कुमार समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### यमुना नदी में डूब रही किशोरी को नाविकों ने बचाया

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव में यमुना स्नान करने गई किशोरी यमुना नदी में डूबने लगी। जिसे नाविकों ने सकुशल बाहर निकाल लिया। जिससे किशोरी की जान बच गई। किशनपुर थाना क्षेत्र के मड़ौली गांव निवासी मंगल निषाद की सात वर्षीय पुत्री शिवानी मंगलवार की सुबह जानवरों को पानी पिलाने यमुना किनारे गई थी। उस समय वह यमुना किनारे कोई नहीं था। जानवरों के साथ वह भी यमुना स्नान करने लगी। यमुना स्नान करते हुए वह गहरे पानी में चली गई और वह डूब गई। गनीमत यह रही कि उसी दौरान नाविक यमुना के उस पार से नाव लेकर आ गए। जहां किशोरी को उतराता देख नाविकों ने यमुना नदी में छलांग लगा दी और किशोरी को बाहर निकाला। कुछ देर बाद परिजनों को किशोरी के डूबने की खबर लगी जिसके बाद रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। जिसके बाद किशोरी का निजी अस्पताल में डाक्टर से इलाज कराया गया। जिसके बाद किशोरी की हालत में सुधार हुआ।

### बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल

**बिंदकी।** दो बाइक की टक्कर में एक ही बाइक में सवार तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद हड़कंप मचा रहा सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।मंगलवार की दोपहर करीब कोतवाली क्षेत्र के खजुहा कस्बे के निकट दो बाइक में तेज टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक में सवार जीतू पर पुत्र रमेश, कमल पुत्र राकेश और राजन पुत्र स्व. रामराज तीनों निवासी कोरसम थाना कल्यानपुर घायल हो गए। हादसे के बाद हड़कंप मच गया। मौके पर भारी भीड़ लग गई सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। मामले में उन्होंने बताया की बाइक सवार तीनों लोग गांव से खजुहा जा रहे थे तभी खजुहा के पास दूसरी बाइक से टक्कर हो गई दूसरी बाइक सवार टक्कर मारने के बाद निकल गया।

### हीट स्ट्रोक से बचाने को बिन्दकी अस्पताल में बना कोल्ड वार्ड

**फतेहपुर।** मौसम में जो उतार चढ़ाव चल रहा है और मौसम दिन पर दिन तीखा होता जा रहा है उसको देखते हुए स्वास्थ्य महकमा भी गंभीर हो रहा है। हीट वेब से बचाने के लिए सीएचसी बिन्दकी में छह बेड का वार्ड बना दिया गया है। यदि गर्मी से प्रभावित कोई मरीज आता है तो उसे भर्ती किया जाएगा। इसके लिए अलग से दवाइयों का भी इंतजाम किया गया है। एक डॉक्टर की तैनाती की गई है जो गर्मी से आये मरीज का इलाज करेगा। शासन ने जो गाइड लाइन गर्मी को देखते हए जारी की थी उस पर सीएससी बिन्दकी में छह बेड का कोल्ड वार्ड बनाया गया है। इसमें बेड पर कूलर और पंखे रहेंगे। यह वार्ड पहले आईसोलेशन था। उसी को अब कोल्ड वार्ड बना दिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी डा. धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि छह बेड का कोल्ड वार्ड बना दिया गया है। अभी कोई मरीज नहीं आया है। मरीजों के इलाज के लिए स्टाफ की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जो वार्ड का स्टाफ है वह यहां भर्ती मरीजों की देखभाल करेगा। अलग से स्टाफ की व्यवस्था नहीं हो पाई है। अस्पताल में पर्याप्त दवाइयां हैं। जैसे ही कोई मरीज आएगा तुरंत उसे भर्ती किया जाएगा और बराबर उसकी बेहतर ढंग से निगरानी होगी।

# गोबर डालने के विवाद में मारपीट

संवाददाता बिंदकी

- **पड़ोसी ने महिला को मारपीट कर किया घायल**
- **घायल महिला ने पुलिस से की शिकायत, शुरू हुई जांच**

**अमृत विचार।** गोबर डालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसमें महिला के साथ पड़ोसी ने मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला अपने पति के साथ पुलिस के पास पहुंची और पुलिस को लिखित तहरीर देकर शिकायत किया। वहीं महिला की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के डीघ गांव की महिला शिव देवी पत्नी रमेश मंगलवार को अपने पति के साथ कोतवाली बिंदकी पहुंची पुलिस को एक तहरीर दी। जिसमें शिकायत किया कि वह घूर गड्ढे में गोबर डाल रही थी तभी पड़ोसी राम रूप अपशब्द बोलने लगा अपशब्द बोलने से मना करने पर मारपीट कर दी। पीड़ित महिला के अनुसार जब उसके पति रमेश ने शिकायत किया तो उससे भी झगड़ा करने में आमादा हो गया। पीड़ित महिला शिव देवी की शिकायत पर पुलिस ने पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

### जमीन के विवाद में बेटे ने पिता के साथ की मारपीट

**बिंदकी।** प्रॉपर्टी के विवाद में पुत्र ने 80 वर्षीय वृद्ध पिता के साथ मारपीट कर दी पीड़ित वृद्ध पुलिस के पास पहुंचा शिकायत किया। पुलिस ने वृद्ध का मेडिकल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।कोतवाली क्षेत्र के बेहटा गांव में प्रॉपर्टी के विवाद में 80 वर्षीय बुजुर्ग शरीफउद्दीन के साथ उसके पुत्र अजीजुद्दीन ने मारपीट कर दी। पीड़ित शरीफउद्दीन मंगलवार को कोतवाली बिंदकी पहुंचा और पुलिस से शिकायत की। पीड़ित बुजुर्ग की शिकायत पर पुलिस ने उसका मेडिकल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया और पूरे मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़ित बुजुर्ग ने पुलिस से बताया कि उसका पुत्र अजीजुद्दीन अक्सर अपशब्द बोलता है प्रॉपर्टी को लेकर विवाद करता है। जबकि वह अपनी पत्नी के साथ अलग रहता है और उसका बेटा अजीजुद्दीन अलग रहता है। वह किसी तरह की कोई मदद नहीं करता जबकि दूसरा पुत्र बाहर रहता है कमाता है और हम लोगों की आर्थिक सहायता भी करता है।



# नदी–नहर खुद प्यासे पशु–पक्षी कहां जाएं

संवाददाता, फतेहपुर

- **भीषण गर्मी में उत्पन्न होने लगा जल संकट**
- **जिम्मेदार गांव के तालाबों में पानी भरना भी भूले**

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी से हर वर्ग परेशान है। नहरों एवं रजबहों में पानी सूख चुका है और नदियों में काफी पानी कम हो जाने से सूखने की ओर पहुंच रही हैं। नहरों एवं नदियों में पानी न होने से खासकर पशु-पक्षी बेहाल हो रहे हैं। वहीं जल स्तर की समस्या भी पैदा होने लगी है।

जनपद में रिन्द नदी, पाण्डू नदी, ससुर खदेरी, नोन नदी समेत गंगा यमुना जिले से होकर बहती हैं। इसके अलावा सैकड़ों किमी लंबे रजवाह और निचली गंगा नहर व राम गंगा नहर भी हैं। लेकिन इनमें पानी का इंतजाम नहीं है। किसान दिनेश दीक्षित, संजय तिवारी, प्रमोद दुबे आदि का कहना है कि नहरों में पानी न होने से जंगली मवेशी, पशु पक्षी प्यासे व्याकुल नजर आते हैं। वहीं फसलों की सिंचाई भी नहीं हो पा रही है। नदी किनारे तलहटी में बसें गांव के कास्तकार नदियों से अपनी फसलों की सिंचाई करते हैं। नदी का पानी काफी मात्रा में कम होने से कहीं कहीं पर जलधारा सिमट कर सूखने की कगार पर पहुंच गई है। जिसके चलते फसलों की सिंचाई करना संभव नहीं रहा। इनमें मवेशी भर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। इन नदियों में पानी का इंतजाम न के बराबर है। नहरों में भी पानी नहीं छोड़े जाने से किसानों की फसलों की स्थिति सूखने की कगार पर पहुंच गई है।

# जहरीला कीड़ा काटने से युवक की मौत

**फतेहपुर।** सोमवार की शाम खेत में काम करते समय एक युवक को जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी इलाज दौरान मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मचा रहा।

सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के मड़ाईहार गांव निवासी भोला का पुत्र सुनील सोमवार की शाम खेतों में काम कर रहा था इसी दौरान जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया।

इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे तत्काल उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां कुछ देर इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

एजेंट के लिए आवेदन मांगे | प्रेक्षक की मौजूदगी में खोला जाएगा स्ट्रांग रूम का ताला

# सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति नहीं बनेंगे गणना अभिकर्ता

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** चार जून को मंडी समिति में होने जा रही काउंटिंग की तैयारियों में प्रशासन जुटा हुआ है। गणना में सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति या जनप्रतिनिधि एजेंट नहीं बन पाएंगे। जिस क्षेत्र की गणना के लिए एजेंट की नियुक्त होगा उसका संबंधित विधानसभा का निवासी होना जरूरी है। एजेंटों की नियुक्ति के लिए 31 मई तक आवेदन मांगे गए हैं।

चार जून को लोकसभा निर्वाचन के मतों की मतगणना राधानगर स्थित ढकौली के पास मंडी समिति में संपन्न होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी सी इन्दुमती ने बताया कि विधानसभावार मतगणना का कार्य एक साथ सुबह आठ बजे से शुरू होगा। विधानसभा क्षेत्रवार कुल 19 टेबल (एक सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की टेबिल सहित विधान सभावार) लगाई जाएंगीं एवं पोस्टल बेलेट पेपर के लिए अलग से टेबल स्कैनिंग सहित शामिल रहेगीं।



मतगणना एजेंट के लिए उन्होंने निर्देश जारी किए हैं कि जिला निर्वाचन कार्यालय से प्रारूप 18 आवश्यक मात्रा में प्राप्त कर 31 मई तक आवेदन संबंधित एआरओ के समक्ष प्रस्तुत किए जा सकते है। आवेदन पत्र के साथ प्रत्येक गणना अभिकर्ता की दो टिकट साइज फोटो उपलब्ध कराना आवश्यक है।

आयोग के निर्देशानुसार गणना अभिकर्ता की नियुक्ति हेतु जारी निर्देशों के क्रम में निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति या जनप्रतिनिधि एजेंट नहीं बन पाएगा। गणन अभिकर्ता को उसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता होना आवश्यक है और प्रारूप 18 के साथ अपना आधार कार्ड व मतदाता फोटो पहचान पत्र संलग्न करना भी आवश्यक है।

- **मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू होगी**
- **मतदाता फोटो पहचान पत्र एजेंट बनने के लिए जरूरी**

### सुबह छह बजे खुलेगा स्ट्रांग रूम

चार जून को मण्डी समिति स्थित मतगणना पाण्डालों में सुबह आठ बजे से मतगणना प्रारम्भ होगी। प्रेक्षक की उपस्थिति में सुबह छह बजे स्ट्रांग रूम को खोला जाएगा। प्रत्याशी और अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थिति रह सकेंगे। पोस्टल बैलेट पेपर लाने वाले वाहन के साथ मण्डी समिति तक निगरानी के लिए अपना वाहन अधिकृत व्यक्ति भी लगा सकते हैं। मतगणना समाप्ति के के बाद मण्डी समिति में स्थापित सिंबल लोडिंग यूनिट (एसएलयू) स्ट्रांग रूम को खोलकर विधानसभावार प्रयुक्त एसएलयू को मण्डी समिति स्ट्रांग रूम से ईवीएम वेयर हाउस में लाकर सुरक्षित रखी जाएगी। ईवीएम एवं वीवीपैट (एएचबी श्रेणी) की मशीनों को मण्डी समिति से लाकर जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस में रखा जायेगा।

# छत से गिरकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम इरादतपुर केशव में सोमवार की शाम छत से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

हथगाम के इरादतपुर केशव गांव निवासी रामदुलारे सिंह का पुत्र चंद्रभूषण सिंह सोमवार की शाम छत पर किसी काम से गया था। तभी अचानक पैर फिसल जाने से वह नीचे गिर पड़ा और बुरी तरह घायल हो गया।

परिजन उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी मृतक के छोटे भाई धर्मपाल ने दी है।

# हेल्प-मी डेस्क सूनी, किससे करें पूछताछ

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में पहुंचने वाली भीड़ को राह दिखाने का जरिया नदारद नजर आ रहा है। कहने को तो हेल्प मी के नाम से डेस्क खुली है लेकिन इस पर किसी कर्मचारी की मौजूदगी नहीं रहती। लिहाजा दूर दराज से आने वाली जनता को तरह तरह की दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है।

ठाकुर जोधा सिंह अटैया ठाकुर दरियांव सिंह चिकित्सा महाविद्यालय से संबंध जिला अस्पताल में दो साल पहले पूछताछ केंद्र स्थापित किया गया था। बाह्यरोगी पंजीयन कक्ष के पास स्थापित हेल्प मी डेस्क ने कुछ दिन तो काम किया। बाद में अनेदखी के कारण यह अनुपयोगी साबित होने लगी। इस डेस्क की स्थापना का मकसद मरीज व तीमारदारों को अस्पताल की सेवाओं के बारे में एक प्लेटफार्म पर जानकारी देना था। यहां के अकेले बाह्यरोगी विभाग में ही रोजाना हजार के आसपास मरीज पहुंच रहे हैं। उनके साथ तीमारदार भी रहते हैं। इसके अलावा अंतः रोगी विभाग में भर्ती रहने वाले सवा सौ से ज्यादा मरीजों से मिलने को उनके नाते रिश्तेदार व दोस्त यार भी पहुंचते हैं। बहुमंजिली इमारत होने के कारण इस अस्पताल की सेवाओं का दायरा भी बड़ा है। इस लिहाज से मी हेल्प मी डेस्क का प्रभावी होना जरूरी है लेकिन यही देखने को नहीं मिल पा रहा है। मंगलवार की सुबह 11 बजे इस डेस्क पर किसी कर्मचारी का पता नहीं रहा। बाह्य रोगी विभाग से एक रुपये का पर्चा कटवाने वाले श्शहर के कलक्टरगंज से आए आशीष सिंह को अपने बच्चे को फिजीशियन को दिखाना था। वह पर्चा लेकर दस मिनट तक टहलते रहे। कोई जिला महिला अस्पताल तो कोई उन्हें अंतः रोगी विभाग भेजता रहा।



जिला अस्पताल में में बना पूछताछ केंद्र।

- **रोजाना पहुंचने वाली बड़ी संख्या में भीड़ की देखते बन रही है परेशानी**

> हेल्प–मी डेस्क में कार्मिक की तैनाती है। जिम्मेदारी से भागने वालों पर किसी तरह की मुरव्वत नहीं की जाएगी। अच्छा होगा कि आदतों में सुधार लाया जाएगा। निरीक्षण में जो सामने आएगा। उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –डा. पीके सिंह, सीएमएस

# पश्चिमी विक्षोभ का असर, लगातार चौथे दिन पारा 45 डिग्री के पार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**45.5** डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान | **28.4** डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान



शहर में जीटी रोड पर दोपहर में इस तरह निकले बाइक सवार। अमृत विचार

- रात में भी तापमान बढ़ने से गर्मी के साथ उमस ने भी किया परेशान
- दोपहर में गर्म हवा के थपेड़ों ने किया बेहाल, सड़कों पर रहा सन्नाटा

**अमृत विचार।** नौतपा में लगातार चौथे दिन पारा 45 डिग्री से ऊपर रहा, जिससे लोग बेहाल रहे। पश्चिमी विक्षोभ के कारण तापमान में गिरावट की बजाय उछाल आ रहा है, जिससे लोगों का जीन दुश्वार हो रहा है। गर्म हवा के थपेड़ों ने आम जनमानस को बेहाल कर दिया और लोग घरों में कैद होने को मजबूर कर दिया। वहीं, रात में भी तापमान बढ़ने से गर्मी के साथ बढ़ी उमस ने लोगों की नींद हराम कर दी।

मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। 15 किलोमीटर प्रतिघंटा के वेग से चली गर्म हवाओं ने बदन झुलसा दिया। तेज धूप से लोगों की बेचैनी बढ़ गई। दोपहर बाद तो सड़कों पर सन्नाटा छा गया। बिजली की आंखमिचौनी भी परेशानी का सबब बनी। मौसम विभाग ने कहा है कि अभी गर्मी कम नहीं होने वाली है । प्रदेश के कई जिलों में लू चल रही है। सुबह दस बजे से ही तीखी धूप ने कहर बरपाना शुरू कर दिया था, दिन चढ़ने के साथ पारा और चढ़ता गया। दोपहर के बाद तो लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। हवा में नमी मात्र 14 प्रतिशत रिकार्ड की गई।

कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरेंद्र कुमार ने बताया कि इस समय पश्चिमी विक्षोभ में हीटवेव चल रही है। राजस्थान से आने वाली गर्म हवा ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार समेत बंगाल को अपने चपेट में ले लिया है। हीटवेव के कारण उत्तरी भारत का पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। इस तरह की स्थिति आगे भी बने रहने की उम्मीद है।



कस्बे में नींबू की शिकंजी पीते लोग। अमृत विचार

### गर्मी से बेहाल हुए पशु-पक्षी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कुछ दिनों से लगातार आसमान छू रहे तापमान ने गर्मी की तपिश को सातवें आसमान तक पहुंचा दिया। गर्म हवाओं और लू के थपेडों से जहां आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। तो पशु-पक्षी भी आग उगल रही गर्मी से तिलमिला उठे है। नागरिक तो किसी तरह गर्मी से राहत पाने के साधन तलाश लेते है। जबकि पशु-पक्षी भूख प्यास से व्याकुल होकर गर्मी की भेंट चढ रहे हैं। आग उगल रही गर्मी से बाजारों में सन्नाटा पसरा है।

## दुपट्टे से फंदा लगाकर युवती ने की आत्महत्या

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी बात से आजिज आकर युवती ने छत पर लगे कुंडे से दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



नगर के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी आरिफ की पुत्री अन्नू (18) ने सोमवार की सुबह किसी बात से क्षुब्ध होकर कमरे में छत के कुंडे से दुपट्टा का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। पिता की सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक राजेश प्रताप सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाल जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## बेड पर मिला विवाहिता का शव, दहेज हत्या का आरोप

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- पिछले साल मई में हुई थी शादी, ससुराली कर रहे थे दहेज की मांग

**अमृत विचार।** विवाहिता का शव बेड पर पड़ा मिला। मायके से पहुंचे परिजनों ने ससुरालीजनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



सौम्या।

ओरैया जनपद के दिबियापुर थाना क्षेत्र के अमौआहार गांव निवासी बलवान सिंह पुत्र देव सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पिछले साल मई में बेटी सौम्या की शादी इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के मनसुखपुर्वा गांव निवासी जितेंद्र सिंह के साथ की थी। शादी के कुछ दिन बाद ससुरालीजन दहेज में कार व सोने की चेन की मांग कर प्रताड़ित करने लगे। सोमवार की शाम को बेटी फोन पर बात कर रही थी और बता रही थी कि दहेज के लिए पति समेत अन्य ससुरालीजन मारपीट कर रहे हैं। इसी दौरान पति आ गया और फोन छीन लिया। इसके बाद रात करीब दो बजे पड़ोसियों ने सूचना दी कि उसकी बेटी की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंचने पर बेटी का शव कमरे में बेड पर पड़ा था और मौके से सभी ससुरालीजन फरार थे।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष आंनद कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है और तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिले की बिजली व्यवस्था ध्वस्त, सूख रहीं फसलें

### निजी नलकूपों को नहीं मिल रही आपूर्ति, सिंचाई हो रही बाधित, अन्नदाता परेशान, विभाग की दिक्कत-ट्रांसफार्मर बचाकर कैसे दें पर्याप्त बिजली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में बिजली व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। खेतों में खड़ी मक्का की फसल सूखने लगी है। इससे किसान परेशान हैं। विभाग की परेशानी है कि ट्रांसफार्मर बचाकर कैसे लोगों को पर्याप्त बिजली दे।

जिले की बिजली व्यवस्था भीषण गर्मी में जवाब दे गई है। गांव व कस्बों में 18 से 20 घंटे की जगह पांच से छह घंटे ही आपूर्ति मिल रही है। निजी नलकूपों को निर्बाध 10 घंटे बिजली देने के आदेशों पर भी पानी फिर गया है। दो से तीन घंटे ही बिजली दी जा रही है। विभाग गर्मी के मौसम में बिजली की खपत अधिक बता कर ओवरलोडिंग की समस्या गिना रहा है। वह खुद उपकेंद्रों पर लगे ट्रांसफार्मर बचाने में जुटा है। उनका मानना है कि गर्मी में यदि किसी उपकेंद्र का ट्रांसफार्मर फुक गया तो उसे बदलना संभव नहीं होगा क्योंकि सप्लाई देने वाली कंपनियों के पास ट्रांसफार्मर ही नहीं है। इसके चलते अधिकारी ओवरलोडिंग होने पर बिजली काटने के निर्देश कर्मचारियों को लगातार दे रहे हैं। एक उपकेंद्र के एसएसओ ने बताया कि टंप्रेचर अधिक हो रहा है। इस दौरान सप्लाई चालू रखने से मशीनें जल सकती हैं। इसीलिये अधिकारी किसी भी समय उपकेंद्र को चेक कर रहे हैं। यदि कर्मचारी अधिक तापमान के बाद भी आपूर्ति जारी रखते मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। इसीलिये काट काट कर सप्लाई दी जा रही है। एक्सईएन मगन सिंह का कहना है कि काट काट कर सप्लाई देने से लोगों के घरो में पीने के पानी की किल्लत नहीं होगी। साथ ही उनके इंवर्टर चार्ज होते रहेंगे।



पानी के अभाव में सूख रही खेत में खड़ी मक्का की फसल। अमृत विचार

### गर्मी का कारण पेड़ों की अंधाधुंध कटान को मान रहे फेसबुकिया

फेसबुकिया भीषण गर्मी में नसीहत देने लगे हैं। एक संदेश में कहा गया कि देश भंयकर गर्मी की मार झेल रहा है। यहाँ तक बिजली के ट्रांसफार्मर भी काम नहीं कर रहे हैं। उनको भी कूलर की जरूरत पड़ने लगी है। कर्मचारी पानी डालकर उनकों ठंडा कर रहे हैं। लोग गर्मी से बचने के लिए 28 हजार की एसी, 10 हजार का कूलर, तीन हजार का पंखा खरीदने के बाद भी उनको गर्मी से सकून नहीं मिल रहा है। यदि हम समय रहते मात्र 20 रुपये का पौधा खरीद कर पेड़ तैयार कर दें तो आने वाली पीढ़ी को गर्मी से निजात मिल जाए। साथ ही तापमान 44 से 47 डिग्री तक नहीं पहुंचता। फेसबुकिया पुलिस विभाग से भी अनुरोध कर रहे हैं कि वह अपने क्षेत्र मे पेड़ कटने पर रोक लगाएं।

### उपकेंद्रों पर लग रहे कूलर

जिले से सभी विद्युत उपकेंद्र ओवरलोडिंग से जूझ रहे हैं। इस लिये ट्रांसफार्मर गर्म होने पर बिजली का भारी कटौती की जा रही है। अधिशाषी अभियंता ने सोमवार को विद्युत उपकेंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित जेई को निर्देश दिये कि वह अपने-अपने उपकेंद्रों पर लगे ट्रांसफार्मर को ओवरहीट होने से बचाने के लिये उनमें दो से तीन कूलर लगवाएं।

### बिजली व्यवस्था को सुधारने में सहयोग

घर में सभी विद्युत उपकरण एक साथ न चलायें। पानी की मोटर, प्रेस, वाशिंग मशीन अन्य भारी लोड के उपकरण सुबह पांच से 11 बजे तक चलायें। शाम छह से रात 11 बजे तक फ्रिज बंद रखें। शाम को छह बजे से 11 बजे तक अपने घर में लगे एसी को लगातार न चला कर आधा-आधा घंटे के अंतराल में चलायें।

## कटौती, ट्रिपिंग से परेशान किसान पहुंचे बिजलीघर

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष मो. शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल अघोषित कटौती, ट्रिपिंग, ओवरलोडिंग, फाल्ट आदि समस्याओं को लेकर बिजली घर पहुंचा और उच्चाधिकारियों सहित अवर अभियंता से निस्तारण को लेकर वार्ता की।

बिजली समस्याओं को लेकर 20 मई को भाकियू टिकैत के द्वारा गुरसहायगंज विद्युत उपकेन्द्र का घेराव किया गया था। समस्या के निस्तारण के लिए विभाग को 05 दिन का समय भी दिया गया था। इसके बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं हुआ। इसके चलते जिलाध्यक्ष मो. शमीम सिद्दीकी ने पदाधिकारियों मुईन अहमद, डब्लू ठाकुर, शैलेंद्र कुमार, रिजवान अहमद, शकील खान, बलराम के साथ बिजली घर पहुंच कर अवर अभियंता विकास कुमार से वार्ता की और समस्या का जल्द से जल्द निस्तारण करने की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों की फसलें सूख रही हैं। व्यापार भी चौपट है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि लगभग एक घंटे तक फोन पर चली वार्ता में अवर अभियंता ने बताया कि इंदुईयागंज उपकेन्द्र में ट्रांसफार्मर रखने के लिए फाउंडेशन का कार्य चल रहा है। 05 एमबीए का ट्रांसफार्मर भी डिस्पैच कर दिया है। इसमें लगभग 05 दिन का समय और लगेगा। ट्रांसफार्मर मिलते ही इसे लगाने का कार्य किया जाएगा। ट्रांसफार्मर लगने से गुरसहायगंज उपकेन्द्र का लोड कम हो जाएगा। इससे नगर सहित क्षेत्र के सारे फीडर सही से संचालित होंगे।



जेई विकास कुमार से वार्ता करते जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी।

### ओवरलोडिंग कम करने के लिए बकायेदारों के काटेंगे कनेक्शन

**तिर्वा, कन्नौज।** बिजली की अधिक ओवरलोडिंग के दौरान हो रहे फाल्टों को लेकर निरीक्षण के लिए निकले अधिशाषी अभियंता ने बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटने के निर्देश दिए। कस्बे में हो रहे बिजली फाल्टों को लेकर निरीक्षण के लिए आए अधिशाषी अभियंता मगन सिंह ने उपभोक्ताओं के लगे घरों पर मीटर में लोडिंग की जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि जो बड़े बकायेदार हैं उनके कनेक्शन काट दिए जाएं। इससे ओवरलोडिंग पर रोक लगाई जा सके।

## फर्जी कार्ड बनाकर राशन लेने का मामला हुआ उजागर

**तिसौली।** फर्जी राशन कार्ड से राशन लेने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में कोटेदार के से शिकायत करने के बाद दंपति ने दूसरे राशन कार्ड में फर्जीवाड़ा कर लिया। कोटेदार ने फर्जी कार्ड धारक पर गाली गलौज व धमकी देने का आरोप भी लगाया है।

ग्राम अदमापुर कोटेदार रेनू यादव ने बताया कि ग्राम तिसौली निवासी राम बेटी पत्नी अमर सिंह द्वारा फर्जीवाड़ा कर कार्डधारक राम बेटी पत्नी छविनाथ निवासी आदमपुर के राशन कार्ड पर लगातार तीन वर्षों तक राशन लिया गया। इसके बाद अमर सिंह ने ग्राम तिसौली निवासी मृतक विनोद पुत्र रामप्रसाद के राशन कार्ड में फर्जीवाड़ा किया। जबकि विनोद की मृत्यु 05 जनवरी 2021 को हो चुकी है। इसका मृत्यु प्रमाण पत्र भी उनके पास है। इसमें अमर सिंह निवासी ग्राम तिसौली ने आधार कार्ड में विनोद नाम दर्ज कराकर कन्नौज में जमा करा लिया। जानकारी होने पर कोटेदार के पति नागेंद्र ने कहा तो अमर सिंह के पुत्र रूपेंद्र ने गाली गलौज कर धमकी दी। इसके बाद कोटेदार ने कन्नौज जाकर खाद्य विभाग में फर्जीवाड़े की शिकायत की और फर्जी कागजात देखे।

## बच्चे की मौत के बाद किया हंगामा

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** निजी अस्पाताल में भर्ती एक बच्चे की इलाज के अभाव में मौत हो गई। जानकारी होते ही मौके पर परिजनों के साथ पहुंचे समर्थकों ने लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाकर शांत कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली के बछज्जापुर गांव निवासी रामनिवास के 9 साल के पुत्र रितिष को दो दिन पहले से बुखार व दस्त आने लगे। सोमवार की रात उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ी तो परिजन उसे इंदरगढ़ तिराहा पर स्थित निजी अस्पताल लेकर आए। यहां संचालक ने उसे भर्ती कर उपचार कराने की सलाह दी। इस पर उसने पुत्र को भर्ती करा दिया। अस्पताल कर्मचारियों ने उसका इलाज शुरू कर दिया। देर रात बच्चे की मौत हो गई। मौत की जानकारी होते ही परिजनो मे कोहराम मच गया। मंगलवार की सुबह पहुंचे अन्य परिजन व उनके समर्थकों ने लापरवाही का आरोप लगाकर अस्पताल के बाहर गोद मे शव लेकर हंगामा शुरू कर दिया। करीब दो घंटे चले हंगामे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिलाकर शांत कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल जेपी गंगवार ने बताया कि निजी अस्पताल में बच्चे की मौत के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



गोद में बच्चे का शव लेकर बिलखते परिजन। अमृत विचार

## दूसरी मंजिल से गिरा युवक, हुई मौत

**तालग्राम।** शौचालय जाने के लिए रात में उठे युवक का नींद में पैर फिसल गया। इससे वह मकान की दूसरी मंजिल से नीचे गिरकर घायल हो गया। मेडिकल कालेज ले जीते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

ग्राम मुण्डाला निवासी रामवीर यादव का पुत्र राहुल यादव (27) सोमवार की रात खाना खाकर घर की दूसरी मंजिल पर गया। देर रात वह शौचालय जाने के लिए उठा। इसी दौरान नींद में उसका पैर फिसल गया। इससे वह नीचे गिरकर घायल हो गया। आनन फानन परिजनों ने उसे कस्बा के सीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने उसके सिर व सीने में गंभीर चोट होने के कारण तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## अघोषित बिजली कटौती पर भड़के व्यापारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मुंह काला करो अभियान चलाने की चेतावनी दी

**अमृत विचार।** बिजली की दुर्दशा से व्यापार पर असर पड़ रहा है। इससे भड़के व्यापारियों ने शीघ्र सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। विभिन्न विभागों द्वारा व्यापारियों का आर्थिक शोषण बंद न किए जाने पर मुंह काला करो अभियान चलाने की भी चेतावनी दी।

इससे पहले अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के आह्वान पर आवास -विकास छिबरामऊ में स्व. हरिश्चन्द्र जी अग्रवाल की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान व्यापारी प्रेरणा दिवस का आयोजन किया गया। इसमें छिबरामऊ के व्यापारियों अखिलेश दुबे, हाजी मोहम्मद इसरार खां, विपिन शर्मा, जवाहर लाल वर्मा, अशोक सक्सेना, राम रतन गुप्ता, प्रदीप मिश्र, सरदार राजेन्द्र सिंह आदि का अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान सामयिकी विद्युत आपूर्ति की अत्यन्त दयनीय दशा पर बहुत कड़ा रोष प्रकट करते हुए शीघ्र सुधार करने की चेतावनी भी दी गई। जीएसटी विभाग, आयकर विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग,श्रम प्रवर्तन विभाग, जिला उद्योग केन्द्र, ग्रामोद्योग केन्द्र, कांटा बांट माप विभाग, विद्युत विभाग, जनपदीय प्रशासनिक कार्यालयों सहित तहसीलों में व्याप्त घोर भ्रष्टाचार के विरुद्ध नौकरशाही को कड़ी चेतावनी दी गई कि अपनी कार्यशैली में शीघ्र सुधार करें। उद्यमियों एवं व्यापारियों का आर्थिक शोषण बंद करें अन्यथा अंतिम इलाज़ 'मुंह काला करो अभियान' चलाने पर संगठन को मजबूर होना पड़ेगा।

इस मौके पर प्रदेश मंत्री एवं जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल कन्नौज अनिल कुमार गुप्ता, राजीव दुबे,नरेश वर्मा, रामानंद वर्मा, राजेश सक्सेना,नेमीचंद राठौर, विनीत वर्मा सिम्पल,विनय वर्मा,सुभाष चन्द्र दुबे गुड्डू, दिलीप गुप्ता, भास्कर चतुर्वेदी आदि व्यापारी मौजूद रहे।



छिबरामऊ में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद व्यापारी संगठन के पदाधिकारी।

**कवायद** — चाइल्डलाइन की टीम ने शहर के कई स्थानों का किया सर्वे, ली जानकारी

# भीख मांगने वाले बच्चों को किया चिह्नित, होगी काउंसिलिंग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शासन की योजनाओं से किया जाएगा लाभान्वित, दुकानदारों को दी चेतावनी
- भीख मांग रहे कई बच्चों के माता-पिता को बुलाकर समझाया गया

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव के आह्वान पर चाइल्ड लाइन की टीम ने शहर के कई स्थानों का भ्रमण किया और भीख मांगने वाले या खिलौने व अन्य सामान बेचने वाले बच्चों को चिन्हित किया। अब इन बच्चों के माता-पिता या परिजनों को बुलाकर काउंसिलिंग की जाएगी तथा शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। छोटे बच्चों से काम कराने वाले दुकानदारों को चेतावनी भी दी गई।

मंगलवार को चाइल्ड लाइन की काउंसलर छाया राठौर, आशीष राठौर, रूबी अग्निहोत्री, सुपरवाइजर प्रमोद कुमार, बाल कल्याण समिति से अजीत राठौर व पैरामेडिकल से रीता ने शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों और बाजारों का सर्वे किया। उन्होंने बाबा गौरीशंकर मंदिर, मेन बाजार, फूलमती देवी मंदिर, मकरंदनगर समेत कई स्थानों का भ्रमण कर भीख मांग रहे व खिलौने आदि बेच रहे बच्चों व महिलाओं को चिन्हित किया। टीम ने बच्चों से जानकारी ली तो सभी ने अपनी घरेलू परिस्थितियों का हवाला दिया। कई बच्चों के माता-पिता को बुलाकर समझाया गया। वहीं, दुकानों में बच्चों से काम कराने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी गई। टीम ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिले भर में यह अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें ऐसे बच्चों को चिन्हित किया जाएगा, जो स्कूल नहीं जा रहे हैं और प्रतिदिन बाजार में या मंदिरों के बाहर भीख मांगते हैं। इन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा और बाल कल्याण की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। इसके लिए माता-पिता व अभिभावक की काउंसिलिंग की जाएगी।



बच्चों से जानकारी लेतीं चाइल्ड लाइन की काउंसलर छाया राठौर व रूबी अग्निहोत्री।

> शासन के निर्देश पर टीम गठित कर दी गई है, जो पूरे जिले में भ्रमण कर भीख मांगने वाले बच्चों को चिन्हित कर सकते हैं। यदि किसी को इस तरह के बच्चे दिखाई दें तो वह चाइल्ड लाइन नंबर 1098 पर कॉल कर सूचना दे सकते हैं।
> -विजय कुमार राठौर, जिला संरक्षण अधिकारी

# अभिकर्ताओं को विश्वास में लें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कलेक्ट्रेट सभागार में मतगणना अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण
- मतगणना स्थल पर मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस रहेगी प्रतिबंधित

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की मतगणना निष्पक्ष एवं पारदर्शी होनी चाहिए। मतगणना स्थल पर मोबाइल या किसी भी तरह की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस प्रतिबंधित रहेगी। मतगणना कार्मिक गणना अभिकर्ताओं को विश्वास में लेकर कार्य करें तथा चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित सभी प्रारूपों को सही तरीके से भरें। मंगलवार को मतगणना अधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान यह निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि काउंटिंग की प्रक्रिया पूरी सावधानी के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ की जाए। कहा कि प्रारूप में मतदेय स्थल का नाम, टेबल नंबर, कंट्रोल यूनिट नंबर, चक्र संख्या को सही से भरा जाए। मतगणना कार्य में लगे माइक्रोऑब्जर्बर, सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मियों को जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है उसे गहनता से समझे और अपने अपने नोट बुक में अंकित जरूर कर लें, ताकि उस दिन किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मतगणना कार्य में किसी प्रकार की कोई चूक अथवा गलती न हो इस पर विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि प्रारूप को साफ शब्दों में भरें और फॉर्म भरने में जो अंतरराष्ट्रीय अंक है उसी का प्रयोग करें। कहा कि प्रारूप 17सी महत्वपूर्ण है। पार्ट-1 को पीठासीन अधिकारी ने तैयार किया है और पार्ट-2 को मतगणना अधिकारी अच्छे से तैयार करेंगे। एआरओ के माध्यम से कंट्रोल यूनिट (सीयू) जो टेबल में एलॉट की गई है उसी को काउंट करना है इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। सीयू को खोलते समय काउंटिंग एजेंट को अवश्य दिखाएं, उसे विश्वास में लेकर कार्य करना है। मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन और इलेक्ट्रानिक डिवाइस प्रतिबंधित रहेगी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार उपस्थित रहे।

# डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, 10 घायल

## गुस्साए ग्रामीणों ने डंपर में की जमकर तोड़फोड़, अन्य वाहनों पर भी हमला, लगभग 35 लोग थे ट्रॉली पर सवार

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** ईशन नदी पुल के पास बच्चे के मुंहबोर (अन्नप्राशन) संस्कार के लिए जाते समय ट्रैक्टर ट्राली में डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर ट्राली पर सवार 35 लोगों में से 10 घायल हो गए। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने डंपर में तोड़फोड़ करते हुए अन्य वाहनों के शीशे भी तोड़ने का प्रयास किया। इससे राहगीरों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घायलों को अपनी गाड़ियों से सीएचसी में भर्ती कराया। इस दौरान आधा घंटा रोड पर जाम लग रहा और आक्रोशित भीड़ को पुलिस ने खदेड़ कर जाम खुलवाया।

मंगलवार को छिबरामऊ थाना क्षेत्र के गांव अतरौली निवासी रिशु उर्फ अमन पुत्र अहिवरन राजपूत के पांच माह के बेटे अंश के मुंहबोर संस्कार के लिए गांव एवं रिश्तेदारी से 60 लोग दो ट्रैक्टरों से सौरिख थाना क्षेत्र के गांव कुसका में ब्रह्मदेव मंदिर पर जा रहे थे। दोपहर बाद करीब सवा दो बजे ईशन नदी के पास अडनापुर मोड़ पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने एक ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर ट्राली पलट गई और उसमे बैठे 10 लोग घायल हो गए। लोगों में चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी होते ही गांव से सैकड़ों





अस्पताल में भर्ती हादसे में घायल लोग।

● बच्चे के अन्नप्राशन संस्कार के लिए जाते समय हुआ हादसा

लोग मौके पर पहुंच गए और डंपर में तोड़फोड़ कर दी। अन्य वाहनों के शीशे भी तोड़ने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायल अंश (05) पुत्र रिशु ,काजल(17) पुत्री अवधेश ,साधना (16) पुत्री अशोक, अंशुल (9)पुत्र अमन, टर्री(7) पुत्र अमन, प्रीति (28) पत्नी रिशु, कमला देवी (55)पत्नी अहिवरन सिंह, सभी निवासी गढ़ अतरौली, रिश्तेदार नीतू (30) पत्नी धर्मेंद्र निवासी गढ़िया ब्रहिमपुर, रामपोती(60) पत्नी प्रताप राजपूत निवासी रेरी रामपुर , ऋतिक पुत्र रोहित निवासी निधौरा जिला औरैया को अपनी गाड़ियों से सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टर ने अंश,नीतू साधना,अंशुल, काजल की हालत गंभीर होने पर तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं अन्य के मामूली चोटें आई थी जिनका इलाज सीएचसी में चल रहा है।



घटना के बाद मौके पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

### कस्बा इंचार्ज से भीड़ ने की धक्कामुक्की

कस्बा इंचार्ज राकेश पटेल एवं कांस्टेबल दौलत राम मौके पर पहुंचे तो उग्र भीड़ द्वारा डंपर में तोड़फोड़ की जा रही थी। मना करने पर भीड़ ने दोनों के साथ भी धक्कामुक्की कर दी। कस्बा इंचार्ज ने तुरंत सौरिख थाने में सूचना करके अधिक पुलिस फोर्स बुला लिया। प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह भारी बल के साथ पहुंचे और भीड़ को लाठी पटककर भगाया। तोड़फोड़ करते समय पुलिस कर्मियों द्वारा वीडियो बनाया गया है। चिन्हित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### तोड़फोड़ की जानकारी पर कई थाने का भी फोर्स पहुंचा

तोड़फोड़ की जानकारी होते ही सौरिख पुलिस ने मौके पर पहुंच कर भीड़ को काबू किया। उच्च अधिकारियों के निर्देशन पर छिबरामऊ एवम सकरावा थाने का भी फोर्स पहुंच गया ।

### घटना के बाद सीएसबी रोड पर लगा रहा जाम

घटना के बाद सौरिख–छिबरामऊ रोड पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। घटना दोपहर के 2:15 बजे हुई थी। उसके बाद बीच सड़क पर ट्रैक्टर ट्राली एवं डंपर के खड़े होने के चलते एक साइड पूरी बंद होने से आवागमन ठप हो गया। आधे घंटे से अधिक जाम लगने के चलते वाहनों की लंबी कतारें लग गई। प्रभारी निरीक्षक सचिन कुमार सिंह ने क्रेन मगाकर दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाकर जाम खुलवाया।

# कोर्ट में स्वीकार किया अपना अपराध, दो साल की सजा



कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) ने सुनाई सजा, पांच हजार रुपये अर्थदंड

● चोरी, धोखाधड़ी व जालसाजी को लेकर लगाया गया था गैंगस्टर अधिनियम

**अमृत विचार।** चोरी, धोखाधड़ी व जालसाजी के मामले में आरोपी युवक ने कोर्ट में अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिस पर विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) ने दो साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। जुर्माने की धनराशि अदा न करने पर उसे एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। गौरतलब है कि दोषी युवक इतनी सजा जेल में काट चुका है।

शासकीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पांडेय ने बताया कि चोरी, जालसाजी व धोखाधड़ी के मामलों को लेकर पुलिस अधीक्षक की संस्तुति व जिलाधिकारी की अनुमति पर 23 नवंबर 2016 को तत्कालीन सौरिख थानाध्यक्ष संतोष कुमार व्यास ने गैंगलीडर महताब यादव, अशोक यादव, विनोद वर्मा उर्फ खन्ना, लालू यादव व बालकिशन के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कराया था। पुलिस ने इसमें सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था, जिसमें कहा गया था कि सभी अभियुक्त चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर जीवन-यापन करते हैं, जिससे क्षेत्र में इन लोगों की दहशत है। कोर्ट में जब अभियुक्त विनोद वर्मा उर्फ खन्ना पुत्र संतराम निवासी ग्राम रामनगर थाना विछवां जनपद मैनपुरी को पेश किया गया तो उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और कोर्ट से सजा कम दिए जाने की गुहार लगाई। इस पर कोर्ट ने जेल अधीक्षक से रिपोर्ट तलब की। मंगलवार को विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) नंदकुमार ने विनोद वर्मा उर्फ खन्ना को उसकी जुर्म स्वीकारोक्ति पर दो साल का कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। विनोद इतनी अवधि जेल में व्यतीत कर चुका है, इसलिए जुर्माने की धनराशि जमा करने के बाद उसे रिहा कर दिया जाएगा।

### दुष्कर्म के प्रयास में युवक पर 50 हजार रुपये जुर्माना

○ पीड़िता के भाई ने लिखाया था दुष्कर्म व एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा

**कन्नौज।** खेत में शौच के लिए गई युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को कोर्ट से राहत मिल गई। कमजोर गवाही होने के कारण दोषी युवक को केवल दुष्कर्म के प्रयास में 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है, जिसमें से 45 हजार रुपये पीड़िता को दिए जाएंगे। उसे दुष्कर्म तथा एससी–एसटी एक्ट के आरोपों में दोषमुक्त कर रिहा करने के आदेश दिए गए हैं। शासकीय अधिवक्ता यतेंद्र पाल सिंह ने बताया कि 12 सितंबर 2016 को सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने मुकदमा दर्ज कराया था कि सुबह 9 बजे के करीब उसकी बहन खेत पर शौच के लिए गई थी। जैसे ही वह ज्वार के खेत में पहुंची तो वहां पहले से घात लगाए बैठे ग्राम बलही निवासी सर्वेश कुमार पाल ने बहन को दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जब बहन से शोर मचाया, तो गांव के लोग पहुंच गए। इस पर सर्वेश जातिसूचक गाली देते हुए भाग गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियोजन पक्ष की तरफ से दस गवाह पेश किए गए, लेकिन गवाही कमजोर होने के कारण दुष्कर्म व एससी–एसटी एक्ट का आरोप सिद्ध नहीं हो सका। इस पर अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश (एससी–एसटी एक्ट) हरिप्रसाद ने सर्वेश कुमार पाल को दुष्कर्म के प्रयास के आरोप में 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है, जिसमें 45 हजार रुपये पीड़िता को दिए जाएंगे। उन्होंने दुष्कर्म व एससी–एसटी एक्ट में दोषमुक्त कर रिहा करने के आदेश दिए हैं।

# पीड़िताओं को जल्द से जल्द दी जाए क्षतिपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला एवं सत्र न्यायालय सभागार में पुनर्वलोकन समिति की बैठक में विचाराधीन बंदियों की रिहाई तथा पीड़िताओं को क्षतिपूर्ति के बारे में समीक्षा की गई। जिला जज ने निर्देश दिए कि जिन पीड़िताओं को अभी तक क्षतिपूर्ति नहीं मिली है, उन्हें जल्द प्रदान कर न्यायालय को सूचित किया जाए।

मंगलवार को बैठक में जिला जज चंद्रोदय कुमार ने कहा कि जो बंदी लंबे समय से जेल में हैं और सजा व्यतीत कर चुके हैं, उनकी आख्या जिला जेल के अधीक्षक भेजें। ऐसे बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से कानूनी सहायता दिलाई जाएगी। प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने कहा कि पीड़िताओं को क्षतिपूर्ति देने की योजना के बारे में जागरूक किया जा रहा है। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि इस बारे में जिला प्रोबेशन अधिकारी से प्रतिमाह रिपोर्ट मांगी जा रही है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि सभी पुराने मुकदमों में चार्जशीट जल्द से जल्द दाखिल कराने के लिए विवेचना अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस दौरान सीएमओ डॉ. विनोद कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी नवनीत श्रीवास्तव सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में समीक्षा करते जिला जज चंद्रोदय कुमार, साथ में डीएम व एसपी। अमृत विचार

● जिला जज की अध्यक्षता में हुई योजनाओं के पुनरावलोकन समिति की बैठक

# मृतका के हाथ में पेन से लिखा मिला 'बब्लू',

**कन्नौज।** सरायमीरा में नाले में मिले अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त कराने के लिये पुलिस बब्लू नाम के व्यक्ति की तलाश कर रही है। मृतका के हाथ पर पेन से बब्लू लिखा हुआ मिला। सदर कोतवाली क्षेत्र के निजी हास्पिटल के पीछे रेलवे लाइन पार कर नाले में सोमवार को 25 वर्षीय महिला का शव पुलिस को मिला था। पहनावे व श्रृंगार से वह नवविवाहिता लग रही थी। उसके हाथ पर बब्लू लिखा मिला था जो पेन से हाल ही में लिखा गया था। अब कोतवाली पुलिस इसी को बेस मान कर जांच में जुट गई है। वैसे तो पुलिस ने महिला की फोटो आसपास जनपदों के थाना कोतवाली में सोशल मीडिया के माध्यम से भेजी है।

# आत्मा और परमात्मा को जानने वाला ही आत्मज्ञानी

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

● ग्राम रौरी स्थित सिद्धपीठ पापरि आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा

**अमृत विचार।** आत्मा के स्वरूप को समझना आत्मज्ञान है। इसके अभाव के कारण व्यक्ति इस संसार में राग, द्वेष, क्लेश के कारण दुःखों को प्राप्त करता है। समझदार व्यक्ति आत्मज्ञान प्राप्त कर इस जन्म के साथ अपने अगले जन्म को सुधार कर मोक्ष प्राप्त करता है। आत्मा और परमात्मा को जानने वाला ही आत्मज्ञानी है। ग्राम रौरी स्थित सिद्धपीठ पापरि आश्रम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य अंबुज त्रिपाठी ने भक्तों को आत्मज्ञान का रहस्य बताया।

उन्होंने कहा कि मनुष्य जन्म की सार्थकता इसी में है कि वह समय रहते इस सत्य से अवगत हो जाए कि जन्म लेने के बाद उसका अंतिम लक्ष्य मोक्ष प्राप्त करना है। धर्म शास्त्रों में मानव शरीर के विषय में कहा गया है कि यह भवसागर को पार ले जाने के लिए एक नौका समान है, इस देह में जो जीवात्मा का निवास होता है, वह परमात्मा से जुड़ी हुई है, आत्मा को पहचानना ही आत्मदर्शन है। 'परमात्मा', आत्मा का परम रूप - साधारण इन्सान परमात्मा को अपने से अलग समझता है, परन्तु आत्मा और परमात्मा अलग-अलग नहीं बल्कि एक ही परम तत्व के दो नाम हैं, अंतर सिर्फ इतना है कि 'परमात्मा', आत्मा का परम रूप है। 'परम' का अर्थ है, संपूर्ण या विराट। आत्मा और परमात्मा को हम जल की एक बूंद और अथाह समुद्र के रूप में समझ सकते हैं। आत्मा उस परम तत्व की एक बूंद और परमात्मा उस परम तत्व का अनंत लहराता समुद्र है। कथा के दौरान संत शिरोमणि सीताराम दास जी महाराज, विजय सिंह गौर, अल्का सिंह, जितेंद्र सिंह, सुखदेव नारायण द्विवेदी, चंद्रशेखर दुबे, देवदास जी महाराज, पुष्पराज सिंह, उमादेवी, पंकज चतुर्वेदी, राधा देवी, मनोज कुमारी, पुष्पा देवी, कल्याण सिंह, बमबम महाराज समेत कई भक्त उपस्थित थे।



कथा सुनाते आचार्य अंबुज त्रिपाठी व पंडाल में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

# वन स्टॉप सेंटर, आश्रयगृह की समस्याओं पर की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** पुलिस कार्यालय में अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में एसजेपीयू और एएचटीयू की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक हुई। इसमें महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ की ओर जारी विभिन्न एसओपी, अनुसंधान एवं अभियोजन, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, विवेचक के समक्ष आ रही समस्या, आश्रय गृह तथा वन स्टॉप सेंटर की आ रही समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई। पीड़िता के आवासन एवं वर्तमान में चल रहे बाल श्रम उन्मूलन व रोकथाम अभियान के वारे में जानकारी एएसपी डॉ. संसार सिंह ने ली। थानों में बालकल्याण पुलिस अधिकारियों को आ रही विवेचना संबंधी समस्याओं पर चर्चा की गई। किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो एक्ट के मुकदमें को पंजीकृत करते समय की कार्रवाई, जमानत संबंधी समस्याएं, मुक्त कराये गये बालको के पुनर्वास के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में संयुक्त जिला अभियोजन कार्यालय, बाल संरक्षण अधिकारी, एएचटीयू तथा एसजेपीयू के मौजूद समस्त स्टाफ व सभी थानों के बाल कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

# नागरिक सुरक्षा ने जारी की एडवाइजरी

**कन्नौज।** आने वाले दिनों में 47 से 55 डिग्री सेल्सियस के बीच बढ़ते तापमान और बादलों की उपस्थिति के कारण अधिकांश क्षेत्रों में दमघोंटू माहौल होने के कारण नागरिक सुरक्षा महानिदेशालय ने चेतावनियां और सावधानियां जारी की हैं। कहा है कि कार में गैस सामग्री, लाइटर, कार्बोनेटेड पेय पदार्थ, सामान्यतः इत्र और उपकरण बैटरियाँ, कार की खिड़कियाँ थोड़ी खुली (वेंटिलेशन) होनी चाहिए। कार के फ्यूल टैंक को पूरा न भरें। शाम के समय कार में ईंधन भरें। सुबह के समय कार से यात्रा करने से बचें। कार के टायरों को अधिक हवा न भरें, ख़ासकर यात्रा के दौरान। बिच्छू और सांपों से सावधान रहें।

# वकीलों पर झूठे केस लगाना बंद करे पुलिस

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** मंगलवार को अधिवक्ता सभागार में बार एसोसिएशन छिबरामऊ के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह राठौर की अध्यक्षता एवं महासचिव ललित प्रताप सिंह के संचालन में आकस्मिक सभा का आयोजन किया गया। अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि पुलिस ने वकीलों पर झूठे केस लगाना बंद न किया तो आंदोलन किया जाएगा। बुधवार को न्यायिक कार्य से विरत रहकर एसडीएम को ज्ञापन दिया जाएगा। पुलिस प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा। पुलिस ने दो दिन के अंदर वकीलों पर लगे मुकदमों को खत्म नहीं किया तो एक जून से उग्र आंदोलन किया जाएगा। बैठक में शिवनाथ सिंह यादव, धर्मवीर सिंह यादव, राजकुमार सिंह, लालबहादुर यादव, संजीव दुबे, चंद्रजीत यादव, प्रमोद दुबे, दिनेश बैस, जयवीर सिंह, अजित मिश्रा, अनुराग त्रिपाठी, अंजू पटेल, अमित राजपूत सहित कई अधिवक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष रामचन्द्र मिश्रा, प्रमोद तिवारी, सुरेश चन्द्र यादव, राकेश दुबे, नेम सिंह यादव, अमित अग्निहोत्री, विनीत कुमार चतुर्वेदी, राजीव दीक्षित, पंकज मिश्रा, सद्दाम हुसैन, कोषाध्यक्ष मुफीद खान, मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे रहे।



बैठक करते बार एसोसिएशन के पदाधिकारी। अमृत विचार

● बार एसोसिएशन ने बैठक कर दी पुलिस-प्रशासन को चेतावनी

## सार-संक्षेप

### रामपुर बैजू के घरों में आ रहा गंदा पानी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विकास क्षेत्र के रामपुर बैजू गांव में पिछले कई माह से सफाई कर्मचारी गांव नहीं आ रहा है, जिससे नालियां ऊपर तक भरी हैं। दूषित पानी घरों में घुस रहा है, इससे गांव में बीमारी फैलने की आशंका है। ग्रामीणों ने बीडीओ से गांव की सफाई कराये जाने की मांग की है। विकास क्षेत्र के ग्राम रामपुर बैजू निवासी श्रीदेवी, मोहिनी, नीतू, बबलू, शिवम व संगीता सहित तमाम ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई महीनो से सफाई कर्मचारी न आने के कारण उनका पूरा मोहल्ला गंदगी से भरा पड़ा है। ग्रामीणों की मांग है कि सफाई कर्मचारी तैनात कर हर रोज साफ सफाई कराई जाए। इस संबंध में डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश ने बताया कि एडीओ पंचायत को भेज कर जांच कराई जाएगी।



घर के अंदर भरा गंदा पानी दिखाती महिलाएं।

सख्ती | मेडिकल कॉलेज कानपुर की टीम ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण,प्रशिक्षण न लेने वाली स्टाफ नर्सों का वेतन काटने के निर्देश

# पैथोलॉजी में बिना एप्रेन के मिले कर्मचारी, फटकार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के निर्देश पर मेडिकल कालेज कानपुर की टीम ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान 30 बिंदुओं पर जांच की गई। पैथोलॉजी में बिना एप्रेन के मिलने पर सीएमएस ने कर्मचारियों को फटकार लगाई।

मंगलवार को जिला क्षय रोग अधिकारी कानपुर नगर डॉ. आरपी मिश्रा ने टीम के साथ संयुक्त जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। टीम सबसे पहले ओपीडी में पहुंची। यहां डॉक्टर अपने कक्ष में बैठ मरीजों का इलाज करते मिले। इसके बाद उन्होंने दवा वितरण कक्ष में पहुंच कर पर्चे देखे। कई मरीजों से बात की कि दवा बाहर की तो नहीं लिखी जा रही है। इसके बाद वह पैथोलॉजी पहुंचे। यहां मरीजों की भीड़ लगी थी। लैब में मौजूद कर्मचारी गर्मी के चलते एप्रेन नहीं पहने थे। इस पर सीएमएस डॉ. शक्ति बसु ने फटकार लगाई। इसके बाद कर्मचारियों ने एप्रेन पहन कर कार्य किया। टीम ने वार्ड दो व तीन का निरीक्षण किया। मरीजों से पूछा कि डॉक्टर दो वक्त उनका हाल जानने आते कि नहीं। इस पर मरीजों ने डॉक्टरों के आने की जानकारी दी। हीट वेव संबंधी वार्ड में कोई मरीज भर्ती नहीं मिला। वेंटीलेटर बंद मिलने पर उन्होंने कर्मचारी को बुला कर चालू कराये और चेक किया। इसके बाद वह सीधे लेबर वार्ड पहुंचे और डिलीवरी रजिस्टर चेक किया। स्टाफ से समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद वह टीकाकर णकक्ष में पहुंचे। यहां स्टाफ नर्स को उल्टी दस्त आने से भर्ती होने की जानकारी दी गई। टीम ने कहा कि सभी स्टाफ नर्सों को टीकाकरण का प्रशिक्षण दिया जाये। इस पर बताया गया कि प्रशिक्षण के समय सभी स्टाफ नर्स नहीं पहुंचती हैं। इस पर डॉ. मिश्रा ने प्रशिक्षण में शामिल न होने वाले कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश दिए। टीम ने किचन में पहुंच कर मरीजों को दिये जाने वाले खाना व नाश्ता के संबंध में जानकारी ली। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को निर्देश दिये कि मेन्यू के अनुसार मरीजों को खाना दिया जाये। इस मौके पर डॉ. रविंद्र कुमार के अलावा अन्य स्टाफ मौजूद रहा।



जिला अस्पताल के हीट वेव वार्ड मे वेंटीलेटर चालू करा कर देखती जांच टीम। अमृत विचार

# कन्नौज के युवक की एटा में मौत

**एटाः** पिलुआ क्षेत्र के पुठिया गांव के समीप जीटी रोड पर नशे की हालत में मिले कन्नौज के युवक की मेडिकल कालेज में सोमवार की देर रात मौत हो गई। वह दिल्ली से रोडवेज बस में सवार होकर आया था। कन्नौज के तिरवा थानान्तर्गत ग्राम ठटिया निवासी सुग्रीव कुमार (27) पुत्र रामखिलावन दिल्ली में नौकरी करता था। पिलुआ थानाध्यक्ष के अनुसार सोमवार की रात जीटी रोड स्थित गांव पुठिया के समीप ओवरब्रिज पर सुग्रीव कुमार नशे की हालत में पड़ा मिला था। उसको मेडिकल कालेज में दाखिल कराया गया था। उपचार के दौरान देर रात सुग्रीव की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों को सूचना दी गई। परिजन एटा मेडिकल कालेज पहुँच गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। थानाध्यक्ष ने बताया है कि सुग्रीव कुमार की जेब से रोडवेज बस की टिकट मिली है और रुपए भी मिले हैं।



मक्का की फसल में लगे कीट को देखते कृषि रक्षा इकाई प्रभारी । अमृत विचार

# मक्का की फसल में लग रहा फालआर्मी वर्म

संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** मंगलवार को सहायक विकास अधिकारी रत्नेश कुमार, कृषि रक्षा इकाई प्रभारी शिव सिंह, बीज गोदाम प्रभारी नितिन कुमार ने ग्राम रोहली, किशनपुर में बोई गई मक्का व सूरजमुखी में कीट रोग की समस्या को देखते हुए फसलों का निरीक्षण किया। इसमें सूरजमुखी में कीट नहीं पाया गया जबकि मक्के की फसल में फालआमी वर्म का प्रकोप देखा गया। इसके निदान के लिए साइपरमेथिलीन बेंजोएट 0.5 प्रतिशत और क्लोरोपायरीफास 20 प्रतिशत दवा का छिडकाव करने की सलाह दी गई। फसलों में लग रहे कीट-रोग के प्राथमिक उपचार की जानकारी भी किसानों को दी। प्रभारी ने जैविक उपचार एवं कीट प्रबंधन पर बताया कि अच्छी गुणवत्ता वाले रसायन प्रयोग करने से फसल को नुकसान नहीं होता। इस दौरान कृषक धीरेन्द्र कुमार, रामसहाय, रामकुमार पाल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कलयुगी पुत्र ने पिता को मारपीट कर घायल किया

क़ायमगंज फर्रुखाबाद। कायमगंज क्षेत्र के गांव लहरा निवासी धर्मबीर पुत्र गिरवरलाल ने बताया की उसका पुत्र शराब पीने का आदी है ।सोमबार की शाम को वह शराव पीकर आया और घर में गाली गलौज करने लगा। जब उसे मना किया तो उसने लाठी डंडे से हमला करके घायल कर दिया। मारपीट की सूचना पुलिस को दी गयी। जिसपर पुलिस ने घायल का अस्पताल में मेडिकल कराया।

### बालिका को जहरीले कीड़े ने काटा

क़ायमगंज, फर्रुखाबाद। कायमगंज क्षेत्र के गांव मऊ रशिदाबाद निवासी राधेश्याम की 8 वर्षीय पुत्री प्रिया घर के वाहर खेल रही थी। तभी किसी जहरीले कीड़े ने उसके पैर में काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। आनन फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### पानी भरने गई महिला की बाल्टी दबंगों ने फेंकी

फर्रुखाबाद । थाना जहानगंज क्षेत्र के गांव जहांगीरपुर में महिला चांदनी हैंडपंप पर पानी भरने गई थी। तभी मोहल्ले के ही दंबगों ने महिला चांदनी की बाल्टी फेंक दी। विरोध करने पर माँ–बेटा को दंबगो ने दौड़ा–दौड़ा कर पीटा, और पथराव भी किया । दबंगों ने घर में घुसकर महिला के साथ जमकर मारपीट की और पथराव किया। दबंग द्वारा की गई मारपीट से मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए।

# श्रद्धालुओं से भरा लोडर पलटा, 20 घायल

## शाहजहांपुर जिले के थाना अल्लाहगंज क्षेत्र में हुई दुर्घटना, जिला अस्पताल में मची अफरातफरी

संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पूर्णागिरी मंदिर से लौट रहा श्रद्धालुओं से भरा लोडर मवेशियों को बचाने के चलते पलट गया। लोडर में सवार 20 यात्री घायल हो गए। शाहजहांपुर के थाना अल्लाहगंज क्षेत्र में हुई घटना के 10 घायलो को लोहिया अस्पताल लाया गया तो अफरातफरी मच गई।

सोमवार देर रात करीब 12 बजे थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव कुइयां गांधी के श्रद्धालुओं को लेकर पिकअप लोडर लौट रहा था। जैसे ही यह लोडर शाहजहांपुर जिले के थाना अल्लाहगंज क्षेत्र के गांव चौरसिया के पास पहुंचा कि सड़क पर बेसहारा मवेशियों का झुंड आ गया। इससे चालक बाबू निवासी रामनगर छिबरामऊ, कन्नौज लोडर से अपना नियंत्रण खो बैठा। बेकाबू हुआ लोडर सड़क किनारे खाई में पलट गया। इससे उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। घायलों की चीखपुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए और लोडर से बाहर निकाला। इस दौरान विशाल (19), आकाश (24), देव (15), विशाल की 20 वर्षीय पत्नी निशु, नितिन (18), वंदना (20), राजो (45) पत्नी राजेंद्र निवासीगण कुइयां, गांधी, राजेपुर, व छिबरामऊ कन्नौज निवासी देवेंद्र (27), सौरभ व उसका दो वर्षीय पुत्र कारव निवासी सांडी हरदोई को डा. राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक साथ आए 10 मरीजों को देख अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। इमरजेंसी वार्ड में घायलों को बेड नहीं मिला तो स्ट्रेचर पर ही उनका उपचार किया गया। आकस्मिक सेवा में तैनात डा. अमर नाथ ने बताया कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। सभी घायलों की स्थिति सामान्य है।


लोहिया अस्पताल में पहुची भीड़ । अमृत विचार


स्ट्रेचर पर लेटे घायल। अमृत विचार

## टेंपो-लोडर की भिड़ंत में नौ घायल, पांच गंभीर

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- नवाबगंज-अचरा मार्ग पर नगला जाटवान के पास हादसा
- लोडर के चालक ने टेंपो में मारी सीधी टक्कर

**अमृत विचार।** जनपद एटा के थाना अलीगंज के गांव पहरैया निवासी सर्वेश कुमार मंगलवार दोपहर बाद लगभग 3 बजे नवाबगंज से टेंपो में सवारियों को लेकर अलीगंज जा रहे थे। टेंपो जैसे ही नवाबगंज-अचरा मार्ग पर गांव नगला जाटवान के निकट पहुंचा। उसी दौरान सामने से तेज गति से आ रहे लोडर के चालक ने टेंपो में सीधी टक्कर मार दी। जिसमे टेंपो चालक सर्वेश कुमार व टेंपो में बैठी जनपद एटा के थाना नयागांव के गांव उगई निवासी गुड्डी देवी पत्नी रामवीर, थाना जैथरा के गांव नगला सवित निवासी रामौतार, कोतवाली कायमगंज के गांव वराबिकू निवासी प्रिया पत्नी नवनीत, थाना मेरापुर के गांव देवरा महसोना निवासी राधा पत्नी सचिन कुमार, गांव सिलसंडा निवासी रुवी पत्नी अजय यादव, गांव कोला निवासी रक्षपाल सिंह, थाना नवाबगंज के गांव समैचीपुर निवासी चांदनी पत्नी पंकज सिंह व उनकी पुत्री नेहा गंभीर रूप से घायल हो गई।

घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां मौजूद अधीक्षक डॉ लोकेश शर्मा ने रक्षपाल, रामौतार, सर्वेश की हालत गंभीर देख उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

## जनपद न्यायालय के कर्मचारियों ने प्रतिज्ञा सभा कर रखी मांगें

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जनपद न्यायालय कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को पूरा कराने के लिए प्रदेश संघ के आहवान पर प्रतिज्ञा सभा करके आंदोलन किया। प्रतिज्ञा पत्र पर समस्त कर्मचारियों ने पूरे हस्ताक्षर किए एवं इसकी प्रतिलिपि प्रांतीय संघ को भेजी।

कर्मचारियों की माँग हैं कि न्यायिक कर्मियों के अंतर जनपदीय स्थानांतरण लंबे समय से लंबित हैं।न्यायिक कर्मियों को 2013 में वर्दी पहनने का शासनादेश न्याय अनुभाग से जारी हुआ लेकिन आज तक धनराशि का निर्धारण नहीं हो सका। विभागीय नियमावली में संविदा के पद न होने के बाद भी एफटीसी न्यायालयों में संविदा के पद सृजित किये गये, शेट्टी कमीशन की संस्तुतियों के विपरीत न्यायिक कर्मियों के पद और वेतनमान स्वीकृत किये गए।जनपद न्यायालयों में कर्मचारीगण के अर्जित अवकाश पर जाने पर उनका अवकाश स्वीकृत न कर उसे नियम विरुद्ध तरीके से लंबे समय लंबित रखा जाता है। जिससे उस अवधि का अवकाश वेतन भुगतान विलंबित होता है और कर्मचारी को आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है। अवकाश की समयबद्ध स्वीकृति एवं विधि विरुद्ध वेतन रोके जाने हेतु माननीय न्यायालय से बार बार अनुरोध के बाद कार्यवाही लंबित है। जिलों में विभिन्न समितियों व अधिकारियों के समक्ष लंबे समय तक कर्मचारीगण के सेवा संबंधी मामलों के तीव्र निस्तारण हेतु माननीय उच्च न्यायालय से अनुरोध किया जा रहा है। उच्च न्यायालय द्वारा निर्देश भी दिये गये लेकिन जनपद न्यायालय में स्थिति जस की तस है एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का आवासीय कार्यालय पर स्थायी प्रतिबंध किया जाए।

दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष ऋषि यादव एवं महासचिव दिनेश गुप्ता ने बताया कि जनपद न्यायालय के कर्मचारियों ने व्यथित होकर हनुमान मंदिर के समक्ष प्रतिज्ञा सभा का आयोजन किया। मांगे फिर भी नहीं मानी जाती हैं तो जुलाई 2024 के प्रथम रविवार को कर्मचारीगण उच्च न्यायालय के ही समक्ष प्रार्थनासभा का आयोजन करेंगे। आंदोलन चरणबद्ध रूप से तेज ही होता जाएगा। न्यायालय कार्मिकों की समस्याओं पर उच्च न्यायालय तथा शासन की उपेक्षापूर्ण व्यवहार से कर्मचारी आहत हैं। मुख्य न्यायमूर्ति को प्रेषित पत्रों पर भी अब तक प्रतीक्षा ही हो रही है।


जांच करते सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार। अमृत विचार

## जाकिर हुसैन ट्रस्ट में चल रहे अस्पताल का पंजीयन नहीं

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस हैं ट्रस्टी
- सीएमओ को मिला फार्मेसी में अवैध तरीके से दवा का भंडारण

**अमृत विचार।** नवाबगंज में सड़क किनारे पड़ी मिली दवाइयों की जांच के संबंध में सीएमओ जाकिर हुसैन ट्रस्ट द्वारा संचालित अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में जांच के दौरान सीएमओ ने पाया कि अस्पताल का पंजीकरण ही नहीं हुआ है। जिस ट्रस्ट द्वारा यह अस्पताल संचालित है, उसकी ट्रस्टी पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद हैं।

जाकिर हुसैन ट्रस्ट में बिना पंजीकरण के ही चिकित्सा संबंधी कई यूनिटों को संचालित हो रहा है। इसमें पैथोलॉजी यूनिट डायलिसिस यूनिट, एक्स-रे यूनिट फॉर फार्मेसी यूनिट, रेडियोलाजी युनिट के कक्ष बने दिखे। वही मौके पर सीएमओ को कोई भी चिकित्सक या फार्मासिस्ट उपलब्ध नहीं मिला। फार्मेसी में एक कर्मचारी व एक कंप्यूटर ऑपरेटर सीएमओ को मौके पर मिला। फार्मेसी में अवैध तरीके से दवाओं का भी भंडारण मिला। सीएमओ ने मौजूद कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। सीएमओ को ट्रस्ट के परिसर में एक कांग्रेस का झंडा लगी गाड़ी भी खड़ी मिली।

सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार ने बताया कि जांच के दौरान बिना पंजीकरण के जाकिर हुसैन ट्रस्ट में अस्पताल संचालित होता मिला है। कोई जिम्मेदार कर्मचारी या चिकित्सक मौके पर नहीं मिला है। संबंधित को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा और अस्पताल सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

## पारा 45 पर, आसमान से बरस रही 'आग'

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- दोपहर होते ही बाजारों और सड़कों पर छा जाता सन्नाटा ज्यादातर लोग घरों के भीतर

**अमृत विचार।** नौतपा के चौथे दिन मंगलवार को पारा 45 डिग्री तक पहुँच गया। इससे आसमान से आग बरसने लगी। अगले 9 दिनों तक लोगों को गर्मी से कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मंगलवार को हर 10 मिनट के बाद गला सूख रहा है। ऐसे में चिकित्सक लोगों को सलाह दे रहे हैं कि दोपहर के समय जरूरी काम है तभी घर से बाहर निकलें। शनिवार से नौतपा की शुरुआत हुई तो आसमान से आग बरसने लगी। तापमान में बढ़ोतरी होने लगी। शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक रहा तो दूसरे दिन तापमान छलांग मारकर 44 डिग्री तक पहुंच गया। दोपहर होते होते बाजार व सड़कों पर सन्नाटा छा गया है। सुबह सड़कों पर वाहन चलाते व लोग पैदल चलते हुए नजर आए, इसके बाद लोग घर से वाहन लेकर ही नहीं निकल रहे है।

## पठानिया क्लब ने लखनऊ एकेडमी को 125 रनों से हराया

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अंडर-16 चैलेंजर कप क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत पठानिया क्रिकेट क्लब मध्य प्रदेश के कप्तान देवांश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पठानिया क्रिकेट क्लब के गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए कैंप एकेडमी लखनऊ को 125 रनों पर ढेर कर दिया। आशीष शर्मा ने 29, उज्ज्वल दुबे ने 15, रजत यादव ने 11 रनों की पारी खेली। कमल, शिवांश और अनुरोग ने दो-दो विकेट अपनी झोली में डाले। आसान से लक्ष्य का पीछा करने उतरी पठानिया क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज एक-एक रन के लिए संघर्ष करते नजर आए। टीम का पहला विकेट दूसरे ओवर में ही गिर गया। विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजों ने संभलकर खेलने का प्रयास किया, लेकिन कैंप एकेडमी लखनऊ के गेंदबाजों के आगे वह टिककर नहीं खेल सके। नतीजा यह रहा कि कुछ-कुछ अंतराल में पठानिया क्रिकेट क्लब के विकेट गिरते रहे। हालांकि विशाल ने सर्वाधिक 27 रन बनाते हुए टीम को मुकाबले में बनाए रखा।

रोमांचक मुकाबले में पठानिया क्रिकेट क्लब 110 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। तनिष्क तोमर ने 23 व राज पाठक ने 22 रन बनाए। आशीष, उज्ज्वल और रजत ने दो-दो विकेट लिए। अंपायरिंग रफीकुल अंसारी और मोहम्मद अहमद खां ने की। दानिश खान, राज वर्मा व राशिद खान आदि मौजूद रहे।


गेंद के इंतजार में बल्लेबाज। अमृत विचार

## हुनर के पंख से छात्राएं भर रही हौसलों की उड़ान

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- संस्कार भारती की ग्रीष्मावकाश में कार्यशाला का आयोजन
- डांस, ढोलक चित्रकला, हस्त कला, सौंदर्य कला का प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** संस्कार भारती की ग्रीष्मावकाश कला व संस्कृति की कार्यशाला में बेटियां हुनर को सीख रहीं हैं। विगत कई वर्षों से लगातार आयोजित हो रही कार्यशाला में कथक, मेंहदी, डांस, ढोलक चित्रकला, हस्त कला, सौंदर्य कला आदि का प्रशिक्षण देकर उन्हें पारंगत किया जा रहा है । नगर के मदन मोहन कनोडिया बालिका इण्टर कालेज में आयोजित कार्यशाला में कथक स्नेहा श्रीवास्तव, मेहंदी प्रिया वर्मा, ढोलक किरण त्रिवेदी, डांस में कोमल शर्मा, चित्रकला, हस्तकला नेहा सक्सेना सौंदर्य कला हेमलता श्रीवास्तव, सिलाई साधना श्रीवास्तव आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला में छात्राएं उत्साह के साथ हुनर को सीखती नजर आ रहीं हैं ।

अध्यक्ष डॉक्टर नवनीत गुप्ता ने बताया कि संस्कार भारती की कार्यशाला में हुनर के गुर सिखाए जा रहे हैं । जिससे वह विभिन्न क्षेत्रों में स्वावलंबी बन रहीं हैं । ग्रीष्मावकाश कला संस्कृति कार्यशाला का उद्देश्य बेटियों का आत्म निर्भर बनाना है।

इस अवसर पर सचिव कुलभूषण श्रीवास्तव,दिलीप कश्यप,अरविंद दीक्षित, डॉक्टर सर्वेश श्रीवास्त, प्रवेश वर्मा प्रीतू,रामेंद्र कमठान, अर्चना द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।


कार्य शाला में मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### ओवरलोडिंग के चलते धू-धू कर जला ट्रांसफॉर्मर

फर्रुखाबाद। थाना व कस्बा नवाबगंज में ट्रांसफार्मर से तेज लपटे निकलने से हड़कंप मचा ।ट्रांसफार्मर में आग लगने से करीब 50 मीटर की दूरी तक ट्रांसफार्मर के तेल के फब्बारे उड़े। ट्रांसफार्मर में आग लगने से रोड जाम हो गया ।करीब आधा घंटा तक ट्रांसफार्मर की तेज लपटे उठती रहीं । बिजलीं विभाग का कोई भी कर्मचारी सूचना के बाद भी नहीं पहुंचा।


धूधू कर जल रहा ट्रांसफॉर्मर।

### घास काटने गए युवक का फंदे पर लटका मिला शव

फर्रुखाबाद । थाना मऊ दरबाजा क्षेत्र में घास काटने गए युवक का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। थाना क्षेत्र के नगला सेठ निवासी 24 वर्षीय सचिन कुमार मंगलवार की सुबह घास काटने आया था। काफी देर तक घर न पहुंचने पर गांव के ही निवासी इंद्रजीत अपने खेत की तरफ गए तो नीम के पेड़ पर फासी के फंदे में सचिन का शव लटका देखा। उसने सचिन के घर सूचना दी। जिससे घर में कोहरा मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और फील्ड यूनिट ने भी पहुंचकर नमूने लिए । सचिन की शादी चार माह पूर्व हुई थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

### शराब के नशे में खेत में पड़ी मिली महिला

फर्रुखाबाद । शहर कोतवाली के मोहल्ला अंगूरीबाग निवासी 26 वर्षीय रीना पत्नी रामरतन सुबह थाना मऊदरवाजा के गांव गढिया ढिलावल के अंडर पास के निकट खेतों में शराब के नशे में पड़ी मिली। उसके पास कई पौवे भी पड़े थे। चौकी इंचार्ज मोहित कुमार व महिला सिपाही विमलेश उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

### मार्ग दुर्घटना में पति की मौत, बच्चों सहित पत्नी घायल

फर्रुखाबाद । थाना नवाबगंज क्षेत्र में हुई मार्ग दुर्घटना में दो बच्चों समेत दंपति घायल हो गए। पति को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। थाना मऊदरवाजा के गांव शमशेरनगर निवासी राजू अपनी पत्नी पूजा व पुत्री अंविका ( 4 ) व पुत्र आवेश (2) के साथ थाना नवाबगंज के गांव उम्मरपुर में अपने रिश्तेदार बेदराम के घर अन्नप्राशन में शामिल होने आए थे। मंगलवार शाम राजू अपने परिवार के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। वह जैसे ही नवाबगंज अचरा मार्ग पर नगर के मुहल्ला नगला झब्बूसिंह के सामने पहुंचे। उसी दौरान सामने से तेज गति से आ रही दूसरी बाइक से सीधी भिड़ंत हो गई। राजू की मौत हो गई। पत्नी पूजा, पुत्री वंशिका व पुत्र आवेश घायल हो गए।

## जिला अस्पताल कैंपस में जलभराव व गंदगी

संवाददाता फर्रुखाबाद

- ढाई दशक पुरानी जर्जर बिल्डिंग के लिए पैदा हुआ बड़ा खतरा

**अमृत विचार।** थाना कादरी गेट क्षेत्र स्थित जिला अस्पताल लोहिया कैंपस में जहां स्टाफ के लिए कुल 158 आवास बने हुए है, तो चिकित्सकों के आवासों के अलावा कही मरम्मत का काम वर्षो से नहीं हुआ है।

वही टाइप टू की एक बिल्डिंग के हालात काफी खराब है ।इस बिल्डिंग में 12 आवास है ।जिनमे स्वास्थ्य कर्मी रहते है ।वही बिल्डिंग के पीछे जल निकासी के उचित प्रबंध न होने से महीनो से जलभराव हो रहा है ।साथ ही भयंकर गंदगी का अंबार भी लगा रहता है ।जिससे संक्रामक बीमारियां का फैलने का खतरा रहता है। बिल्डिंग के पीछे महीनों से जलभराव होने की वजह से दलदल जैसी स्थिति बन गई है ।जोकि करीब 25 साल पुरानी बनी बिल्डिंग के लिए काफी नुकसान देह साबित हो सकती है ।बिल्डिंग की दीवार से प्लास्टर गिरता रहता है, जलभराव से दीवार ढहने का खतरा भी बन गया है।

सीएमएस डॉ अशोक प्रियदर्शी ने बताया की जल्द साफ सफाई कराकर पानी की निकासी का उचित प्रबंध किया जायेगा ।आने वाले समय में बिल्डिंग की मरम्मत का काम भी होगा।


परिसर में जलभराव। अमृत विचार

## पत्नी मायके गई तो पति ने फांसी लगा दे दी जान

फर्रुखाबाद । थाना अमृतपुर क्षेत्र में पत्नी के मायके चले जाने पर युवक ने फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली। थाना क्षेत्र के गांव अमैयापुर पूर्वी निवासी नीलेश का पत्नी बबली से विवाद हो गया ।जिससे नाराज पत्नी बबली चार दिन पहले अपने मायके चली गई। नीलेश मजदूरी करता था ।वह सोमवार को मजदूरी करने गया था। उसने देर रात में कमरे में धोती से पंखा के हुक में फांसी लगा ली। लेकिन धोती फट जाने से नीलेश नीचे गिर गया ।गिरने की आवाज सुनकर उसकी भाभी रीना मौके पर पहुंची परिजन इलाज के लिए सीएचसी राजेपुर ले गए। अस्पताल में डॉक्टर आरिफ सिद्दीकी ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

**रफ्तार सुस्त** — योजना के तहत जनपद को 130 करोड़ का बजट किया जा चुका है आवंटित

## रिवैंप योजना : 14 माह में हो सका 45 प्रतिशत कार्य

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जनपद फर्रुखाबाद में अधूरी पड़ी रिवैंप योजना भीषण गर्मी में लोगों के पसीने छुड़ा रही है। वर्ष 2023 में रिवैंप योजना के तहत जनपद को 130 करोड़ का बजट मिला हुआ था। कार्यदायी संस्था 14 माह में लगभग 45 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण करा सकी है। वर्ष 2023 माह जनवरी में रिवैंप योजना के तहत जनपद को बजट प्राप्त हो गया था।

बिजली विभाग ने कार्यदायी संस्था ल्यूमिनो इंडस्ट्रीज लिमिटेड को ठेका उठाकर बंच केबल आदि बदलवाए जाने के निर्देश दिए थे। मार्च 2025 में कार्य खत्म किया जाना है। लेकिन कार्यदायी संस्था अभी तक करीब 44 प्रतिशत कार्य ही पूर्ण करा सकी है।

कार्य पूर्ण न होने से भीषण गर्मी में आए दिन बंच कंडक्टर, केबल व एलटी लाइन टूट रही हैं, जिससे ट्रिपिंग की समस्या बनी है। नगर में प्राथमिकता से बदली जानी थी बंच केबल रिवैंप योजना के तहत विभाग ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए थे। कि शहर क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर फरवरी 2024 तक जर्जर बंच केबल व 11 केवी के तार बदलवा दिए जाएं। मगर कार्यदायी संस्था ने अनसुनी कर दी।

शहर क्षेत्र में मोहल्ला खतराना, नुनहाई, हाता मंगल खां, सधवाड़ा समेत करीब आधा सैकड़ा से ज्यादा मोहल्लों में बंच केबल नहीं बदली गईं। इसका नतीजा यह है कि भीषण गर्मी में जर्जर बंच केबल और 11 केवी के तार आए दिन टूट रहे हैं। इससे ट्रिपिंग की समस्या बनी है।



### क्या कहते हैं जिम्मेदार

भोलेपुर बिजलीघर के अधीक्षण अभियंता अजय कुमार ने बताया कि प्राथमिकता के आधार पर कार्यदायी संस्था को पहले शहरी क्षेत्र की बंच कंडक्टर केबल बदलवाना चाहिए था, लेकिन हमारे लोगों ने इसमें लापरवाही बरती। यही वजह है कि शहरी क्षेत्र में बंच केबल अभी तक नहीं बदली जा सकी। कार्यदायी संस्था को सबसे पहले शहर क्षेत्र में बंच केबल बदलवाने के निर्देश दिए हैं। शहर के मोहल्लों में बंच केबल बदली भी जा रही है। रिवैंप योजना के तहत अभी 55 प्रतिशत कार्य अधूरा पड़ा है।

## ड्रग वेयर हाउस के प्रभारी फार्मासिस्ट हटाए गए

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नवाबगंज में मोहम्मदाबाद मार्ग पर रविवार को बड़ी मात्रा में सरकारी दवाइयां की खेप पड़ी मिली थी। मामले में डीएम ने सीएमओ को जांच कर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। सीएमओ व एसीएमओ के नेतृत्व में जांच की गई जिसमें वेयर हाउस के प्रभारी की गलती पाई गई। सीएमओ ने तत्काल प्रभाव से वेयर हाउस प्रभारी को हटाकर अपने कार्यालय संबद्ध कर दिया है।

सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार व एसीएमओ डॉ. रंजन गौतम ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की थी। साथ ही सड़क किनारे पड़ी मिली सरकारी दवाइयां जो कि नवाबगंज सीएचसी में रखी गई थी, गिनती कराई तो 18,000 बॉक्स मिले थे। रिकॉर्ड रजिस्टर में 30 नवम्बर 2023 को कॉरपोरेशन से ट्रक से लाई गई दवाइयां का विवरण में 7,69,000 बॉक्स की इंट्री की गई। वहीं इसके ऊपर ओवरराइटिंग कर 7,49,000 लिख दिया गया। पूरे प्रकरण में 20,000 बॉक्स के एक कार्टून को गायब होना बताया गया।

एसीएमओ की पूछताछ में वेयर हाउस प्रभारी रजनेश यादव, फार्मासिस्ट विजेंद्र कुशवाहा संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। सीएमओ ने वेयर हाउस के प्रभारी के तौर राजीव शाक्य फार्मासिस्ट की तैनाती कर दी है। वही रजनेश यादव को कार्यालय से संबंद्ध किया है।

### वेयर हाउस में नहीं लगे सीसीटीवी

हरियाली स्थित ड्रग बेयर हाउस में करोड़ों रुपए की दवाई रखी जाती हैं। पूरे जिले के साथ कई अन्य जगहों पर भी दवाओं को वहीं से भेजा जाता है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए जहां राउंड द क्लॉक चौकीदारों की तैनाती रहती है। सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं।

# मतगणना के समय मोबाइल पर प्रतिबंध, विजय जुलूस पर भी रोक

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के साथ की बैठक

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार**। लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय है। मंगलवार को जिलाधिकारी अवनीश राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना कराए जाने के लिए राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गई।

डीएम ने बताया कि मतगणना के दौरान अनावश्यक तरीके से जुलूस आदि न निकालें जिससे किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच तथा अन्य कोई भी डिवाइस नहीं जाएगी। स्ट्रांग रूम सभी राजनीतिक दलों की निगरानी में ही खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी वाहन बैरीकेडिंग पर ही खड़े होंगे। जिससे कोई भी जाम की स्थिति उत्पन्न न हो सके। डीएम ने कहा कि मतगणना के दिन प्रत्येक मतगणना अभिकर्ता को अपने पास मतगणना पास रखना अनिवार्य होगा। पास के बिना मतगणना स्थल पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतगणना परिणाम की घोषणा के बाद विजयी प्रत्याशी द्वारा कोई विजय जुलूस नहीं निकाला जाएगा। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, जितेंद्र कुमार दोहरे व उदयभान सिंह समाजवादी पार्टी, बीपी सिंह बसपा, घनश्याम वाजपेई भाजपा, विवेक राज आदि मौजूद रहे।



बैठक में डीएम, एसएसपी और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि। अमृत विचार

### धारा 144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू

**इटावा**। जिले में मतगणना, त्योहार तथा परीक्षाओं को देखते हुए धारा 144 लागू कर दी गई है। इसका उल्लघंन करने पर कार्रवाई की जाएगी। अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि किसी भी संभावित अप्रिय घटना को रोकने के लिए निरोधात्मक कदम उठाया जाना आवश्यक है। इसके लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है।

## कैडेट्स ने सीखे आग से बचाव के तरीके

**लखना, इटावा**। जनता विद्यालय इंटर कॉलेज बकेवर में चल रहे 4 यूपी बटालियन एनसीसी के संयुक्त वार्षिक शिविर में अग्निशमन केंद्र के फायर ऑफीसर एसआई सनद पटेल व उनकी टीम ने कैडेट्स को आग लगने के कारण और बचाव के तरीके सिखाए। गैस सिलेंडर में आग लगने पर उससे बचाव के तरीको का प्रदर्शन किया गया। कैडेट्स को आग से बचाव के तरीकों का अभ्यास भी कराया गया।

कमांडिंग ऑफिसर 4 यूपी बटालियन एनसीसी कर्नल एसपी सिंह के निर्देशन में चल रहे प्रशिक्षण शिविर में मंगलवार को सोशल साइट की जानकारी उनके फायदे और होने वाले दुष्परिणाम के बारे में हवलदार विजयंत सिंह ने व्याख्यान दिया। फील्ड और वेटल क्राफ्ट का प्रशिक्षण हवालदार जीतेन्द्र पाल सिंह, हवलदार देवेंद्र प्रताप सिंह, हवलदार शुभम गुरुंग और हवलदार तोरण श्री व सूबेदार गणेश दत्त भट्ट ने कराया। सूबेदार मेजर साहब सिंह, प्रशिक्षण अधिकारी लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद शर्मा, लेफ्टिनेंट शिवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मासिक धर्म से जुड़े मिथकों को तोड़ा जाना जरूरी : डॉ. सुगंधी

कार्यालय संवाददाता, इटावा



मासिक धर्म के बारे में जानकारी देतीं डॉ. सुगंधी शर्मा।

**अमृत विचार**। विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर मंगलवार को यूपीयूएमएस के सामुदायिक चिकित्सा विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. पीके जैन के निर्देशन में शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र पर मासिक धर्म और स्वच्छता प्रबंधन पर जागरुकता वार्ता का आयोजन हुआ।

सामुदायिक चिकित्सा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुगंधी शर्मा ने कहा कि मासिक धर्म से जुड़े मिथकों को तोड़ना जरूरी है। माहवारी कोई बीमारी या समस्या नहीं है। यह एक जैविक प्रक्रिया है व नारीत्व का अभिन्न अंग है। इसीलिए सामाजिक रूप से महावारी के दिनों में किशोरियों और महिलाओं को अलग बिस्तर या किचन में न जाना व अन्य मिथकों को तोड़ना होगा।

● महिलाओं ने खुलकर मासिक धर्म पर की चर्चा

उन्होंने कहा कि मासिक धर्म का चक्र 28 दिन का होता है और यह 5 दिन तक चलता है। उन्होंने किशोरी व महिलाओं को बताया कि माहवारी के समय विशेष साफ सफाई का ध्यान रखें व जेनिटल अंगों को साफ रखें। जनऔषधि केंद्र पर बहुत ही कम दामों पर मिलने वाले बेहतर गुणवत्ता युक्त पैड का प्रयोग माहवारी में करें और पैड बदलने के बाद साबुन से अच्छे से हाथ धोएं और माहवारी में दर्द, अनियमित माहवारी होने पर डॉक्टर्स की सलाह अवश्य लें।

यूपीयूएमएस स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. कल्पना के निर्देशन में भी ओपीडी में आई महिलाओं को मासिक धर्म और स्वच्छता प्रबंधन के संदर्भ में जागरूक किया गया। डॉ. प्रत्यक्षा, डॉ. स्नेहा, डॉ. धनंजय, डॉ. पारूल उपस्थित रहीं।

# आसमान से बरसती रही आग, पारा 46डिग्री

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● भीषण गर्मी में बिजली की आंख-मिचौली बढ़ा रही संकट

**अमृत विचार**। नौतपा में शुरू हुई भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। मंगलवार को लगातार चौथे दिन भी तापमान 46 डिग्री पर टिका रहा। दोपहर को घरों से निकलना मुश्किल है। मंगलवार को ऐसा लगता रहा जैसा आसमान से आग बरस रही है। आने वाले दिनों में गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद भी नहीं है। गर्मी के इसदौर में बिजली भी कड़ी परीक्षा ले रही है।

शहरी क्षेत्र में दिन में फाल्टों के चलते बिजली काफी देर तक गुल रहती है। इससे लोग भीषण गर्मी में परेशान रहते हैं। वहीं जसवंतनगर क्षेत्र में भीषण गर्मी सहन न करने पाने के कारण महिला समेत दो बुजुर्गों की मौत हो गई। गर्मी के कारण दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा छाया रहता है। हालांकि पिछले दिनों से स्कूलों में छुट्टियां हो जाने के कारण बच्चे इस भीषण गर्मी से बचे हुए हैं लेकिन कार्यालय खुले हैं और कर्मचारियों को इसी भीषण गर्मी के बीच कामकाज करना पड़ रहा है। अब तो सुबह 8 बजे से ही तापमान बढ़ने लगता है और दोपहर 12 से लेकर शाम 4 बजे तक तो सड़क पर निकलना मुश्किल हो रहा है।

### बस चालक के परिजनों को मिले 50 लाख मुआवजा

**इटावा**। सामाजिक कार्यकर्ता गणेश ज्ञानार्थी ने गर्मी के कारण असामायिक रूप से हमीरपुर के बस चालक कृष्ण गोपाल की दुखद मृत्यु पर गहरा दु :ख प्रकट किया है। उन्होंने चालक के परिजनों को 50 लाख का मुआवजा अधिकारियों की वेतन कटौती से करके प्रदान करने और पारिवारिक सदस्य को नौकरी दिए जाने की मांग भी मुख्यमंत्री से की है।

## पुत्र व बहू पर चोरी का लगाया आरोप

**इटावा**। कस्बे के मोहल्ला गुलाबबाड़ी में सौतेली मां ने अपने ही पुत्र तथा पुत्रवधू पर चोरी का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। मोहल्ला की रहने वाली मालती दुबे पत्नी रामोतार दुबे ने बताया कि वह अपने दामाद कौशल तिवारी के पास भरथना गई हुई थी। मंगलवार की सुबह गुलाबबाड़ी अपने घर वापस आई तो मुख्य द्वार का ताला टूटा और अंदर कमरों में रखे अलमारी आदि खुले समान बिखरा था। उन्हें घर मे चोरी हो जाने का पता चला है।

मालती देवी ने बताया है कि कुछ दिन पूर्व इसी तरह से घर ताले टूटे थे। उन्होंने अपने ही सौतेले पुत्र व पुत्रवधू पर घर के कागज व कीमती जेवर आदि को चोरी कर लेने का आरोप लगाते हुए थाना पुलिस को तहरीर दी है। चौकी इंचार्ज इमरान फ़रीद ने बताया कि सौतेली मां और बेटे का पहले से ही घर के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है । दोनों ही पक्ष एक दूसरे के खिलाफ प्रार्थना पत्र देते रहते हैं। मामले की जांच की जा रही है।

# कमलेश शर्मा को काव्य सारथी सम्मान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● राजधानी दिल्ली के हिंदी भवन में दिया गया पुरस्कार, लोगों ने दी बधाइयां

● कार्यक्रम के दौरान कवि का एकल पाठ हुआ, उपलब्धियों का किया गया बखान



कवि कमलेश शर्मा को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार**। राजधानी दिल्ली के हिंदी भवन में साहित्य प्रेमी मंडल एवं कविवर कृष्ण राज कृष्ण स्मृति न्यास के तत्वावधान में आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कवि डॉ. कमलेश शर्मा को प्रतिष्ठित काव्य सारथी सम्मान से अलंकृत किया गया ।

साहित्य प्रेमी मंडल के महासचिव डॉ. प्रवीण शुक्ल ने डॉ. कमलेश शर्मा का परिचय प्रस्तुत करते हुए उनकी काव्यगत उपलब्धियों का भी जिक्र किया। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध शायर कवि दीक्षित दनकौरी थे। समारोह की अध्यक्षता कादम्बिनी पत्रिका के पूर्व संपादक डॉ. धनंजय सिंह ने की। राज कौशिक, डॉ. कुंअर बेचैन की पुत्री कवयित्री वंदना कुंअर रायजादा, नीरज रायजादा, कवि गजेंद्र सोलंकी, डॉ. राजीव राज, नीरज अग्रवाल सहित दिल्ली के अनेक साहित्य मनीषी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे । इस अवसर पर डॉ. कमलेश शर्मा का एकल काव्य पाठ भी हुआ ।

काव्य सारथी सम्मान मिलने पर अनुराग असफल, गोविंद माधव शुक्ल, कुमार मनोज, डॉ. राजीव राज, सतीश अनपढ़, शिव गोपाल अवस्थी, रौनक इटावी, सुनील अवस्थी आदि कवियों तथा शिक्षक नेताओं राजीव गोयल, देवेश शर्मा, नरेंद्र कुमार, भगवान दास, सुरेंद्र दीक्षित, पंकज दीक्षित, प्रमोद शाक्य, दिनेश वर्मा, नीतू वर्मा बिंदु सिंह, अजय विक्रम सिंह, अरुण शर्मा, रमाकांत मौर्य, यादुवेंद्र प्रताप सिंह, राजेश सिंह, सुधाकर शर्मा, मुकेश अग्निहोत्री, करतार सिंह नाहर सिंह, रूपेंद्र चौहान, राहुल दुबे, आनंद शर्मा, जावेद खान आदि ने बधाई दी।

# बकेवर की टीम ने 46 रन से मैच जीता

संवाददाता लखना, इटावा

**अमृत विचार**। बजरंग स्पोर्ट्स क्लब ईकरी में क्रिकेट टूर्नामेंट का लीग क्वालीफाई मैच मंगलवार को बकेवर और तुरकपुर बिरारी क्रिकेट क्लब की टीमों के बीच खेला गया। बकेवर की टीम ने टास के साथ ही मैच भी जीता।

बकेवर टीम के कप्तान बाबा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बकेवर ने निर्धारित 15 ओवर में 145 रन बनाए। बंधन ने 54 और बाबा ने 18 रन बनाए। वहीं अंतिम ओवरों में नंदू ने 32 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। तुरकपुर बिरारी की तरफ से राजा, निखल और राहुल ने दो-दो विकेट हासिल किए।

जवाब में तुरकपुर की टीम मात्र 13 ओवर में 99 रन पर ऑल आउट हो गई। 46 रन से मैच गंवा बैठे। नंदू और रितेश ने 3-3 और धोनी ने 2 विकेट लिए। बकेवर की तरफ से बल्लेबाज नंदू को समाज सेवी अभय कुमार ने मैन आफ दी मैच का पुरस्कार प्रदान किया। अंपायर के रूप में मटरू त्रिपाठी, शिवम त्रिपाठी ( भगत ) एवं आदित्य शुक्ला ने अच्छे निर्णय दिए। कमेंट्री सोम तिवारी, हरिओम, नंदन, कल्लू, अवनीश ने की।

### चंबल क्रिकेट लीग के दूसरे राउंड में भिंड और चौरेला विजयी

**इटावा**। चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 के ग्यारहवें दिन चौरेला ग्राउंड पर भिंड और बिठौली टीमों के बीच दूसरे राउंड का मुकाबला हुआ। बिठौली ने टास जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी भिंड टीम ने निर्धारित 12 ओवर में से 10 .2 ओवर में 80 रन पर सिमट गयी। जवाब में उतरी बिठौली टीम 11 .3 ओवर में 65 रन बनाकर ऑल आउट होने के साथ शिकस्त हुई। भिंड टीम के खिलाड़ी सचिन यादव मैन ऑफ द मैच रहे। सचिन को ट्राफी राजेंद्र सिंह ने दी। सरसई और चौरेला टीमों के बीच भी दूसरे राउंड का कड़ा मुकाबला हुआ। सरसई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। चौरेला टीम निर्धारित 12 ओवर में 5 विकेट के नुकसान से 113 रन बनाए। जवाब में उतरी सरसई 11 .5 ओवर में 98 रन पर ऑल आउट हो गयी। चौरेला टीम के खिलाड़ी वैभव रंजन मैन ऑफ द मैच रहे।

# भूमाफिया से मुक्त कराई जाएंगी सरकारी जमीनें

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● जिला स्तरीय एंटी भू माफिया टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में लिया गया निर्णय

**अमृत विचार**। सरकारी जमीनों को भूमाफिया के कब्जे से मुक्त कराया जाएगा। कब्जा करने वाले माफिया के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। इसमें सभी विभाग शामिल रहेंगे। इस संबंध में जिलाधिकारी अवनीश राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एंटी भू माफिया टास्क फोर्स कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में स्वास्थ्य, पंचायती राज, शिक्षा, राजस्व, नगर पालिका परिषद सहित अन्य विभागों की समीक्षा की गई। पीडब्ल्यूडी की समीक्षा में बताया गया कि सरकारी जमीन को भू माफिया से मुक्त कराया जाए तथा उन पर कार्रवाई अवश्य की जाए। डीएम ने यह भी निर्देश दिए कि सभी विभागों की तहसीलवार कमेटी बनाकर भूमाफिया को चिह्नित कर उन पर कार्रवाई अवश्य की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए एवं उसकी सूचना पोर्टल पर अवश्य फीड कराई जाए।

## योग महाकुंभ 13, 14 जून को अयोध्या में

**महेवा, इटावा**। अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ 13-14 जून को प्रभु श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या में योग महाकुंभ का भव्य आयोजन कर रहा है। योग गुरु अभिषेक भदौरिया ने बताया कि देश भर से योग शिक्षक अयोध्या आ रहे हैं। साथ ही देश भर से योग चैंपियन के लिए भी लगभग 500 बच्चों ने अभी तक अपना पंजीकरण करा लिया। योग गुरु अभिषेक भी दो दिन तक अयोध्या में रहकर योग शिक्षकों के हितों के लिए संवाद करेंगे। अभिषेक भदौरिया जनपद इटावा के महेवा विकास खंड के मुकुटपुर गांव के रहने वाले है। उनके इस कार्यक्रम से महेवा क्षेत्र में खुशी की लहर है।

आस्था — ग्राम इंद्राउखी में श्रीमद्भागवत कथा सुनने के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु

# कथा सुनने मात्र से मिलती है प्रभु की कृपा

संवाददाता महेवा, इटावा

● वृंदावन से आई भक्त मंडली ने श्रीकृष्ण लीला से मोहा मन

**अमृत विचार**। ग्राम इंद्राउखी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक अक्षरानंद महाराज ने बताया कि भागवत कथा सुनने मात्र से प्रभु की कृपा बरसने लगती है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि द्रोपदी ने कान्हा को भाई मानकर अंगुली कटने पर अपनी नई साड़ी फाड़कर बांध दी थी। इसके बदले में कान्हा ने चीर हरण के समय उनकी रक्षा की। परीक्षित रमेश सेंगर सहित समस्त ग्रामवासी व क्षेत्र वासी आदि सहयोग कर रहें हैं। कथा के बाद शाम को मथुरा वृंदावन से आई भक्त मंडली द्वारा मनमोहक रूप से कृष्ण लीला का आयोजन किया जाता है। जिसे क्षेत्र के लोग बड़े मनोयोग से देखते हैं।



स्वामी अक्षरानंद।



कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

### प्रभु की भक्ति में ही शक्ति है

**बकेवर, इटावा**। शांतिधाम आश्रम ग्राम नवादा खुर्दकला स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक नन्दकिशोर दुबे ने ध्रुव चरित्र, भक्त प्रह्लाद चरित्र और नरसिह अवतार प्रसंग पर कथा सुनाई। कथा वाचक ने कहा कि प्रभु की भक्ति में ही शक्ति है। कहा कि सभी अपने बच्चों को संस्कार अवश्य दें। जिससे वह बुढ़ापे में अपने माता-पिता की सेवा कर सकें। गो सेवा, साधु की सेवा कर सकें। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। अंत में आरती कर प्रसाद बांटा गया। कथा का आयोजन नवादा खुर्दकला व बहादुरपुर घार के ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है।



भाकिसं की बैठक में शशिकांत दीक्षित व पदाधिकारी। अमृत विचार

# किसानों की समस्याओं के समाधान को बनें योजनाएं

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार**। भारतीय किसान संघ की बैठक का आयोजन मंगलवार को प्रदेश संगठन मंत्री शशिकांत दीक्षित की अध्यक्षता किया गया। जहां किसानों की मूल समस्याओं के समाधान के लिए योजनाएं बनाए जाने पर जोर दिया गया। इसके अलावा सदस्यता अभियान व संगठन गठन के चुनाव के संबंध में चर्चा की गई।

प्रांत संगठन मंत्री कमलेश पांडेय ने पदाधिकारियों व सदस्यों से कहा कि जिले में किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए योजना बनाएं।देश संगठन मंत्री शशिकांत दीक्षित, प्रांत संगठन मंत्री कमलेश पांडेय, शिवनंदन, अक्षय प्रताप, जिला उपाध्यक्ष रवीन्द्र चौहान, राहुल तोमर, वर्षा दुबे, जिला जैविक प्रमुख उदयवीर सिंह, प्रचार प्रमुख राकेश कुमार, सर्वेश सिंह, विनीत दुबे, रवि रतन किशोर, सुधीर यादव, अवनीश त्रिपाठी, सौरभ शाक्य आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### बकायेदारों से शिविर में वसूले 55 हजार रुपये

**बकेवर, इटावा**। कस्बा लखना स्थित रामश्याम गेस्ट हाउस में विद्युत बकायेदारों का बकाया बिल जमा कराने के उद्देश्य से शिविर लगाया गया। जिसमें 55 हजार रुपये की वसूली के साथ 10 उपभोक्ताओं के लोड बढ़ाए गए। एसडीओ भूप सिंह, जेई वीरेंद्र सिंह, लिपिक विवेक कुमार, लाइनमैन सुरेश पांडेय, प्रेमकुशवाहा, पप्पू पाल, महेंद्र सिंह, रामवीर, इंद्रेश गुप्ता की ओर से शिविर का आयोजन किया गया। तीन उपभोक्ताओं के बिल शेडयूल परिवर्तन किए गए। इस अवसर पर पांच उपभोक्ताओं को कनेक्शन दिए गए।

### दो पक्षों में चले लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर, 12 लोग लहूलुहान

**भरथना, इटावा**। भरथना कोतवाली के ग्राम डडियन मौजा थरी में बकरियों के विवाद के चलते एक ही गांव के दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर चले। हमले में दोनों पक्षों के करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया । उमेश पुत्र रामकिशन, मनोज व गजराज पुत्रगण रामबाबू, गम्भीर पुत्र बांकेलाल, रामकिशन पुत्र सुखलाल, बलवीर सिंह पुत्र अहवरन सिंह, अमित उर्फ गोलू पुत्र साधौ सिंह, सोहिल उर्फ छोटू पुत्र ब्रजेश कुमार, विजय कुमार पुत्र साधू सिंह, पदम सिंह पुत्र निहाल सिंह सहित एक दर्जन घायलों को इलाज के लिए भरथना के सरकारी चिकित्सालय भर्ती कराया। उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि बकरियों के विवाद में एक ही गांव दो पक्ष आपस में भिड़ गए थे। घटना में दोनो पक्षों के करीब 10 लोग घायल हुए हैं। दोनो पक्षों की तहरीर पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### नगर संकीर्तन यात्रा दो जून को

**इटावा**। अखिल भारतीय श्रीराधा माधव संकीर्तन मंडल इटावा शाखा के तत्वावधान में दो जून को प्रात: साढ़े सात बजे से नगर संकीर्तन यात्रा निकाली जाएगी जो कूंचा अनीराय ( टंडन टेंट हाउस वाली गली ) मोहल्ला कुंज स्थित केशव नारायन सिंघल के आवास से शुरू होकर छैराहा, पंसारी टोला, अकाल गंज, पचराहा आदि गलियों से होती हुई पुन: यात्रा के यजमान केशव नारायन के आवास पर पहुंचेगी। संकीर्तन मंडल के मंत्री विष्णु नारायन शोरावाल एवं धर्मानुरागी राजेश वाजपेई ने लोगों से यात्रा का पुष्प वर्षा एवं आरती से स्वागत की अपील की है।

### रजबहा ओवरफ्लो, खेतों में भरा पानी

**बकेवर, इटावा**। निचली गंगा नहर भोगनीपुर शाखा से निकले कुड़रिया रजबहा में दुर्गापुरा गांव के निकट खंदी होने से खाली पड़े खेत जलमग्न हो गए। सिंचाई विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद खंदी को बंद कराया। निचली गंगा नहर भोगनीपुर शाखा से निकला कुड़रिया रजवाहा का मुहांड जैतपुरा गांव के पास है। जहां रजबहा की शटरिंग का कार्य चल रहा है। शटर निर्माण कार्य पूरा हो पाता कि नहर में पानी आ गया। बिना रोक टोक के रजबहा में पानी धडल्ले से ओवर फ्लो चल रहा था। सोमवार की शाम ओवरफ्लो इतना बढ़ गया कि दुर्गापुरा गांव के सामने डामरीकरण युक्त के ऊपर से पानी बहने लगा। दुर्गापुरा, कूकेपुरा गांव के सामने रजबहा में खंदी हो गई और पानी के तेजवहाव के चलते बिजौली जाने वाली सड़क तेज पानी के बहाव में कटान हो गया है। जेई ज्ञानेंद्र सिंह ने कड़ी मशक्कत के बाद रजबहा को मुहांड रात करीब 10 बजे बंद कराया। खेत खाली होने की वजह से फसल को नुकसान नहीं पहुंचा।

### दंपति ने परिजनों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप



पीड़ित दंपति। अमृत विचार

**भरथना, इटावा**। भरथना कोतवाली के ग्राम डडियन थरी की एक निसंतान दंपति ने भरथना कोतवाली में शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपकर अपने ही परिजनों पर संपत्ति हड़पने के उद्देश्य से उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। महिला अर्चना कुमारी ने प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके पति अवधेश कुमार तीन भाइयों में दूसरे नंबर के हैं। शादी के बाद से वह अभी तक निसंतान हैं। परिवार के लोग पैतृक कृषि भूमि और आवास को जबरन हड़पने के उद्देश्य से उन्हें तरह-तरह से प्रमाड़ित करते हैं। मामूली सा विरोध करने पर घर में रखा सामान चोरी कर लेते हैं। महिला के अनुसार बीती शाम जान से मारने के उद्देश्य से हमला करने का प्रयास किया था। मंगलवार की सुबह पुन: लाठी-डंडों लेकर उनके के घर में घुस आए। किसी तरह से अपनी जान बचाकर वहां से निकल सके। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### अजीत ने जापान में फेंका भाला, जीता कांस्य पदक



अजीत यादव।

**भरथना, इटावा**। भरथना के ग्राम नगला विधी साम्हों के मूल निवासी एथलेक्टिस खिलाड़ी अजीत यादव ने जापान के कोबे शहर में आयोजित विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक बार फिर कांस्य पदक जीतकर राष्ट्र को समर्पित करते हुए अपने जनपद को गौरवान्वित किया है। 17 से 25 मई तक जापान के कोबे शहर में आयोजित भाला फेंक में भरथना के खिलाडी अजीत यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एक हाथ से दिव्यांग एथलीट अजीत यादव ने पुन: एक और कांस्य पदक जीतने में कामयाब रहे। इससे पूर्व भी भालाफेंक प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स खिलाडी अजीत यादव दर्जनों गोल्ड,सिल्वर और कांस्य पदक जीतकर राष्ट्र को समर्पित कर चुके हैं।

### पंजीकरण के बाद ही करें चार धाम यात्रा

**औरैया**। उत्तराखंड सरकार ने चारधाम यात्रा के लिए अनिवार्य पंजीकरण व्यवस्था लागू की है। उत्तर प्रदेश मुख्य सचिव की ओर से जारी पत्र के अनुसार जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि जनपद के यात्री यदि चारधाम यात्रा पर जाना चाहते हैं तो पंजीकरण कराने के बाद ही वहां जाएं। बगैर पंजीकरण यात्रा के लिए जाने पर श्रद्धालुओं को असुविधा हो सकती है। जिनका पंजीकरण नहीं है, वे निर्धारित चेक प्वाइंट्स पर रोक दिए जाएंगे और उसके आगे नहीं जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा-2024 के लिए मोबाइल एप टूरिस्ट केयर उत्तराखंड पर अनिवार्य पंजीयन की व्यवस्था की गई है।

# तीन दिन से पारा 45 के पार, 47 तक पहुंचने के आसार

## नौतपा की गर्मी से दिन में राहत न रात में चैन, 2 जून तक राहत नहीं

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** ज्येष्ठ का महीना शुरू होने के साथ ही नौतपा का कहर बरपने लगा है। लगातार तीसरे दिन भी अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा लेकिन लू के थपेड़े लोगों को 49 डिग्री सेल्सियस से अधिक का अहसास कराते रहे। सड़कों पर सुबह 11 बजे के बाद अधिकांश समय सन्नाटा रहा।

बताते चलें कि 25 मई से नौतपा शुरू हो चुके हैं जो दो जून तक चलेंगे। रविवार को अधिकतम तापमान में खासी बढ़ोतरी दर्ज की गई थी और दिन भर चली गर्म हवाओं ने सामान्य जनजीवन पर असर डाला था।

लगातार दूसरे दिन सोमवार को भी आसमान से आग बरसती रही। ज्यादातर लोगों ने घरों में दुबके रहने में ही भलाई समझी जिस कारण सड़कों पर सुबह 11 बजे से शाम चार बजे के बीच लगभग सन्नाटे की स्थिति रही तो बाजारों में भी ग्राहकों की भीड़ नजर नहीं आई।



सड़कों पर मुंह बांधकर निकलते महिलाएं और बच्चे। अमृत विचार

### औरैया में ऑरेंज अलर्ट जारी

मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले नौ दिनों तक राहत न मिलने के आसार जताए जा रहे है। इधर मौसम विभाग ने औरैया में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उम्मीद जताई जा रही है कि बुधवार को तापमान 47 डिग्री सेल्सियस और हवा 19 किलोमीटर प्रति घंटा चलने के आसार है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जबकि न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ और हवा की गति 21 किलो मीटर प्रति घंटा में रही।

डॉक्टर लोगों को सलाह दे रहे हैं कि दोपहर के समय जरूरी काम हो तभी घरों से बाहर निकले। दोपहर के समय धूप से बचने के लिए सड़कों पर लोग सिर में अंगौछा बांधे नजर आए। वहीं शिकंजी, गन्ना रस व अन्य पेय पदार्थों की दुकानों पर लोग गला तर करते दिखे। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अनंत कुमार ने बताया कि हीट वेव के चलते आने वाले दिनों में तापमान बढ़ेगा।अगले पांच दिनों तक इसी तरह से गर्मी और से लू चलती रहेगी, पारा 47 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं। दिन व रात में तापमान सामान्य से अधिक रहने की उम्मीद है।

## हीटवेव एवं लू के लिए एडवाइजरी जारी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** डीएम नेहा प्रकाश के निर्देशन एवं एडीएम महेंद्र पाल सिंह के मार्गदर्शन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं मौसम विभाग द्वारा अगले चार दिनों 29, 30, 31 मई व 01 जून तक जनपद में तापमान अत्यधिक होने की संभावना व्यक्त की गई है। तापमान बढ़ने के साथ-साथ गर्म हवा, लू का प्रचंड प्रकोप रहेगा। लू से जनहानि भी हो सकती है। इसी के मद्देनजर एडवाइजरी जारी की गई है।

### क्या न करें

- चाय, काफी एवं शराब क सेवन न करें।
- तेज धूप में बाहर न निकलें।
- अधिक गर्मी में व्यायाम न करें।
- धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़ें।
- अधिक प्रोटीन वाले तथा बासी खाद्य पदार्थों का सेवन न करें

### क्या करें

- लू/ हीटवेव से बचाव हेतु घर से बाहर निकलते समय गमछा, टोपी, चश्मा एवं छाते का प्रयोग करें।
- हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें तथा कड़ी धूप से बचें।
- पर्याप्त मात्रा में तरल पेय पदार्थ जैसे छांछ, लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू का पानी एवं आम के पने का सेवन करें।
- प्यास की इच्छा न होने पर भी पानी बार-बार पियें।
- निर्जलीकरण से बचने के लिए ORS घोल का प्रयोग करें।
- यात्रा करते समय पानी हमेशा साथ में रखें।
- संतुलित हल्का व नियमित भोजन करें।
- खाना बनाते समय खिड़की, दरवाजे एवं रात को खिड़कियां खुली रखें।
- जिन खिड़कियों और दरवाजों से गर्म हवा आती है उन पर रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमिनियम पन्नी, गत्ते या काले पर्दे लगाएं।
- वृद्धों, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें।
- अधिक परिश्रम के बीच में आराम भी करें।
- घर की छत पर चूने अथवा सफेद रंग का पेंट करें।
- स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें।
- लू लगने के लक्षणों को पहचानें यदि कमजोरी लगे, सिर दर्द हो, उल्टी महसूस हो, मांसपेशियों में ऐंठन हो और चक्कर आये तो तुरन्त डॉक्टर को दिखाएं।
- आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें।
- जानवरों को छाया में बांधे और उन्हें पर्याप्त पानी पिलाएं।

## एक नजर

### मवेशी टकराने पर खड़ी रही आनंदविहार स्पेशल

**अछल्दा, औरैया।** दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग पर आनंदविहार स्पेशल एक्सप्रेस से मवेशी के टकराने पर लोकोपायलट ने बैशोली गांव के पास ट्रेन खड़ी कर दी। इंजन को चेक कर ट्रेन को रवाना किया। मंगलवार की सुबह 4 बजकर 46 मिनट पर कानपुर से इटावा जा रही 03227 आनंदविहार स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन से 13 बी फाटक के पास अचानक मवेशी टकरा गया। लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर बैशोली गांव के पास ट्रेन को रोक दिया। लोको पायलट ने इंजन को चेक कर चार मिनट बाद गंतव्य की ओर रवाना किया।

### श्रीमद्भागवत कथा 30 से

**फफूंद, औरैया।** विकासखंड भाग्यनगर के अंतर्गत ग्राम बनारपुर में शिव मंदिर पर आगामी 30 मई से श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगी, जो 5 जून तक चलेगी। भंडारा 6 जून को होगा। विदित हो कि यह कार्यक्रम प्रतिदिन 2 से 6 बजे तक होगा। भागवत कथा आचार्य पंडित मनोज कुमार पांडे तथा राम कथा प्रवक्ता पंडित आलोक पांडे करेंगे। यह जानकारी पुजारी अनिल दुबे ने दी।

### शातिर अपराधी को तमंचा सहित किया गिरफ्तार

**फफूंद/औरैया।** फफूंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत अछल्दा रोड स्थित मां आरके देवी महाविद्यालय टीकमपुर मोड़ से आगे सोमवार की देर शाम थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम के नेतृत्व में उप निरीक्षक मुकेश कुमार चेकिंग कर रहे थे। तभी सूचना पर 19 वर्षीय मनु कुमार पुत्र सतीश बाबू निवासी विक्रमपुर, थाना एरवाकटरा जनपद औरैया को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के कब्जे से तमंचा तथा दो कारतूस बरामद हुए।

### छप्पर में आग से जला सामान

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव बघईपुर में इसरार अली पुत्र इश्फाक अली की जनता नेहरू माध्यमिक विद्यालय के पास कटिंग की दुकान है। बीती रात लगभग 11 बजे दुकान के ऊपर रखे छप्पर में आग लग गई। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया, तब तक दुकान के अंदर रखे 24000 रुपये का सामान जल गया। क्षेत्रीय लेखपाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है।



मैच का उद्घाटन करते अतिथि।

## कुल्हुरूआ ने कमेटी टीम को 7 रन से हराया

**अजीतमल, औरैया।** नगर पंचायत अटसू के ग्राम चांवरपुर में राजपूत क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शिवेंद्र सिंह राजपूत, बीजेपी मण्डल अध्यक्ष अजीतमल और मनीष राजपूत अटसू ने फीता काट कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

कोषाध्यक्ष हिम्मत सिंह बताया कि मैच की एंट्री फीस 300 रुपये है। विजेता टीम को 12 हजार रुपये, ट्रॉफी एवं क्रिकेट किट और उपविजेता टीम को 6 हजार रूपये और ट्रॉफी दी जाएगी। मंगलवार का मैच कुल्हुरूआ और कमेटी के बीच हुआ। कुल्हुरूआ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 109 रन बनाए। जवाब में कमेटी टीम 102 रन पर ही ऑल आउट हो गई 1 कुल्हुरूआ की टीम 7 रन से विजय घोषित हुई। महावीर सिंह, कप्तान सिंह सभासद, शैलेंद्र सिंह राजपूत, सुशील राजपूत, टिल्लू सिंह राजपूत, ललित राजपूत, शिवम राजपूत, दीपक राजपूत आदि मौजूद रहे।

## क्रॉसिंग बंद रहने से तीन घंटे जाम

संवाददाता कंचौसी, औरैया

**अमृत विचार।** कंचौसी नगर की पूर्वी रेलवे क्रॉसिंग पर फाटक बंद रहने से आए दिन घंटों जाम लगा रहता है। मंगलवार दोपहर को फाटक बंद रहने से करीब तीन घंटे तक राहगीर और वाहन चालक जाम में फंसे रहे। दिल्ली-हावड़ा रूट पर प्रत्येक 5 मिनट में ट्रेनों के गुजरने से अक्सर फाटक बंद रहता है। कुछ मिनट के लिए खुला फाटक सायरन बजते ही बंद हो जाता है। मं

गलवार को दोपहर 12 बजे के बाद डीएफसी ट्रैक से दो मालगाड़ियों को पास करने के लिए क्रॉसिंग को बंद किया गया लेकिन इसके बाद दिल्ली-हावड़ा रूट से लगातार सीमांचल एक्सप्रेस, नेता जी एक्सप्रेस, महानंदा एक्सप्रेस, मुरी एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों के गुजरने के चलते क्रासिंग बंद रही। फाटक खुलते ही दोनों ओर खड़े वाहन सवारों ने जल्दबाजी करने में जाम की स्थिति बन गई। जिसके चलते राहगीर 3 घंटे तक जाम में फंसे रहे। तेज धूप और गर्मी से राहगीर परेशान रहे पानी के लिए इधर उधर भटकते नजर आए।



जाम लगने से कतार में खड़े ट्रक। अमृत विचार

नगर निवासी कंचौसी संघर्ष समिति के अध्यक्ष ताराचन्द्र पोरवाल, अनूप पोरवाल, श्याम जी मिश्रा, देवेश पालीवाल, पूर्व प्रधान सुधीर पोरवाल आदि का कहना कि ओवरब्रिज निर्माण न होने से लोगों को आए दिन जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। दोपहर 3 बजे के बाद स्थिति सामान्य हो सकी।

स्टेशन अधीक्षक दरबारी कुमार ने बताया ट्रेनों के ज्यादा आवागमन होने के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है।पुलिस की मदद से जाम को खुलवा दिया गया है। यातायात अब सामान्य है।

## एसडीएम से पाइप चोरी की शिकायत

**अजीतमल, औरैया।** तहसील अजीतमल में मंगलवार को ग्राम वासियों ने एक राय होकर उप जिलाधिकारी अजीतमल को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बिलावा निवासी अरविंद ओझा, रविंद ओझा पुत्रगण रामबाबू निवासी बिलावा ने जलजीवन मिशन द्वारा पानी की टंकी सन 2012-13 में ग्राम बिलावा में निर्मित कराई थी। टंकी से गांव बिलावा, तेजलपुर, पृथ्वीपुर, डेरा बंजारा में पानी सप्लाई के लिए दोनों तरफ सड़क किनारे पाइप लाइन बिछाई गई थी। जिसको गांव के ही लोगों ने 2015-16 में लगभग 100 मीटर तक लाइन को घरेलू प्रयोग के लिए उखाड़ लिया। इसके चलते गांव में पानी की सप्लाई पूर्णरूप से नहीं पहुंच पाती है। उप जिलाधिकारी ने बताया कि कोतवाली प्रभारी को निर्देशित किया गया है।



जांच करते सीडीओ और अधिशाषी अभियंता। अमृत विचार

## अयाना थाना का विवेचना कक्ष और बैरक किया हस्तानांतरित

**अयाना, औरैया।** थाना परिसर में बनाए गए विवेचना कक्ष व आरक्षी बैरक का मंगलवार को सीडीओ ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। निर्माण गुणवत्ता मानक अनुसार मिलने पर हस्तानांतरण की प्रक्रिया पूर्ण की गई।

अयाना थाना परिसर में आने वाले फरियादियों की सहूलियत के लिए 32 लोगों की क्षमता का विवेचना कक्ष व सिपाहियों के ठहरने के लिए आरक्षी बैरक का निर्माण ठेकेदार प्रमलेश दुबे द्वारा करीब एक करोड़ 33 लाख रुपये से किया गया है। भवन निर्माण पूरा होने पर मंगलवार को सीडीओ अनिल कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अभिषेक यादव, एई सिंचाई विभाग, सीओ अजीतमल राममोहन शर्मा, थाना प्रभारी जय प्रकाश पाल ने अन्य अधिकारियों के साथ भवन के मानकों की जांच की। सीडीओ अनिल कुमार ने बताया कि जांच में भवन निर्माण मानक के अनुसार पाया गया है। इसके हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है।

## श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुन श्रोता भावविभोर

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** विकासखंड अजीतमल की ग्राम पंचायत अमावता में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का मंगलवार को समापन हो गया। आचार्य राकेश कुमार दुबे ने श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह और सुदामा चरित्र की कथा सुनाकर भक्तों को भावविभोर कर दिया।



आचार्य राकेश कुमार दुबे।

कथावाचक ने बताया कि विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी बुद्धिमान, सुंदर और सरल स्वभाव वाली थीं। कृष्ण की वीरता की कहानियां सुनकर देवी रुक्मिणी ने उन्हें अपना पति मान लिया था।

वहीं राजा भीष्मक के पुत्र रुक्म का खास मित्र चेदिराज शिशुपाल, रुक्मिणी से विवाह करना चाहता था। रुक्मिणी ने अपने प्रेम की बात एक संदेश के जरिए श्रीकृष्ण तक पहुंचाई।

श्रीकृष्ण को जब ये बात पता चली तो रुक्मिणी को संकट में देख वह विदर्भ राज्य पहुंचे। कृष्ण ने रुक्मिणी का हरण कर शादी रचाई।शिशुपाल जब विवाह के लिए द्वार पर आया तो कृष्ण ने रुक्मिणी का हरण कर लिया। इसके बाद श्रीकृष्ण, शिशुपाल और रुक्म के बीच भयंकर युद्ध हुआ और इसमें द्वारकाधीश (कृष्ण) विजयी हुए। कृष्ण देवी रुक्मिणी को द्वारकाधीश ले आए और यहीं उनका विवाह हुआ। साधू राम, रामकिशन परीक्षित महेंद्र, संजय, बदले गुप्ता मौज्ूद रहे।

**अंतर्राष्ट्रीय माहवारी दिवस** — सक्षम महिला आयाम ने किया कार्यक्रम का आयोजन, सैनेटरी पैड के इस्तेमाल की दी सीख

# जब लाल नहीं होंगे तो लाल कहां से होंगे : सुमन चतुर्वेदी

कार्यालय संवाददाता, फफूंद

**अमृत विचार।** मां आरके देवी महाविद्यालय में मंगलवार को अंतराष्ट्रीय माहवारी दिवस मनाया गया। प्रबंधक जयगोपाल पांडेय, सक्षम राष्ट्रीय सह महिला प्रमुख सुमन चतुर्वेदी और प्रधानाध्यापिका कल्पना द्विवेदी ने मां सरस्वती,भारत माता और महान संत सूरदास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद राष्ट्रीय सह महिला प्रमुख सक्षम सुमन चतुर्वेदी ने बालिकाओं को बताया कि वैसे तो लाल रंग खतरे के निशान को दर्शाता है परंतु महिलाओ के लिए लाल रंग सौभाग्य का प्रतीक है जैसे महिलाओ को सुहाग का जोड़ा, लाल मांग का सिंदूर, लाल चूड़ी, लाल पैरो का महावर।




माहवारी पर चर्चा करतीं सक्षम राष्ट्रीय सह महिला प्रमुख सुमन चतुर्वेदी। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि इसी तरह माहवारी का रंग लाल होता है और माहवारी ही महिला को संपूर्ण मातृत्व का सुख प्रदान करती है। इसलिए हमारा स्लोगन है कि जब लाल नही होंगे तो लाल कहा से होंगे। प्रधानाध्यापिका कल्पना द्विवेदी ने बताया कि बालिकाओं को अपने घरों और बाहर माहवारी पर चर्चा करनी चाहिए। माहवारी के दौरान स्वच्छता जा विशेष ध्यान रखना चाहिए। सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करें। शिखा, रोशनी, यास्मीन, प्रभा, चित्रा, मुस्कान, नैना सहित 52 बालिकाओं ने माहवारी दिवस में प्रतिभाग किया।

## पीरियड के समय स्वच्छता का ध्यान रखें

**औरैया।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा की अध्यक्षता में "विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस" के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में किया गया। जहां मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 09 से 16 वर्ष की आयु के बीच किशोरियों को पहली बार मासिक धर्म शुरू होता है। यह एक सामान्य प्रकिया है, जो 28 दिन के अंतराल पर होती है।

उन्होंने कहा कि इस दौरान किशोरियां अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान दें। खराब कपड़े की जगह सेनेटरी नैपकीन का प्रयोग करें। जनपद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य किशोरी सुरक्षा योजना के अतर्गत समस्त शासकीय विद्यालयों में निःशुल्क सैनेटरी नेपकीन का वितरण कक्षा 6 से कक्षा-12 तक की छात्राओं को किया जाता है। मासिक धर्म के दौरान किशोरियों में अस्थायी वजन की वृद्धि, सिरदर्द, शरीर मे एंठन और चिड़चिड़ापन होता है। ऐसी स्थिति में परिजनों द्वारा किशोरियों को भावनात्मक सहयोग प्रदान किया जाये। इस अवसर पर सीएमओ डा. शिशिरपुरी, उप मुचिअ डॉ. मनोज, उपमुचिअ डॉ. राकेश, उपमुचिअ डॉ. देव नारायण आदि मौजूद रहे।




जानकारी देते सीएमओ डॉ. सुनील कुमार वर्मा। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



राहगीरों को शरबत पिलाते समिति के सदस्य। अमृत विचार

### माता जी की पुण्यतिथि पर बांटा शरबत

**औरैया।** एक विचित्र पहल सेवा समिति के सदस्य राजीव पोरवाल (रानू) द्वारा अपनी माता प्रभा देवी पोरवाल की पुण्य स्मृति में मंगलवार को अपने प्रतिष्ठान श्रीभगवान एंड संस दिबियापुर रोड पर शरबत वितरण किया गया। जहां सैकड़ों लोगों ने शीतल शरबत पीकर राहत की सांस ली। समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट ने लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित किया। श्रीभगवान पोरवाल, कार्यक्रम संयोजक राजीव पोरवाल, कृष्णा पोरवाल, अनुष्का पोरवाल, सुब्रत पोरवाल (यश), "सखी ग्रुप" की अध्यक्ष एकता गुप्ता, प्रभारी बबिता गुप्ता, महिमा अग्रवाल, अनीता पोरवाल, प्रभा गहोई, गुड्डन गुप्ता, आदित्य पोरवाल, सरदार गुरमीत सिंह, राकेश गुप्ता (बैंक वाले), पूर्व सभासद पंकज मिश्रा, मनोज कुमार गुप्ता एडवोकेट, कपिल गुप्ता, सुनील अवस्थी, आनन्द गुप्ता (डावर), हिमांशु दुबे, सतीश चंद्र, नैतिक दोहरे मौजूद रहे।



सचिन को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी देते राजेंद्र सिंह। अमृत विचार

### दूसरे राउंड में विजयी रहे भिंड और चौरेला

**औरैया।** चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 के 11वें दिन चौरेला ग्राउंड पर भिंड और बिठौली टीमों के बीच दूसरे राउंड का मुकाबला हुआ। बिठौली ने टास जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। भिंड टीम निर्धारित 12 ओवर भी नहीं खेल सकी और पूरी टीम 10 .2 ओवर में 80 रन पर सिमट गई। भिंड टीम के सचिन यादव ने सर्वाधिक 36 रन का योगदान के साथ 2 विकेट भी झटके। जवाब में बिठौली की टीम 11 .3 ओवर में 65 रन बनाकर ऑलआउट होगई।आलोक ने 17 रन बनाने के साथ 2 विकेट झटके। भिंड टीम के खिलाड़ी सचिन यादव मैन आफ़ द मैच रहे। सचिन को ट्राफी राजेंद्र सिंह ने दी। वहीं सरसई और चौरेला टीमों के बीच दूसरे राउंड का मुकाबला हुआ। सरसई ने टास जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। चौरेला टीम निर्धारित 12 ओवर में 113 रन बनाए। चौरेला टीम के कप्तान वैभव रंजन ने 40 रन का योगदान दिया। जवाब में सरसई 11 .5 ओवर में 98 रन पर ऑलआउट हो गई। सरसई टीम के खिलाड़ी विकास ने 26 रन बनाए। वैभव रंजन मैन आफ़ द मैच रहे। अतिथि के तौर पर अजीत उपाध्याय और दीपक उदैनिया मौजूद रहे।



कलक्टरी रोड चौराहा पर लीकेज जलापूर्ति लाइन। अमृत विचार

### टोरंट की लापरवाही से पानी को तरसे लोग

**औरैया।** नगर के कलक्टरी रोड चौराहा पर सोमवार रात टोरटं गैस के हो रहे काम से नगर पंचायत की मुख्य जलापूर्ति लाइन लीकेज हो गई। इससे भगवतीगंज और नहर पार के क्षेत्र में पानी की आपूर्ति ठप हो गई। भीषण गर्मी में लोगों को पानी के लिये काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर क्षेत्र में टोरंट गैस कम्पनी पीएनजी उपभोक्ताओं के घरों तक भूमिगत गैस की लाइन बिछाने का काम कर रही है। जल्दबाजी में काम करने के चलते नगर पंचायत की पाइप लाइन लीकेज हो जाती है। मंगलवार को हुई लीकेज भी इसी लापरवाही का काम है। जलापूर्ति ठप होने की जानकारी होने पर सभासद राजीव शर्मा लीकेज वाले स्थान पर पहुंचे तथा मामले की सूचना नगर पंचायत प्रशासन को दी। शाम तक जब गैस लाइन बिछाने वाली कार्यदायी संस्था ने पानी की लाइन का लीकेज ठीक नहीं किया तब नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा ने नगर पंचायत के प्लम्बरों को जल्द लाइन दुरस्त करने को आदेशित किया। देरशाम नगर पंचायत के कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर लीकेज ठीक करने का काम शुरू कर दिया।उन्होंने बताया बुधवार सुबह तक जलापूर्ति शुरू होने की उम्मीद है।

### भागवत कथा के दौरान किया शरबत वितरण

**ककोर, औरैया।** दिबियापुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लहोखर में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जहां टाइगर समूह के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहलवान ताना जी भाऊ के आह्वान पर टाइगर ग्रुप के सदस्यों ने भीषण गर्मी में शरबत और केले वितरित किए। पवन राजपूत, सचिन राजपूत, कौशल यादव, राकी राजपूत, देवेंद्र राजपूत, मोहित राजपूत, राजकुमार यादव भूपेंद्र यादव आदि शामिल रहे।



कार्यक्रम में शामिल टाइगर समूह, व्यास।

### श्रीकृष्ण ने इंद्र का घमंड किया चूर-चूर

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा के रेलवे फाटक के पास पांचवे दिन की श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक संत आचार्य महेश चंद्र पांडेय ने गोवर्धन लीला के साथ श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाया। श्रद्धालु श्रीकृष्ण के नामकरण और पूतना वध के साथ माखनचोरी की लीलाओं के प्रसंग सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के दौरान भगवान गिरिराज पर्वत को उठाते हुए सुंदर झांकी सजाई गई। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु देर तक नाचते रहे। प्रसंग में बताया गया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रज मंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिनों के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ। वही भक्तो द्वारा 56 भोग लगाएं गए। वही लोगो को प्रसाद वितरण किया गया। वही अनुरुद्ध पांडेय ने कथा वाचक को पगड़ी माला शील्ड दिया। इस मौके पर परीक्षित सुरेश कौशल, विष्णु, नारायण तिवारी, अखिलेश शर्मा, मुकेश गुप्ता, राजकुमार तिवारी, आशू आदि मौजूद रहे।



आचार्य महेश चंद्र पांडेय।

### जानलेवा हमले के दूसरे आरोपी को भेजा जेल

**अयाना, औरैया।** उप निरीक्षक नसीरुद्दीन ने मंगलवार सुबह गश्त के दौरान मनसुखपुर के पास से जानलेवा हमला के आरोपी रवि को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने जसवंतपुर गांव के बाहर से हमला करने में प्रयोग की गई खून से सनी लाठी बरामद कर ली है। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि 24 मई को खेत में बकरी जाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। जिसमें शिववीर सिंह की तहरीर पर करन सिंह, जवर सिंह, कुलदीप, सौरभ, रवि के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। शेष दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### पंजीकरण के बाद ही करें चार धाम यात्रा

**औरैया।** उत्तराखंड सरकार ने चारधाम यात्रा के लिए अनिवार्य पंजीकरण व्यवस्था लागू की है। उत्तर प्रदेश मुख्य सचिव की ओर से जारी पत्र के अनुसार जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि जनपद के यात्री यदि चारधाम यात्रा पर जाना चाहते हैं तो पंजीकरण कराने के बाद ही वहां जाएं। बगैर पंजीकरण यात्रा के लिए जाने पर श्रद्धालुओं को असुविधा हो सकती है। जिनका पंजीकरण नहीं है, वे निर्धारित चेक प्वाइंट्स पर रोक दिए जाएंगे और उसके आगे नहीं जा सकेंगे।

## एक नजर

### आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट संचालित किए जा रहे हैं। 16 मार्च से 27 मई तक पुलिस विभाग ने आपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए हैं। वहीं, 4766 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए हैं। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 28,28,174 लोगों को पाबंद किए जाने के नोटिस किए गए, जिनमें से 26,82,469 लोगों को पाबंद किया जा चुका है।

# निवेशकों के लंबित प्रकरणों पर शासन सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ समय सीमा निर्धारित कर मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को भेजी गई

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता- 2006 की धारा- 80, 89, 98 एवं 101 के अंतर्गत तहसीलों और कलेक्ट्रेट से की जाने वाली कार्रवाइयों का समय से निस्तारण न होने से शासन सख्त हो गया है। शासन ने मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर इन मामलों का त्वरित निस्तारण कराने को कहा है। साथ ही पुनः समय सीमा निर्धारित की है। अधिकारियों का कहना है कि निस्तारण में देरी के कारण निवेश मित्र पोर्टल पर कई प्रकरण लंबित दिख रहे हैं, जिसके कारण निवेशकों और उद्यमियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

**डीएम, एसडीएम इतने दिनों में निपटाएं मामलेः** राजस्व संहिता की धारा–80 का निस्तारण एसडीएम स्तर का अधिकारी करता है। निस्तारण की समय सीमा 45 दिन निर्धारित की गई है। धारा-89 का निस्तारण (20.2344 हेक्टेयर तक) जिलाधिकारी करता है। इसकी समय सीमा भी 45 दिन रखी गई है। शासन ने जिलाधिकारी के प्रस्ताव प्राप्त होने पर राजस्व परिषद एवं संबंधित विभाग की संस्तुति प्राप्त करने की प्रक्रिया (40.4688 हे.) के लिए 30 दिन निर्धारित किया है। धारा-98 के लिए (कलेक्टर की अनुज्ञा प्राप्त करने के लिए) कुल 45 दिन निर्धारित किया है।

जबकि धारा-101 के (सामान्य श्रेणी की भूमि) निस्तारण के लिए एसडीएम के लिए 45 दिन का समय निर्धारित किया गया है। इसके अलावा आरक्षित श्रेणी की भूमि के लिए 60 दिन का समय दिया गया है। मंडलायुक्तों को निर्देश है कि धारा-101 (आरक्षित श्रेणी की भूमि) के लिए भारत सरकार व राज्य सरकार के वाणिज्यिक विभाग के लिए 40 लाख से अधिक की वस्तु की अनुज्ञा के लिए 60 दिन तथा निजी उद्योगों, संस्था एवं न्यास के लिए भी 60 दिन निर्धारित किया गया है।

### 30 दिनों में हो निर्णय

आवास एवं शहरी नियोजन, नगर विकास विभाग तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास में धारा–80 के अंतर्गत कार्रवाही को लेकर निर्देश दिया गया कि इन विभागों में अनापत्ति के लिए 30 दिन की समय निर्धारित किया गया है। तीन दिनों के भीतर आपत्ति अथवा अनापत्ति का निर्णय नहीं होने की स्थित में इसे डीम्ड टू नो आब्जेक्शन मानकर निस्तारित कर दिया जाएगा।

### बीमा कंपनी देगी 35 लाख रुपये क्लेम, ब्याज भी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आर्मी साइकिल स्टोर, शाहजहांपुर रोड नकटिया बरेली में आग लगने पर चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी बीमाधारक को 60 दिन में 35 लाख रुपये क्षतिपूर्ति व ब्याज देगी। साथ ही 2.52 लाख रुपये हर्जाना भी अदा करेगी।

यह आदेश राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष अशोक कुमार ने कंपनी द्वारा निरस्त की गई अपील पर दिया है।प्रोपराइट जयदेवी पत्नी स्व. सुखदेव सिंह ने 21 मई 2017 को अपने आर्मी साइकिल स्टोर का कंपनी से बीमा कराया था। बीमित राशि 65.42 लाख रुपये थी।

# इंटर कॉलेजों में शुरू होगी करियर काउंसिलिंग क्लास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ छात्रों को बेहतर करियर के लिए किया जायेगा गाइड

**अमृत विचारः** सरकारी इंटर कॉलेजों में नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों के लिए अब करियर काउंसिलिंग क्लास भी आयोजित की जायेगी। जिसमें 12वीं के बच्चों को बताया जायेगा कि वह इंटर के बाद किस करियर को चुने या फिर आगे की पढ़ाई के लिए क्या करें। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की ओर से सभी कॉलेजों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

शैक्षिक सत्र 2024-25 में छात्रों को इसका लाभ मिलेगा। छात्र भी शिक्षकों से करियर को लेकर अपनी जिज्ञासा को दूर कर सकेंगे। कई बार छात्रों को 12वीं की पढ़ाई के बाद नहीं पता होता है कि उन्हें क्या करना है, इसको ध्यान में रखते हुए ये क्लास शुरू की जायेगी। निदेशालय की ओर से इस बारे में भी जिला विद्यालय निरीक्षकों और संयुक्त शिक्षा निदेशकों को आदेश जारी किए गये हैं कि हर सरकारी विद्यालय में इसका कड़ाई से पालन कराया जाए।

# न्याय के लिए ग्रामीणों की नहीं घिसेगी चप्पल

## तहसील स्तर पर ग्राम न्यायालय बनाकर शहर से दूर गांवों में न्याय दिलाने की प्रकिया को आसान बनाने की कवायद

अजय दयाल, लखनऊ

▸▸ नौ न्यायाधिकारियों की नियुक्ति के साथ राज्य सरकार ने रखा मील का पत्थर

▸▸ पीड़ित को इंसाफ पाने के लिए गांव से दूर स्थित अदालत नहीं जाने की पड़ेगी जरूरत

▸▸ विशेष मौके पर मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भी होगी संबंधित गांव की सुनवाई

**अमृत विचारः** न्याय की आस में अब पीड़ित ग्रामीणों की शहर की अदालतों में चक्कर लगाते-लगाते चप्पल नहीं घिसेगी। गांव में ही तहसील व पंचायत स्तर पर बने ग्राम न्यायालय में उन्हें न्याय दिलाने की प्रक्रिया में तेजी लायी जा रही है। किसी भी सूरत में छह माह की समय सीमा में वाद का निपटारा कर दिया जाएगा। ऐसे में घर बैठे ग्रामीणों को त्वरित और सुगम न्याय मिलेगा। हाल ही में नौ न्यायाधिकारियों की नियुक्ति के साथ राज्य सरकार ने इस दिशा में मील का पत्थर रख दिया है।

दरअसल, शहर से दूर गांवों में न्याय दिलाने की प्रकिया को आसान बनाने के लिए भारत सरकार ने ग्राम न्यायालय अधिनियम 2008 पारित किया था। इसके लिए सरकार ने सभी राज्यों को निर्देशित भी किया था। इनको तहसील स्तर पर बनाने का प्रावधान था। इसी कड़ी में लगभग डेढ़ दशक बाद ही सही अब तेजी से गांव स्तर पर एक के बाद बाद कोर्ट स्थापित किए जा रहे हैं। 22 मई को नौ जिलों के तहसील मुख्यालयों पर स्थापित गांव न्यायालय में न्यायाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ये सभी सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) संवर्ग के अधिकारी हैं।

वहीं ग्राम न्यायालयों में दीवानी मामलों में आपसी समझौतों और फौजदारी मामलों में 'प्ली बार्गेनिंग' के माध्यम से मामलों का निपटारा करने की व्यवस्था भी की गई है।

### मुकदमों की बढ़ती संख्या का बोझ कम किया जा सकेगा

इस कवायद के पीछे उद्देश्य यह है कि किसी भी ग्रामीण को आर्थिक, सामाजिक या किसी और कारण से न्याय से वंचित न रहना पड़े। इससे जिला स्तरीय अदालतों पर मुकदमों की बढ़ती संख्या का बोझ कम किया जा सकेगा और लंबित पड़े मामलों की सुनवाई में तेजी आएगी। साथ ही किसी पीड़ित को इंसाफ पाने के लिए घर से बहुत दूर बने अदालतों के चक्कर नहीं लगना पड़ेंगे।

### इन न्यायाधिकारियों को किया गया नियुक्त

तहसील मुख्यालय बिल्सी (बदायूं) में अर्जित वर्मा, चकरनगर (इटावा) में रजत शर्मा, जखनिया (गाजीपुर) में जीशान मेहदी, कैम्पियरगंज (गोरखपुर) में दीक्षा त्यागी, शाहगंज (जौनपुर) में विपिन कुमार चौरसिया, बदलापुर (जौनपुर) में आशुतोष सिंह, मरिहान (मीरजापुर) में प्रीति द्वितीय, बिलारी (मुरादाबाद) में अशोक कुमार–चतुर्दश और बिलासपुर (रामपुर) में कु. श्वेता को नियुक्त किया गया है। ये सभी सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) संवर्ग से हैं।

### इस तरह और ऐसे मामलों की हो सकेगी सुनवाई

ग्रामीण न्यायालय की स्थापना की मंशा लोगों के घर तक न्याय को पहुंचाने की है। इतना ही नहीं, उद्देश्य होगा कि त्वरित व सुलभता से न्याय मिल सके। खास बात यह कि मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भी संबंधित गांव में विशेष मौके पर सुनवाई हो सकेगी। हालांकि ग्राम न्यायालयों में सिर्फ उन्ही मामलों की सुनवाई की जाएगी जिनमें अधिकतम सज़ा दो वर्ष का कारावास (ज़ुर्माने के साथ या बगैर) या इससे कम हो, अपराध क्षमायोग्य हो आदि। इस इसके अलावा इस कोर्ट में बिजली चोरी, 125–सीआर पीसी, बाइक चालान सहित सिविल केस आदि की सुनवाई भी की जा सकेगी।



ग्राम पंचायत स्तर पर न्यायालयों की तक पहुंच से लोगों के लिये समय और धन की बचत होगी। लंबित मामलों में एक बड़ी संख्या उन मामलों की भी है जिनका आपसी सुलह या मध्यस्थता से निस्तारण किया जा सकता है, ग्राम न्यायालयों के गठन से ऐसे मामलों में भारी कमी आएगी। जनता में विधि व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

**–राघवेंद्र प्रताप सिंह,** वरिष्ठ अधिवक्ता, फखरपुर, बहराइच



न्यायाधिकारियों की ग्रामीण स्तर पर नियुक्तियां करने के साथ उनकी व्यवहारिक सुविधाओं और सुरक्षा का भी ध्यान रखना होगा। उनके आवागमन और रहने के स्थान की क्या व्यवस्था होगी। **–शैलेन्द्र टंडन,** सेवानिवृत्त न्यायाधीश, लखनऊ

# जीएनएम एकीकृत प्रवेश परीक्षा शासन के लिए बनी समस्या

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** जनरल नर्स मिडवाइफरी (जीएनएम) कोर्स में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दाखिला लेने के निर्णय के खिलाफ नर्सिंग कॉलेजों की आपत्तियां दिन पर दिन बढ़ती जा रही हैं। आनन-फानन में नर्सिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए एकीकृत प्रवेश परीक्षा कराने के निर्णय के खिलाफ शासन प्रशासन में शिकायतों का पुलिंदा बढ़ता जा रहा है। इस प्रक्रिया को लागू न करने के पीछे कॉलेजों द्वारा अपने-अपने तर्क भी दिये जा रहे हैं।

आपत्ति दर्ज कराने वालों में बरेली स्थित चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के सुधांशु मिश्रा का कहना है कि मिशन निरामया के अंतर्गत बीएससी नर्सिंग व जीएनएम आदि पाठ्यक्रमों के प्रति लड़कियों में आकर्षण बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के निर्देश पर हम मेंटर को विभिन्न इंटर कॉलेजों में भेजा गया था। हम लोगों ने नर्सिंग पाठ्यक्रम की उपयोगिता और उज्जवल भविष्य की संभावनाओं को लेकर काउंसिलिंग की थी, दाखिले के लिए छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बताया था कि 12 वीं के प्राप्तांक की मेरिट से लिए जाते हैं, उसी को आधार पर फार्म देकर कॉलेज स्तर पर रजिस्ट्रेशन किये गए थे।

### प्रवेश परीक्षा का औचित्य नहीं

प्रवेश परीक्षा के औचित्य पर सवाल उठाते हुए सुधांशु मिश्रा ने बताया कि वर्तमान सरकार में 10 वीं व 12 वीं परीक्षाएं नकल विहीन हो चुकी हैं, यानि शिक्षित बच्चे ही उत्तीर्ण हो रहे हैं, ऐसे में डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा कराने से छात्र–छात्राओं की योग्यता के साथ ही कॉलेजों में आवंटित सीटों पर शत–प्रतिशत दाखिले होने पर भी संकट गहरा जायेगा, गत वर्ष नई व्यवस्था से बीएससी नर्सिंग में सीटे खाली रह जाने का परिणाम भुगत रहे हैं।

### दो साल पहले जारी करें गाइड लाइन

कॉलेज प्रबन्धक का कहना है कि अगर दाखिले के लिए नई नीति लागू करनी है तो को सत्र शुरू करने के कम से कम दो साल पहले ही गाइड लाइन के साथ सूचना जारी कर देनी चाहिए, ताकि कॉलेज प्रबन्धन के साथ छात्र और अभिभावक भी मानसिक रूप से तैयार रहें।

### शासन के निर्णय से बनी असमंजस की स्थिति

दाखिले को लेकर नई नीति की जानकारी न ही उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी की वेबसाइट पर दी गई और न ही कॉलेज प्रबन्धकों को पत्राचार द्वारा सूचित किया गया है। समाचार पत्रों के माध्यम से मिली जानकारी से दाखिला ले चुके छात्र के साथ ही अभिभावक परेशान हैं और लगातार नर्सिंग कॉलेज प्रबन्धक व प्रधानाचार्यो से संपर्क कर रहे हैं, जबकि कॉलेज प्रशासन के पास भी संबन्धित स्पष्ट और समुचित जानकारी नहीं है। असमंजस की इस स्थिति खत्म नहीं हो रही है।

### बिजली आपूर्ति बाधित होने से रुकी मेट्रो

**अमृत विचार, लखनऊः** बिजली आपूर्ति बाधित होने से मंगलवार को दोपहर 3:15 मिनट पर हनुमान सेतु के पास दो मिनट के लिए मेट्रो के पहिए थम गए। इसका वीडिओ भी सामने आया है। मेट्रो की तरफ से ज्येष्ठ के मंगल को यात्रियों से मेट्रो से यात्रा करने की अपील की गई थी।

लखनऊ मेट्रो के पीआरओ पंचानन मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) की बिजली आपूर्ति बाधित होने से समस्या उत्पन्न हुई। दो मिनट मेट्रो का संचालन रुका था। मेट्रो रुकने के अन्य कारणों की भी जांच की जा रही है।

# गाजीपुरः न विकास, न रोजगार, यहां मुद्दा है मुख्तार

विनय सिंह, लखनऊ

▸▸ मौत के दो महीने बाद भी गाजीपुर के चुनाव में जिंदा है मुख्तार अंसारी

**अमृत विचारः** छह चरणों का चुनाव समाप्त हुआ अब पहली जून को सातवें चरण का चुनाव होना है। सातवें चरण की सबसे हॉट सीट गाजीपुर इस समय सर्वाधिक चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां पर मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं।

यह सीट चर्चा का विषय इसलिए भी है, क्योंकि गाजीपुर मुख्तार अंसारी का गढ़ रहा है। इस चुनाव में मुख्तार अंसारी की मौत को विक्टिम के रूप में दर्शा कर वोटों की फसल काटने का भी प्रयास हो रहा है। हालांकि भाजपा मुख्तार की मौत को माफिया उन्मूलन से जोड़ते हुए अपने लक्षित वोटों पर निशाना साध रही है। खासबात यह है कि अपनी मौत को दो महीने बाद भी मुख्तार अंसारी गाजीपुर के चुनाव में जिंदा है। विकास अथवा रोजगार यहां मुद्दा नहीं है।

गाजीपुर संसदीय सीट पर चल रहा चुनाव प्रचार चरम पर है। आश्चर्य की बात यह है कि यहां पर विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि पर चर्चा ही नहीं हो रही। यहां पर चर्चा सिर्फ मुख्तार अंसारी की है।

### भाजपा भी जोर-शोर से दे रही है जवाब

मुख्तार अंसारी को लेकर इंडी गठबंधन की ओर से विक्टिम कार्ड भी खेला जा रहा है। गठबंधन से जुड़े कार्यकर्ता मुख्तार की मौत को भाजपा की ज्यादती बताकर वोट मांग रही है। उधर, मुख्तार की मौत का जवाब भाजपा भी जोर–शोर से दे रही है। कार्यकर्ता मुख्तार की मौत को माफिया उन्मूलन से जोड़ते हुए वोट मांग रहे हैं। मुख्तार की मौत सही अथवा गलत, इस सोंच पर मतदाता दो भागों में बंट गए हैं। आश्चर्य की बात यह है कि गाजीपुर के विकास लिए केंद्र की वर्तमान सरकार अथवा पूर्व की सरकारों ने क्या किया, क्या नहीं किया, यह चर्चा का विषय ही नहीं है। रोजगार जैसा सार्वभौमिक मुद्दा भी यहीं पर नहीं गूंज रहा है। यह अलग बात है कि चुनाव प्रचार के लिए गाजीपुर पहुंचने वाले भाजपा और इंडी गठबंधन के बड़े नेता इन मुद्दों को जरूर अपने–अपने भाषणों में शामिल करते हैं। अब प्रत्याशी की जीत ही बताएगी कि मुख्तार का मुद्दा प्रासंगिक था य जनता ने इस मुद्दे को नकार दिया।

# स्मार्ट क्लास में पढ़ेंगे सरकारी विद्यालयों के छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ समग्र शिक्षा के अन्तर्गत स्मार्ट क्लास के लिए बीईओ और एसआरजी को दिया गया प्रशिक्षण

**अमृत विचारः** सरकारी प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों सहित कस्तूरबा गांधी बालिक विद्यालय के बच्चे अब डिजिटल प्रणाली के तहत स्मार्ट क्लास में पढ़ेंगे। बच्चे जब गर्मियों की छुट्टी के बाद अपने स्कूल पहुंचेंगे तो उन्हें अपनी कक्षा में एक बड़े टीवी स्क्रीन की तरह इन्ट्रैक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले उपकरण दिखाई पड़ेगा। शिक्षक बच्चों को इसी के माध्यम से पढ़ायेंगे।

मंगलवार को आईसीटी आधारित तकनीकि प्राविधि विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में मंडल के सभी खंड शिक्षा अधिकारी और एसआरजी को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि किस तरह से डिजिटल बोर्ड पर बच्चों को पढ़ाया जा सकता है। प्रशिक्षण की शुरूआत शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा व अपर राज्य परियोजना निदेशक मधुसुदन हुल्गी, प्रोजक्ट डायरेक्टर रॉबिन सरकार ने की।

इस दौरान एससीईआरटी के निदेशक गणेश कुमार, संयुक्त निदेशक पवन सचान, पुष्पा रंजन, सहायक उप शिक्षा निदेशक, प्रशिक्षण, दीपा तिवारी, सहायक शिक्षा निदेशक, डायट् प्राचार्य अजय कुमार सिंह, शिव नाडर फाउण्डेशन से प्रोजेक्ट डायरेक्टर रॉबिन सरकार, एजीएम मंयक सिन्हा, मुख्य प्रशिक्षक प्रीति शर्मा भी उपस्थित रहे।

**अब जिले स्तर पर शिक्षकों को करना होगा प्रशिक्षित :** प्रशिक्षण में मंडल के सभी खंड शिक्षा अधिकारी और एसआरजी विद्यालयों में जाकर शिक्षकों को भी प्रशिक्षित करेंगे। ताकि बच्चों को आसानी से डिजिटल बोर्ड के जरिए शिक्षा प्रदान की जा सके।

**एनईपी के तहत बच्चों को रोचक ढंग से पढ़ाने का लक्ष्यः** विद्यालयों में आईसीटी आधारित स्मार्ट क्लास स्थापित करने की दिशा में इन्ट्रैक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले उपकरण विद्यालयों को वितरित किया जा रहा है। इसके माध्यम से कक्षा 1 से 8 तक के विधार्थियों को डिजिटल प्रणाली से शिक्षा दी जाएगी। ताकि बच्चे रोचक एवं प्रभावी ढंग से पढ़तें हुए कक्षावार अधिगम दक्षता को निरन्तर प्राप्त करते रहे।

## वर्ग पहेली-84

**बाएं से दाएं**

4. 1. अध्ययन या शोधकार्य हेतु प्रदत्त या प्राप्त वृत्ति, अध्येतावृत्ति 2. मैत्री, भाईचारा, मेलजोल, मिलाप 3. समान विचार वाले लोगों का समूह, समाज या संघ।

5. 1. सूखे पत्तों के टूटने से उत्पन्न शब्द 2. हिंसक पशुओं के रहने का स्थान, मांद।

6. अच्छे चाल–चलन वाला, सच्चरित्र, सदाचारी।

9. 1. आसानी का भाव, बिना किसी असुविधा की स्थिति 2. सुख

10. 1. ठहरने का स्थान या जगह 2. स्थान, जगह 3. पड़ाव 4. ठहराव 5. घर, वासस्थल 6. भूमिका।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. मंथन, मर्दन 2. मन में उठने वाली उहापोह की स्थिति 3. क्षोभ 4. द्वंद्व।

2. 1. कुएं के मेढक की तरह एक ही जगह रहने या सीमित स्थान को ही दुनिया समझ लेने की अवस्था या भाव 2. बाहर की दुनिया की जानकारी की कमी, अल्पज्ञता।

3. 1. कृपालु, दयालु, अनुग्राहक, अनुग्राही 2. दयावान, दयावंत, दयाशील।

7. 1. छोटी लता 2. बेल।

8. 1. एक सेर का चौथाई भाग, पाव 2. इस मान का बटखरा 3. रुतबा, पद 4. बरतन जिसमें पाव भर दूध आता है।




### वर्ग पहेली -83 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 श | रा | स | न | ■ | ■ | 2 पु |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 3 बं | द | नी |
| ■ | ■ | 4 ब | ■ | दा | ■ | ता |
| ■ | 5 म | हा | ज | न | ■ | ■ |
| 6 दं | दा | ना | ■ | 7 वा | क | या |
| ■ | र | ■ | ■ | ज़ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 8 खा | टी | ■ | 9 धे | री |

## सुडोकू -163

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 4 | | | |
| 6 | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | | | | | | | 8 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | | | 7 | | | | 4 |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | 9 |
| | 4 | | | | 5 | | | |

### सुडोकू -162 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 9 | 2 | 6 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 9 | 7 | 1 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 5 | 3 | 1 | 6 | 9 | 8 | 7 | 4 | 2 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 4 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 2 | 9 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 5 | 4 |
| 4 | 9 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 मई बुधवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–ज्येष्ठ, पक्ष–कृष्ण पक्ष, तिथि–पष्ठी 13.39 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल–उत्तर। ऋतु–ग्रीष्म।
चन्द्रबल–मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल–अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र–श्रवण 08.38 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष:** आज कार्यक्षेत्र की अव्यवस्था को दूर करने को लेकर आप काफी प्रतिबद्ध रहेंगे। रक्तचाप के रोगी अपनी सेहत का ध्यान रखें। अधिकारी वर्ग की अपेक्षा आपसे बढ़ सकती है। यदि विदेश में नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आज का दिन काफी अनुकूल रहेगा।

**वृष:** आज धार्मिक कृत्यों का दिखावा करने से बचें। पिता को लेकर कुछ तनाव हो सकता है। कृषि से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। स्थान–परिवर्तन की योजना बना सकते हैं। कारोबार में बड़ा बदलाव करने से आपको बचना चाहिए।

**मिथुन:** आज व्यवसाय से जुड़े लोगों को ग्राहकों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। पैर में चोट लगने की आशंका है। आपको नौकरी में बदलाव करने की जरूरत महसूस होगी, किन्तु यह समय किसी निर्णय लेने का नहीं है।

**कर्क:** आज व्यवसाय में बदलाव के लिए प्रयास करेंगे। जीवनसाथी को करियर में अच्छी सफलता मिल सकती है। अटके हुए मामलों को सुलझाने में लगे हुए होंगे। बुजुर्ग लोगों की बातों का बुरा न मानें। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है।

**सिंह:** आज सरकारी कार्यों में बाधा आ सकती है। सेहत को लेकर बिल्कुल भी लापरवाही न करें। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं, लेकिन आप स्थितियों को अपने नियंत्रण में लाने में भी सफल रहेंगे।

**कन्या:** आज आपको प्रेम संबंधों में परेशानियों का अनुभव होगा। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर कुछ कन्फ्यूज हो सकता है। जीवनसाथी आपसे प्रेम की अपेक्षा रखेगा। किन्तु आपकी व्यस्तता काफी ज्यादा होगी। व्यवसाय में बड़ा निवेश करने से बचें।

**तुला:** आज आप थोड़े गुस्से में रहेंगे। परिस्थितियां आपके लिए कुछ कठिन रहेंगी। कार्यक्षेत्र में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। अधिकारियों को लेकर आपके मन में रोष रहेगा। आय के दूसरे विकल्पों पर आप काम करेंगे। नकारात्मक प्रकृति के लोगों से दूरी बनाकर रखें।

**वृश्चिक:** आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं। यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो उसकी तैयारी अच्छी रखें। आप जल्दबाजी में कुछ सामान भूल सकते हैं। इन्टरव्यू आदि में सफलता मिलने की सम्भावना है।

**धनु:** आज आपकी अपेक्षाओं पर लोग खरे नहीं उतरेंगे। प्रेम संबंधों में तनाव होने की आशंका है। यदि आप धैर्यवान रहते हैं तो आप सम्पत्ति विवादों को सुलझा सकते हैं। ज्यादा धूप और गर्मी में निकलने से बचें। शरीर में पोषक तत्वों की कमी देखने को मिल सकती है।

**मकर:** आज शेयर मार्केट के माध्यम से बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। मित्रों के सहयोग से आप कई रुके हुए कार्य करवा सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारी आपका काफी ध्यान रखेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहने वाला है।

**कुंभ:** आज परिवार में धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। नशे जैसी गंदी आदतों से जितना हो सके दूर रहें। इससे आपकी छवि बुरी तरह से खराब हो सकती है। शान्तिपूर्वक समय निकालना बुद्धिमत्ता होगी। शाम को आप मनोरञ्जन के साधनों का आनन्द लेंगे।

**मीन:** आज आप दिन भर आराम करना पसन्द करेंगे। धार्मिक विषयों पर आप लोगों को काफी सहायता दे सकते हैं। व्यवसाय में विस्तार करने में सफलता मिलेगी। भाई–बहनों को लेकर परेशानी दूर होगी। सन्तान के व्यवहार से आप प्रसन्न रहेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
खिलाड़ी 1992 — सुबह : 11.42
बधाई हो बधाई — शाम : 06.23

**&pictures**
फुकरे रिटर्न्स — सुबह : 10.50
रश्मी रॉकेट — रात : 08.00

**Sony Pix**
बेबी ड्राइवर — सुबह : 08.49
हैनकॉक — रात : 09.00

**Zee Cinema**
अटैक 2016 — सुबह : 10.25
राम लखन — रात : 08.30

**Colors Cineplex**
दोस्ताना — सुबह : 11.57
आंखे — रात : 08.46

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मां – बेटा इतनी लिपस्टिक लगा के कहां जा रही है
बेटी – मां मैं कॉलेज जा रही हूं
मां – बेटी तुझे कोई लड़का पसंद है क्या ?
बेटी खुश होके – हां मां बहुत पसंद है
मां – तो उस कमीने से बोल दे कि तेरी शादी वर्मा जी के बेटे से तय कर दी है।

चिंटू– "राहों में उनसे मुलाकात हो गई, जिससे डरते थे वही बात हो गई ...इस गाने का क्या मतलब है?
मिंटू– इसका मतलब है कि गायक का चालान कट गया है।

# कमजोर संगठन के साथ बसपा के दांव से मुश्किल में कांग्रेस

## देवरिया में चार दशक का सूखा खत्म करने की चुनौती

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार ।** महान संत देवरहा बाबा की धरती देवरिया में चुनावी घमासान अब जीत-हार के दावों के बीच जातीय गुणा-भाग में बदल गया है। भाजपा के पास इस बार देवरिया लोकसभा सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने तो सपा-कांग्रेस गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही कांग्रेस के सामने 40 साल से बना सूखा समाप्त करने का मौका है। कांग्रेस को इस सीट पर आखिरी बार 1984 में जीत मिली थी। पार्टी कई चुनावों में चौथे नंबर पर पिछड़ती रही है। ऐसे में कांग्रेस की सारी उम्मीदें सपा के वोट बैंक पर ही टिकी हैं, जिसमें बसपा के यादव जाति के प्रत्याशी द्वारा की जा रही सेंधमारी से राह आसान नहीं नजर आ रही है।

देवरिया में सबसे बड़ा मुद्दा समस्या चीनी मिलों को चालू करना और बेरोजगारी है। बातचीत में लोग सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी समस्याएं बताने के साथ बाढ़ से छुटकारा दिलाने के उपाय करने और रिंग रोड बनाए जाने की जरूरत बताते हैं। इसी तरह जनता के एजेंडे में नया जिला अस्पताल, विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा संस्थान खोले जाने जैसी मांगें भी हैं। पिछले दो चुनावों से यहां भाजपा जीत रही है। लेकिन दोनों सांसद बाहरी माने जाते थे, शायद लोगों की इसी नाराजगी को भांपकर भाजपा ने इस बार मौजूदा सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी की जगह स्थानीय प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने यहां अपने पूर्व विधायक और राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह पर दांव लगाया है। इन दोनों की लड़ाई में बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक आनंद यादव के पुत्र संदेश यादव तीसरा कोण बनाने की कोशिश के साथ कांग्रेस प्रत्याशी की मुश्किल बढ़ाते नजर आ रहे हैं।

देवरिया में भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी भले ही पहला चुनाव लड़ रहे हों, लेकिन उनका परिवार राजनीति से जुड़ा रहा है। शशांक के दादा विधान परिषद सदस्य और उनके चाचा विधायक रहे हैं, तो पिता लेफ्टिनेंट जनरल प्रकाश मणि त्रिपाठी सेवानिवृत्त होने के बाद दो बार भाजपा से सांसद चुने जा चुके हैं। शशांक मणि पिछले काफी समय से क्षेत्र में उद्यमिता विकास के लिए सक्रिय हैं। वह युवाओं को स्टार्टअप के माध्यम से रोजगार दिलाने में आगे रहे हैं। उनके मुकाबले कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं। वह वर्ष 2012 में बांसगांव की रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। लेकिन उनके द्वारा इलाके में कराए गए विकास कार्यों को लोग आज भी याद करते हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि बसपा प्रत्याशी संदेश यादव जो जिला पंचायत सदस्य भी हैं, जिस तरह सजातीय मतों में सेंध लगाने का प्रयास कर रहे हैं, उससे इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप की मुसीबत बढ़ रही है। देवरिया सीट से 2019 के चुनाव में भाजपा के रमापति राम त्रिपाठी ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,80,644 मिले थे। सपा-बसपा गठबंधन से मैदान में उतरे बसपा के बिनोद कुमार जयसवाल ने 3,30,713 वोट पाए थे। कांग्रेस के नियाज अहमद खान को 51,056 वोट मिले थे। देवरिया लोकसभा सीट पर 17.54 लाख मतदाता हैं। इनमें इस सीट ब्राह्मण, राजपूत और कुर्मी वोटर निर्णायक भूमिका में माने जाते हैं। लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 51 फीसदी ओबीसी वोटर हैं। करीब 13 फीसदी मुस्लिम वोटर माने जाते हैं। अनुसूचित जाति के वोटर 14 फीसदी से कुछ अधिक और अनुसूचित जनजाति के करीब तीन फीसदी वोटर गिने जाते हैं। सामान्य श्रेणी के मतदाताओं की संख्या 19% के आसपास है।


शशांक मणि त्रिपाठी।


अखिलेश प्रताप सिंह।

● भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के सामने फंसे नजर आ रहे कांग्रेस नेता अखिलेश प्रताप

### सभी पांचों विधानसभा सीटों पर खिला था कमल

देवरिया लोकसभा सीट के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इसमें कुशीनगर जिले की तमकुही राज और फाजिल नगर भी शामिल है। देवरिया जिले की पथरदेवा, रामपुर कारखाना और देवरिया सीट हैं। विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी।

### 2014 में 51% वोट पाकर जीते थे कलराज

- 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा नेता कलराज मिश्रा ने जीत हासिल की थी। उन्हें 4,96,500 (51.1%) वोट मिले थे। कलराज ने बसपा प्रत्याशी नियाज अहमद 2,65,386 (27.3%) मत को हराया था। तीसरे स्थान पर सपा के बलेश्वर यादव 1,50,852 (15.5%) वोट थे। कांग्रेस प्रत्याशी चौथे स्थान था।

## सपा के सहारे भगवा गढ़ में जातीय घेरेबंदी

महाराजगंज लोकसभा सीट

**अमृत विचार।** गोरखपुर मंडल में आने वाली महाराजगंज लोकसभा सीट से मोदी सरकार में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी एक बार फिर चुनावी मैदान में हैं। इस बार उनका मुकाबला करने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने 2022 के विधानसभा चुनाव में फरेंदा से जीते अपने विधायक वीरेंद्र चौधरी को उतारा है। महाराजगंज सीट से पंकज चौधरी भाजपा से छह बार सांसद चुने जा चुके हैं और राजनीति के दिग्गज खिलाड़ी माने जाते हैं। 1991 के चुनाव में भाजपा ने उन्हें पहली बार यहां से टिकट दिया था, इसके बाद से पार्टी अब तक नौ बार उन पर भरोसा जता चुकी है, जिसमें आधा दर्जन बार पंकज चौधरी ने कमल खिलाया है। साल 2014 को चुनाव में पंकज चौधरी को 44.65 और 2019 में 59.20 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस ने इस सीट पर 2009 में जीत दर्ज की थी। पिछले दो चुनावों में पार्टी एक लाख मत पाने के लिए तरसती रही है। ऐसे में यहां चर्चाओं में भाजपा को एक बार फिर भारी माना जा रहा है। हालांकि कांग्रेस इस सीट को हल्के में नहीं ले रही है। वीरेंद्र चौधरी के नामांकन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सपा महासचिव शिवपाल सिंह मौजूद रहे थे।


पंकज चौधरी।


वीरेंद्र चौधरी ।

- अब तक छह चुनाव जीत चुके केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी को चुनौती दे पाएंगे कांग्रेस के विधायक वीरेंद्र चौधरी
- बसपा से किस्मत आजमा रहे मोहम्मद मौसमे आलम सपा-कांग्रेस गठबंधन की बढ़ा रहे मुश्किल

### चार विधानसभा सीटें भाजपा के पास

महाराजगंज लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से चार पर भाजपा और उसके सहयोगी दलों का कब्जा है तो एक सीट कांग्रेस के पास है।

**18%** वोटों के अंतर से भाजपा ने पिछली बार सपा-बसपा का गठबंधन होने पर जीती थी सीट

### 2019 का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | पंकज चौधरी | 7,26,349 | 59.20 |
| सपा | अखिलेश सिंह | 3,85,925 | 31.45 |
| कांग्रेस | सुप्रिया श्रीनेत | 72,516 | 5.91 |
| - | - | - | - |

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | पंकज चौधरी | 4,71,542 | 44.65 |
| बसपा | काशी नाथ शुक्ल | 2,31,084 | 21.88 |
| सपा | अखिलेश सिंह | 2,13,974 | 20.26 |
| कांग्रेस | हर्ष वर्धन | 57,193 | 5.42 |

### दो चौधरी, असमंजस में कुर्मी वोटर

महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में कुर्मी वोटरों की बहुलता है, जिनका एकमुश्त समर्थन पंकज चौधरी को मिलता रहा है। लेकिन इस बार कांग्रेस से वीरेंद्र चौधरी के चुनाव लड़ने के कारण कुर्मी मतों में बंटवारा होना तय माना जा रहा है। वीरेंद्र चौधरी अब तक पांच बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। इस कारण क्षेत्र में पहचान और प्रभाव रखते हैं। 2017 के चुनाव में वह मात्र दो हजार वोट से हार गए थे। इसके चलते इलाके में कुछ लोग इसे दो चौधरियों की जंग भी बता रहे हैं।

लेकिन इस लड़ाई में बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी मोहम्मद मौसमे आलम पर दांव लगाकर इंडिया गठबंधन की चुनौती को कमजोर करने का प्रयास किया है। देवरिया सीट पर अन्य पिछड़ा वर्ग के लगभग 25% मतदाता हैं, इनमें कुर्मी वोटर 10% और यादव 9% गिने जाते हैं। अनसूचित जाति के 18% और मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं की संख्या 17% है।

ब्राह्मण लगभग 8%, वैश्य और निषाद मतदाता 7-7 % तथा क्षत्रिय मतदाताओं की संख्या लगभग 3% है। भाजपा और कांग्रेस दोनों तरफ से जातीय समीकरण साधने का प्रयास हो रहा है।

# हिमाचल में दो मोर्चों पर छिड़ा चुनावी घमासान

सरकार का संघर्ष

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा और छह विधानसभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव के लिए सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को वोट डाले जाएंगे। यहां सभी सीटों पर कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला देखने में आ रहा है। भाजपा ने साल 2014 और 2019 के चुनाव में राज्य की सभी चार लोकसभा सीटें जीतकर क्लीन स्वीप किया था, पार्टी इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के साथ विधानसभा की छह सीटों पर भी कमल खिलाने की पुरजोर कोशिश में लगी है, ताकि राज्य में कांग्रेस की सुक्खू सरकार के पतन का मार्ग प्रशस्त किया जा सके।

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा की चार सीटें हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और शिमला हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने सभी चारों सीटें जीती थीं, लेकिन साल 2021 में मंडी सीट से भाजपा के सांसद रामस्वरूप शर्मा का निधन हो जाने के बाद हुए उपचुनाव में कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने जीत का परचम लहरा दिया था। इस बार प्रतिभा सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह मंडी लोकसभा सीट पर भाजपा की उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का मुकाबला कर रहे हैं। मंडी सीट को राज्य की सबसे हॉट सीट माना जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने यहां अपनी प्रतिष्ठा लगा रखी है। बसपा ने मंडी में डॉ. प्रकाश चंद भारद्वाज को उतारा है। लेकिन सीधा और दिलचस्प संघर्ष भाजपा तथा कांग्रेस के बीच ही हो रहा है।

शिमला लोकसभा सीट पर भाजपा के सुरेश कुमार कश्यप के सामने कांग्रेस से विनोद सुल्तानपुरी चुनाव लड़ रहे हैं। यहां बसपा से अनिल कुमार मंगेट प्रत्याशी हैं। हमीरपुर लोकसभा सीट पर केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को कांग्रेस से सतपाल रायजादा चुनौती दे रहे हैं। यहां बसपा से हेमराज चुनावी मैदान में हैं। जानकारों के मुताबिक यहां अनुराग ठाकुर को कांग्रेस के मुकाबले बढ़त मानी जा रही है। राज्य की कांगड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा के डॉ. राजीव भारद्वाज को दिग्गज कांग्रेस नेता आनंद शर्मा की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। आनंद शर्मा पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। देर से टिकट घोषित होने के कारण पूरे क्षेत्र में प्रचार नहीं कर पाए हैं। यहां बसपा ने रेखा चौधरी पर दांव लगा रखा है।


मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू।


भाजपा नेता जयराम ठाकुर।


मंडी से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह।


मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत।

- 2014 और 2019 में राज्य की सभी चार लोकसभा सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश में
- मंडी सीट पर कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह और भाजपा उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के मुकाबले पर सभी की नजर

### कांग्रेस के लिए छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव जीतना बेहद जरूरी

- हिमाचल में कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों के नेताओं की लोकसभा चुनाव से ज्यादा दिलचस्पी छह सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर दिख रही है। इसकी वजह यह है कि इन छह सीटों के परिणाम राज्य में सत्ता परिवर्तन या मौजूदा सरकार का भविष्य तय करेंगे। दरअसल लोकसभा चुनाव से पहले हुए राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस विधायकों की बगावत की वजह से सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार संकट में फंस गई थी। प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट के चुनाव में कांग्रेस के छह विधायकों की बगावत के कारण राज्यसभा पार्टी के उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी चुनाव हार गए थे और भाजपा के हर्ष महाजन को जीत मिली थी। बाद में विधानसभा के स्पीकर ने इन छह बागी विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। इसी कारण इन न सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। कांग्रेस के सभी बागी विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे और भाजपा ने इन्हें टिकट देकर कमल निशान से चुनावी मैदान में उतार रखा है। ऐसे में उपचुनाव वाली सभी सीटों पर कांग्रेस पूरा जोर लगा रही है, ताकि जीत हासिल करके सरकार पर आने वाला संकट टला जा सके।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## सलेमपुर में बसपा की चुनौती से बना त्रिकोणीय संघर्ष

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** सलेमपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने दो बार के सांसद रवींद्र कुशवाहा को मैदान में उतार कर जीत की हैट्रिक लगाने का मौका दिया है। यहां उनका मुकाबला सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर से है। रमाशंकर राजभर साल 2009 में बीएसपी के टिकट पर सांसद चुने गए थे। लेकिन बसपा ने यहां भीम राजभर को चुनावी मैदान में उतार कर राजभर वोटों में सेंध लगा रखी है। सलेमपुर लोकसभा सीट पर पिछड़ी जातियों का दबदबा है। इसमें 32 प्रतिशत माने जाने वाले कुर्मी और राजभर मतदाता जीत-हार का गणित तय करते हैं। यहां 18 फीसदी कुर्मी, मौर्य और कुशवाहा तो 14 फीसदी राजभर मतदाता गिने जाते हैं। अनुसूचित जाति के मतदाता 15 फीसदी हैं। साल 2019 के चुनाव में भाजपा के रवींद्र कुशवाहा ने 4.67 लाख वोट पाकर बसपा के आरएस कुशवाहा को 1.12 लाख वोटों से हराया था। सुभासपा के राजाराम को 33 हजार और कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कुमार मिश्रा को 27 हजार से कुछ अधिक वोट मिले थे। सलेमपुर लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में तीन सीटों पर भाजपा तथा समाजवादी पार्टी और सुभासपा ने एक-एक सीट पर जीत दर्ज की थी।


**दीदी का रोड मार्च** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए कोलकता में सड़क मार्च करके टीएमसी समर्थकों में जीत का जोश भरा।


**हम में है दम** बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने जनसभा करके वोट मांगे।

# ओडिशा में सरकार बनाने के दावों से साधी दिल्ली की लड़ाई

6 सीटों का रण

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** ओडिशा में सातवें और अंतिम चरण में छह लोकसभा सीटों मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर के साथ इनसे संबंधित 42 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। इस बार राज्य में बीजद और भाजपा दोनों ने सरकार बनाने के दावे के साथ सरकार गठन के शपथ ग्रहण के दिन की घोषणा भी कर रखी है। साल 2019 के चुनाव में भाजपा ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए आठ सीटें जीती थीं, जबकि बीजद की सीटों की संख्या घटकर 12 रह गई थी। इससे पहले 2014 के चुनाव में बीजद ने 20 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा एक ही सीट जीत पाई थी। सामान्यतया लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ होने पर अधिकांश मौकों पर मतदाता एक ही पार्टी को चुनते रहे हैं, शायद यही वजह है कि भाजपा और बीजद लोकसभा चुनाव का प्रचार तो कर रहे हैं, लेकिन असली लड़ाई का मोर्चा विधानसभा चुनाव में खोल रखा है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और उनके करीबी सहयोगी वीके पांडियन पर भाजपा खासी हमलावर है। गृह मंत्री अमित शाह से लेकर चुनाव प्रचार में भाजपा का हर बड़ा नेता ओडिशा के गौरव और सम्मान का सवाल उठाकर यह आरोप लगाता रहा है कि एक तमिल बाबू ओडिशा में शासन कर रहे हैं। एक तमिल व्यक्ति ओडिशा पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। भाजपा सत्ता में आने पर युवा उड़िया भाषी को मुख्यमंत्री बनाएगी।




- भाजपा और बीजद दोनों ने राज्य में सरकार के शपथ ग्रहण के दिन की कर रखी है घोषणा
- साल 2019 के चुनाव में भाजपा ने लोकसभा की आठ और बीजद ने जीती थीं 12 सीटें

### बालासोर में इस बार फिर हो रहा है त्रिकोणीय मुकाबला

- बालासोर में इस बार फिर त्रिकोणीय मुकाबला हो रहा है। यहां भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद प्रताप चंद्र सारंगी को मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला कांग्रेस से पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत कुमार जेना कर रहे हैं। यहां बीजद ने भाजपा से आईं लेखाश्री सामंतसिंघर पर दांव लगाया है। 2014 के चुनाव में बीजद उम्मीदवार ने 41.33 प्रतिशत वोट हासिल करेक भाजपा उम्मीदवार को हराया था। 2019 के चुनाव में भाजपा ने 41.79 प्रतिशत वोट पाकर बीजद को हराया था।

### राष्ट्रपति मुर्मू के मयूरभंज में फिर जीतेगी भाजपा ?

- आदिवासी बहुल मयूरभंज लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट है और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम से जानी जाती है। राष्ट्रपति का गृहनगर होने के नाते इस सीट पर हर किसी की नजर है। वर्तमान में यहां भाजपा सांसद बिश्वेश्वर टुडू हैं। लेकिन भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू के विश्वासपात्र नबा चरण माझी को मैदान में उतारा है, जो रायरंगपुर से विधायक हैं। रायरंगपुर सीट का राष्ट्रपति मुर्मू ने 2009 तक दो बार प्रतिनिधित्व किया था। बीजद ने मयूरभंज सीट पर सुदाम मारंडी को उतारा है। इंडिया गठबंधन से इस सीट पर झामुमो संस्थापक शिबू सोरेन की बेटी अंजलि सोरेन एक बार फिर किस्मत आजमा रही हैं। अंजिल 2019 में भी यहां से चुनाव लड़ी थीं।

### जाजपुर में बीजद और भाजपा का संघर्ष

- जाजपुर सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। भाजपा ने रवींद्र नारायण बेहरा और कांग्रेस ने आंचल दास को मैदान में उतारा है। 2019 में बीजद की शर्मिष्ठा सेठी ने 1,01,693 वोटों से सीट जीती थी। शर्मिष्ठा सेठी को 5,44,020 वोट मिले थे और उन्होंने भाजपा के अमियकांता मलिक को हराया था।

| ओडिशा वोट शेयर 2019 पार्टी | सीट | वोट % |
|---|---|---|
| बीजद | 12 | 42.8 |
| भाजपा | 8 | 38.4 |
| कांग्रेस | 01 | 13.8 |

### भद्रक में फिर से रोमांचक मुकाबले की तस्वीर

- भद्रक लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भद्रक से बीजद को जीत मिली थी। बीजद की मंजूलता मंडल ने भाजपा प्रत्याशी अविमन्यू सेठी को 28,803 मतों के अंतर से हरा दिया था। मंजूलता को 5,12,305 तो अविमन्यू सेठी को 4,83,502 वोट मिले थे। कांग्रेस की मधुमिता सेठी ने 2,07,811 वोट हासिल किए थे। भाजपा ने इस बार भी यहां बीजद सांसद मंजूलता मंडल के सामने पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजद नेता अर्जुन चरण सेठी के बेटे अविमन्यु सेठी को ही मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इस बार वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद अनंत प्रसाद सेठी को मौका दिया है।

### जगतसिंहपुर में भाजपा को पहली जीत की तलाश

- जगतसिंह पुर आरक्षित लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद बिभू प्रसाद तराई, कांग्रेस के रवीन्द्र कुमार सेठी का मुकाबला बीजद की सांसद डॉ. राजश्री मल्लिक से हो रहा है। यहां भाजपा को अपनी पहली जीत की तलाश है। बीजद की राजश्री मल्लिक ने 2019 में चुनाव भाजपा के विभु प्रसाद तराई को हराया था। बीजद और भाजपा को क्रमश: 50.44% और 28.34% वोट मिले थे। 2014 में बीजद प्रत्याशी कुलमणि सामल इस सीट से जीते थे। उन्होंने तब कांग्रेस में रहे बिभू प्रसाद तराई को हराया था। कांग्रेस यहां 1998 से जीत के लिए तरस रही है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1095 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

## कानपुर मंडी

| | |
| --- | --- |
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2450 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2000-4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200-2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6200-6400 |
| अरहर | 9000-10000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-11000 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8000-8100 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 17600-17700 |
| अरहरस्पेशल1 | 14900-15000 |
| चनादाल | 8200-8300 |
| मटरदाल | 5000-5100 |
| मसूरमलका | 7400-7450 |
| मसूरदाल | 7600-7650 |
| उड़ददाल | 9000- 13000 |
| उड़द धोवा | 10000- 13000 |
| मूँगदाल | 8800-9800 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1380-1430 |
| मैदा | 1350-1400 |
| सूजी | 1410-1430 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1325-1350 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# चौथी तिमाही में आर्थिक विकास दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान: एसबीआई

## बैंक ने रिपोर्ट में समाप्त वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि के 8 प्रतिशत रहने की जताई संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय स्टेट बैंक ने आज अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत और मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष में इसके आठ प्रतिशत रहने का अनुमान है।

एसबीआई के ग्रुप मुख्य अर्थशास्त्री डॉ.सौम्य कांति घोष ने आज जारी एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने चौथी तिमाही में जीडीपी के 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है, जबकि एसबीआई ने इसके 7.4 प्रतिशत रहने और मार्च 2024 के समाप्त वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि के आठ प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना जताई है। उसने चालू वित्त वर्ष में जीडीपी के 7.5 प्रतिशत से 8 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान जताया है जबकि आरबीआई इसके सात प्रतिशत रहने की बात पहले की कह चुकी है। उसने कहा है कि 30 उच्च आवृत्ति संकेतकों के साथ इन-हाउस विकसित एसबीआई आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क (एएनएन) मॉडल चौथी तिमाही जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का संकेत दे रहा है। प्रमुख संकेतक शहरी/ग्रामीण परिदृश्य में निरपेक्ष विकास की प्रवृत्ति दिखाते हैं, हालांकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी बनी हुई है। जनवरी 24 से संकेतकों का प्रतिशत 80 से ऊपर बना हुआ है, शहरी संकेतकों ने हाल के महीनों में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है।

### भू-राजनीतिक और मौसम की घटनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत




भू-राजनीतिक और मौसम की घटनाओं के जोखिमों के बावजूद आशावाद आगे चलकर अशांत प्रतिकूल परिस्थितियों में बदल सकता है। इसके अलावा, अच्छे दिनों के अग्रदूत के रूप में, सामान्य से ऊपर मानसून दालों, तिलहन और अनाज की घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 2024 के मानसून सीजन के उत्तरार्ध के दौरान ला नीना विकसित होने की उम्मीद है, जबकि हिंद महासागर डिपोल (आईओडी) सकारात्मक होने की उम्मीद है, जो दोनों ही अच्छे मानसून का संकेत देते हैं। कॉर्पोरेट भारत ने मजबूत आंकड़े दर्ज करना जारी रखा, हालांकि बैलेंस शीट की मजबूती के लंबे तिमाही दौर के बाद लाभप्रदता पर कुछ दबाव सामने आया।

### वर्ष 2024-25 में बैंकों की ऋण वृद्धि घटकर 14 प्रतिशत रह जाएगी

**मुंबई।** देश की बैंकिंग प्रणाली की ऋण वृद्धि में चालू वित्त वर्ष 2024-25 में दो प्रतिशत घटकर 14 प्रतिशत हो सकती है। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में बैंकिंग प्रणाली की ऋण वृद्धि दर 16 प्रतिशत थी।

रेटिंग एजेंसी के अनुसार, इस मंदी से वित्त वर्ष 2024-25 में(सकल घरेलू उत्पाद) जीडीपी वृद्धि दर भी घटकर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह वित्त वर्ष 2023-24 में 7.6 प्रतिशत थी। क्रिसिल ने कहा कि धीमी जमा अभिवृद्धि ऋण वृद्धि पर नियंत्रण रख सकती है। हालांकि एजेंसी ने माना कि पिछले वर्ष जमा और ऋण वृद्धि के बीच का अंतर कम हुआ है। एजेंसी ने कहा-इस राजकोषीय वृद्धि को उच्च आधार प्रभाव, जोखिम भार में संशोधन और कुछ हद तक कम सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि से नियंत्रित किया जाएगा।

## केएएल एयरवेज, कलानिधि के किए गए दावों का कोई कानूनी औचित्य नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• **स्पाइसजेट ने नुकसान के दावे को बताया निराधार**




विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन के 1,323 करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान के दावे निराधार हैं और इनका कोई कानूनी औचित्य नहीं है। केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन ने सोमवार को कहा था कि वे स्पाइसजेट और उसके प्रमुख अजय सिंह से 1,323 करोड़ रुपये से अधिक का हर्जाना मांगेंगे। साथ ही दोनों पक्षों के बीच जारी विवाद मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के हाल के आदेश को चुनौती देंगे।

स्पाइसजेट ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह केएएल एयरवेज और मारन द्वारा 1,323 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगने के दावों का दृढ़ता से खंडन करता है। विमानन कंपनी ने कहा-इन दावों का कोई कानूनी औचित्य नहीं है। वे मध्यस्थ न्यायाधिकरण और फिर दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पहले ही खारिज किए गए दावों को दोहरा रहे हैं। स्पाइसजेट ने कहा-केएएल एयरवेज और मारन ने शुरुआत में मध्यस्थता कार्यवाही के दौरान 1,300 करोड़ रुपये से अधिक के मुआवजे की मांग की। इस दावे की गहन जांच की गई और बाद में उच्चतम न्यायालय के तीन सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की एक पीठ ने इसे खारिज कर दिया।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
| --- | --- |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 95,400 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,125 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,250-55,450 |

**लखनऊ**

| | |
| --- | --- |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,500 |
| चांदी तैयार | 90,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
| --- | --- |
| सोना जेवरात पक्के | 72,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,700 |
| चांदी पक्की | 900 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
| --- | --- |
| सोना 24 कैरेट | 72,800 |
| चांदी आभूषण | 89,800। |

## भारत-अमेरिका सीईओ फोरम ने शुरू किया ज्ञान साझा करने वाला मंच

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उद्यमिता, समावेशी विकास और छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने पर भारत-अमेरिका सीईओ फोरम के एक कार्यसमूह ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एमएसएमई एवं स्टार्टअप के एकीकरण के लिए ज्ञान साझा करने वाला एक मंच शुरू किया है। यह मंच यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टिट्यूट (यूएसआई) और साइबरपीस फाउंडेशन के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है। फोरम ने मंगलवार को एक बयान में ज्ञान साझा करने वाले इस मंच के गठन की जानकारी दी।

फोरम ने कहा-भारत-अमेरिका सीईओ मंच के कार्यसमूह-7 (डब्ल्यूजी7) ने यूएसआई और साइबरपीस फाउंडेशन के साथ साझेदारी में 27 मई को भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय ज्ञान-साझाकरण मंच पेश किया है। इस कार्यसमूह की शेरपा सुबी चतुर्वेदी ने कहा कि यह मंच भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाएगा और उनके बीच व्यापार की संभावनाएं पैदा करेगा। यह स्टार्टअप को सशक्त बनाकर और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एमएसएमई का एकीकरण कर समावेशी विकास को बढ़ावा देगा।

### मानसून, गन्ना उत्पादन पर निर्भर चीनी निर्यात की अनुमति का मामला

**नई दिल्ली।** भारत 2024-25 सत्र में अंतिम गन्ना बुवाई और उत्पादन का आकलन करने के बाद चीनी निर्यात की अनुमति दे सकता है। ब्राजील के बाद दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक देश भारत अगले सत्र में चीनी उत्पादन कम यानी तीन करोड़ टन रहने की उम्मीद कर रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा कि सितंबर में समाप्त होने वाले मौजूदा 2023-24 सत्र में चीनी उत्पादन अबतक 3.15 करोड़ टन तक पहुंच गया है, अंतिम उत्पादन 3.18 करोड़ टन तक पहुंचने की संभावना है क्योंकि तब तक तमिलनाडु और कर्नाटक में मिलें पेराई बंद कर देंगी।

## चांदी के दाम में 3,100 और सोने में 130 रुपये का उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• **करीब दो सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गई चांदी की कीमत**



मजबूत वैश्विक रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 3,100 रुपये के उछाल के साथ 95,950 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि सोना 130 रुपये मजबूत हुआ।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, लगातार दूसरे दिन चांदी में मजबूती आई। इसकी कीमत 3,100 रुपये के उछाल के साथ करीब दो सप्ताह के उच्चस्तर 95,950 रुपये प्रति किग्रा हो गई। सोमवार को चांदी 92,850 रुपये प्रति किग्रा के स्तर पर बंद हुई थी। इस बीच, सोना 130 रुपये मजबूत होकर 72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,346 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से दो डॉलर अधिक है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा-कमजोर अमेरिकी डॉलर की मदद से मंगलवार को यूरोपीय कारोबारी घंटों में सोना मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। उन्होंने कहा-व्यापारी अब महत्वपूर्ण अमेरिकी मुद्रास्फीति आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं, जो इस बात पर प्रकाश डाल सकता है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व कितनी जल्दी ब्याज दरों में कमी कर सकता है। इससे आगे सोने की कीमतों को दिशा मिलेगी। विदेशी बाजारों में चांदी भी बढ़कर 31.50 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी की कीमतें बढ़कर 31 डॉलर के स्तर को पार कर गईं, जो नरमी के दौर के अंत का संकेत है।



## एक नजर

### अदालत ने सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने धन शोधन के एक मामले में जमानत (डिफॉल्ट बेल) देने का अनुरोध करने वाली, जेल में बंद पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की याचिका पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब देने के लिए कहा। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने ईडी को नोटिस जारी किया और उसे मामले पर एक स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा। अदालत ने जेल प्राधिकारियों से जैन का रिकॉर्ड भी मांगा और मामले पर अगली सुनवाई के लिए नौ जुलाई की तारीख तय की। जैन पर कथित तौर पर उनसे जुड़ी चार कंपनियों के जरिए धन शोधन करने का आरोप है।

### जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच झड़प

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक धार्मिक जुलूस के दौरान मामूली मुद्दे पर दो समूहों के बीच हुई झड़प के बाद 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि सोमवार रात भिवंडी के सरावली गांव में हुई घटना के संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे एक धार्मिक जुलूस के दौरान गुलाल फेंकने को लेकर समूहों में झड़प हो गई। अधिकारी ने कहा कि घटना के संबंध में मामला दर्ज किया गया है।

# भाजपा 200 सीट के आंकड़े को भी नहीं कर पाएगी पार: खरगे

## शाह के नौकरी गंवा देने वाले तंज पर कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया जवाब

**चंडीगढ़, एजेंसी**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी के 400 पार के दावे को बकवास करार देते हुए खारिज कर दिया और कहा कि पार्टी लोकसभा चुनाव में 200 सीट के आंकड़े को भी पार नहीं कर पाएगी। खरगे ने अमृतसर में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले आम चुनाव की तुलना में भाजपा की सीट घट रही हैं जबकि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन बढ़त बना रहे हैं। जबकि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) दावा कर रहा है कि उसे लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट मिलेंगी।

भाजपा के इस दावे से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए खरगे ने कहा-जब आपकी (सीट) घट रही हैं और हमारी बढ़ रही हैं। 400 पार भूल जाओ, यह बकवास है। वे सरकार भी नहीं बना सकते और 200 सीट से आगे नहीं बढ़ पाएंगे। खरगे ने कहा कि भाजपा तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना में अस्तित्वहीन है और कर्नाटक में मजबूत नहीं है। उन्होंने सवाल किया, आप महाराष्ट्र में कमजोर हैं, जबकि पश्चिम बंगाल और ओडिशा में एक लड़ाई है। आपको 400 सीट कैसे मिल रही हैं? केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस तंज का जवाब देते हुए कि चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद खरगे अपनी नौकरी गंवा देंगे। खरगे ने कहा-मैं नौकरी करने के लिए राजनीति में नहीं आया हूं। मैं बचपन से ही लोगों की सेवा करने के लिए राजनीति में हूं, अब मुझे उतने ही साल हो गए हैं जितनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उम्र है। खरगे ने कहा-उन्हें चार जून के बाद अपनी नौकरी के बारे में सोचना चाहिए।

कांग्रेस प्रमुख खरगे ने लोकसभा चुनाव के लिए कृषि ऋण माफी और फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी पर पार्टी के चुनावी वादों को दोहराया। उन्होंने साथ ही बेरोजगारी के मुद्दे और अग्निपथ योजना पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना भी साधा।

### चार जून के बाद ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री कहलाएंगे नवीन पटनायक : अमित शाह



**भद्रक/जाजपुर (ओडिशा)।** गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को चुटकी लेते हुए कहा कि नवीन पटनायक चार जून के बाद ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री हो जाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा 147 सदस्यीय विधानसभा में 75 से अधिक सीट हासिल कर राज्य में अगली सरकार बनाएगी। शाह ने भद्रक लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत चांदबाली में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि भाजपा ओडिशा की 21 लोकसभा सीट में से 17 सीट पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा-चार जून को नवीन बाबू मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे, वह पूर्व मुख्यमंत्री बन जाएंगे...भाजपा ओडिशा में 17 लोकसभा सीट और 75 विधानसभा सीट पर जीत दर्ज करेगी। ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हो रहे हैं। शाह ने यह भी कहा कि भाजपा यह सुनिश्चित करेगी कि अगला मुख्यमंत्री उड़िया भाषा में पारंगत हो और राज्य की भाषा, संस्कृति तथा परंपरा को समझता हो। स्पष्ट रूप से पटनायक के करीबी सहयोगी एवं बीजू जनता दल (बीजद) के नेता वी के पांडियन के संदर्भ में शाह ने कहा-क्या तमिल बाबू को पर्दे के पीछे से सरकार चलानी चाहिए... कमल के निशान पर अपना वोट देकर एक अधिकारी की जगह राज्य पर शासन करने के लिए एक जनसेवक को लाएं।

### पूर्व विधायक बिधूड़ी के खिलाफ अपहरण एवं मारपीट का मामला दर्ज

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान में चित्तौड़गढ़ जिले के गंगरार थाने में तीन साल पहले के चर्चित अपहरण एवं मारपीट के मामले में इस्तगासे के जरिये पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बिधूड़ी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि भीलवाड़ा निवासी सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पूरन सिंह भाटी ने न्यायालय से जारी इस्तगासे के आधार पर मंगलवार को मामला दर्ज करवाते हुये कहा कि 21 अगस्त 2021 को गंगरार स्थित भीलवाड़ा के उद्योगपति मानसिंहका ग्रुप की बंद पड़ी काटन मिल पर वह ग्रुप के सुरक्षा अधिकारी के तौर पर चारदीवारी करवा रहे थे, इसी दौरान कुछ लोगों द्वारा उन्हें जबरन गंगरार थाने पर ले जाया गया जहां बिधूड़ी ने उनसे मारपीट करते हुए उक्त जमीन पर काम बंद करने की चेतावनी दी।

## हैदराबाद में उपमुख्यमंत्री के घर पर बम विस्फोट की धमकी

**हैदराबाद, एजेंसी**



बम निरोधक टीम ने बम की धमकी मिलने के बाद तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क के आधिकारिक आवास प्रजा भवन के परिसर की जांच की। • एजेंसी

हैदराबाद में एक अज्ञात व्यक्ति ने मंगलवार को कथित तौर पर फोन कर बताया कि तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री एम. बी. विक्रमार्क के आधिकारिक आवास प्रजा भवन पर बम विस्फोट होने वाला है, जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन कर आगाह किया कि हैदराबाद शहर में प्रजा भवन में बम फटने वाला है। पुलिस ने तुरंत बम निरोधक दस्ते की मदद से परिसर की तलाशी शुरू कर दी। तेलंगाना की पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री डी. अनसूया प्रजा भवन पहुंचीं और अधिकारियों व उपमुख्यमंत्री के

• **जानकारी पर हरकत में आई पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया**

परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर मामले पर चर्चा की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मंत्री ने अधिकारियों को आगंतुकों की गहन जांच करने और प्रजा भवन में सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया। प्रजा भवन के एक हिस्से का उपयोग प्रजा वाणी कार्यक्रम के लिए किया जाता है, सप्ताह में दो बार शिकायत निवारण सभा आयोजित की जाती है।

## भोजन के बाद हालत बिगड़ने से तीन की मौत

**जयपुर, एजेंसी**

• **उदयपुर जिले में एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे 80 लोग**

राजस्थान में उदयपुर जिले के कोटड़ा थाना क्षेत्र में एक कार्यक्रम में भोजन के बाद अचानक हालत बिगड़ने से एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 36 अन्य का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

थानाधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि सावन क्यारा गांव में सोमवार को एक कार्यक्रम में करीब 80 लोग शामिल हुए थे। उनके अनुसार रात को भोजन के कुछ देर बाद कई लोगों को उल्टी और जी मिचलाने की शिकायत पर अस्पताल ले जाया गया जहां एक महिला और दो लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान बाबू गमार (30), मसरू गमार (28) और अमिया पारगी (35) के रूप में की गई है। कोटड़ा के ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शंकरलाल चव्हाण ने बताया कि सावन क्यारा में एक कार्यक्रम में खाने में बकरे का मटन, मिक्स वेज, बैंगन, टमाटर, मक्के का दलिया, दाल गुड़ आदि का भोजन के साथ लोगों को देशी और अंग्रेजी शराब भी परोसी गई थी। उन्होंने बताया कि भोजन करने और शराब का सेवन के कुछ देर बाद लोगों की तबीयत खराब हो गई थी।

### दो आतंकी आकाओं की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में स्थानीय दो आतंकवादी आकाओं की अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया। दोनों आतंकवादी आका पाकिस्तान में रह कर आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दिया करते थे। पुलिस ने बताया कि दोनों हैंडलर वर्तमान में पाकिस्तान में हैं, जहां से वे घाटी में आतंकवादी समूहों और आतंकी मॉड्यूल को संचालित करते हैं।

## नाराज वादी ने न्यायाधीश की ओर फेंकी जूतों की माला

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

• **इंदौर में मुकदमा खारिज किए जाने से था नाखुश, न्यायाधीश का किया अनादर**

इंदौर की जिला अदालत में दीवानी मुकदमा खारिज किए जाने से नाखुश 65 वर्षीय एक वादी ने मंगलवार को एक न्यायाधीश की ओर कथित रूप से जूतों की माला फेंक दी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी के मुताबिक मोहम्मद सलीम (65) ने जिला अदालत में यह आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया था कि आजाद नगर क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करते हुए एक मस्जिद का निर्माण किया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) विनोद कुमार दीक्षित ने संवाददाताओं को बताया कि जिला अदालत के एक न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलीलों पर गौर के बाद सलीम का दीवानी मुकदमा खारिज करने का फैसला सुनाया और पाया कि मस्जिद अतिक्रमण करके नहीं बनाई गई है। उन्होंने कहा-अदालत का यह फैसला सुनते ही सलीम ने अपने कपड़ों में छिपाकर लाई जूतों की माला निकाली और न्यायाधीश की ओर फेंक दी। दीक्षित ने कहा कि न्यायाधीश की ओर जूतों की माला फेंकने की घटना के दौरान सलीम का बेटा मोहम्मद रईस भी अदालत कक्ष में मौजूद था। उन्होंने कहा कि पिता-पुत्र के खिलाफ संबद्ध कानूनी प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। सलीम के बेटे रईस ने आरोप लगाया कि इस घटना के बाद वकीलों ने उसकी और उसके पिता की पिटाई कर दी। रईस ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान वकीलों ने उसके पिता के कपड़े फाड़कर उन्हें निर्वस्त्र भी कर दिया। उसने कहा कि पुलिस कर्मी उसे और उसके पिता को वकीलों से बचाकर एमजी रोड थाने लेकर आए। रईस ने कहा-मेरे पिता 12 साल से मुकदमा लड़ रहे थे। उन्होंने मुकदमे में कहा था कि आजाद नगर क्षेत्र में नगर निगम की सरकारी जमीन की ड्रेनेज लाइन पर अतिक्रमण करके मस्जिद का निर्माण किया गया है और यह निर्माण इस्लाम के खिलाफ है।

### सोरेन की जमानत याचिका पर 10 जून तक जवाब दाखिल करने का निर्देश

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। ईडी ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। सोरेन ने सोमवार को उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दाखिल कर मामले में शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय की पीठ के समक्ष सोरेन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता सोरेन राजनीतिक साजिश का शिकार हैं।

## कविता बहुत ही ताकतवर और गवाहों को कर सकती हैं प्रभावित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**आबकारी घोटाला**

• **सीबीआई और ईडी ने कविता की जमानत याचिका का उच्च न्यायालय में किया विरोध**



केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामले में गिरफ्तार बीआरएस की नेता के.कविता की ओर से दायर जमानत याचिका का दिल्ली उच्च न्यायालय में मंगलवार को विरोध किया। केंद्रीय एजेंसियों ने अदालत से कहा कि वे बहुत ही प्रभावशाली और ताकतवर हैं और गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं। कविता की ओर से पेश वकील ने कहा कि वह महिला हैं और उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए।

कोर्ट में जांच एजेंसियों ने कहा कि उन्होंने घोटाले की साजिश में अहम भूमिका निभाई और वह सक्रिय नेता एवं तेलंगाना विधानसभा की सदस्य होने के नाते कमजोर महिला होने का दावा कर जमानत नहीं मांग सकती हैं। ईडी, सीबीआई और कविता के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने बीआरएस नेता की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील ने दलील दी कि कविता केवल महिला नहीं हैं बल्कि प्रभावशाली महिला हैं और गवाहों को प्रभावित करने के मामले में काफी ताकतवर हैं, गवाहों में शामिल एक व्यक्ति ने दावा किया है कि उन्होंने उसको धमकी दी थी। ईडी के वकील ने भी दलील की दी कि कविता आबकारी घोटाले की सह साजिशकर्ता और लाभार्थी हैं और अपराध की कड़ी सीधे तौर पर उनसे जुड़ती है। वकील ने दावा किया कि बीआरएस नेता सफेदपोश अपराध की आरोपी हैं और सबूतों को नष्ट करने और अपने बयानों से लोगों को धमकाने में संलिप्त हैं। ईडी ने कविता की जमानत अर्जी पर दिए जवाब में दावा किया कि उनको रिहा करने से आगे की जांच पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा जो गहरी और बहु स्तरीय साजिश का पता लगाने के लिए की जा रही है।

जांच एजेंसी ने जवाबी हलफनामा में कहा-के.कविता ने अन्य लोगों के साथ मिलकर साजिया रची और लाभ पहुंचाने के बदले 100 करोड़ रुपये के भुगतान में संलिप्त थीं और उन्होंने अपने लोगों के जरिये धनशोधन की पारिस्थितिकी बनाई जो एम/एस इंडोस्प्रीट है और अपराध से 192.8 करोड़ रुपये की कमाई की।

# पुलिस ने भेष बदलकर मारा पब-बार पर छापा

पुणे कार दुर्घटना

नागपुर, एजेंसी

पुणे कार दुर्घटना के मद्देनजर महाराष्ट्र के नागपुर में पुलिस अधिकारियों ने पहचान छिपाकर शहर में नियमों का उल्लंघन करने वाले पब और बार पर छापा मारा।

एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि नागपुर पुलिस की विशेष टीम ने पब, बार और क्लब पर छापा मारा और महाराष्ट्र निषेध अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करने वालों का पता लगाया। पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर सिंघल ने बताया कि अधिकारियों के निष्कर्षों के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट दर्ज होगी और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत उल्लंघन के लिए पब और क्लबों के प्रबंधन को नोटिस जारी किये जाएंगे। अन्य अधिकारी ने बताया कि सहायक पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त सहित कम से कम 13 वरिष्ठ अधिकारी ग्राहक बनकर पब में गए और निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों ने रविवार रात कुल 13 जगहों पर छापा मारा और कई स्थानों पर भीड़भाड़ और कम उम्र के ग्राहकों को शराब परोसने जैसे नियमों का उल्लंघन होते हुए पाया। अधिकारी ने बताया कि पब के कुछ हिस्सों को निगरानी मुक्त रखने के लिए कुछ स्थानों पर बेहद चालाकी से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। उन्होंने बताया कि कानून के मुताबिक, जिन पब या फिर बार में शराब परोसी जाती है वहां मार्शल को तैनात करना जरूरी होता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहक शराब पीकर गाड़ी न चलाएं लेकिन कोई भी पब और बार इस नियम का पालन करते हुए नहीं पाया गया।

- सहायक पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त पहुंचे ग्राहक बनकर
- नियमों के उल्लंघन पर पब और क्लबों के प्रबंधन को जारी किए जाएंगे नोटिस

### गिरफ्तार डॉक्टर के लिए विधायक का सिफारिश पत्र सामने आया

**पुणे।** पोर्श कार दुर्घटना मामले में ससून जनरल अस्पताल के डॉ. अजय तावड़े की गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता एवं महाराष्ट्र के विधायक सुनील टिंगरे का 2023 का वह पत्र सामने आया है जिसमें उन्होंने डॉ. तावड़े को चिकित्सा अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार देने की सिफारिश की थी। पुलिस ने सरकारी अस्पताल के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. अजय तावड़े, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीहरि हलनोर और डॉ. तावड़े के अधीन काम करने वाले अतुल घाटकाम्बले को इस मामले में गिरफ्तार किया है। पुणे में 19 मई की सुबह पोर्श कार की टक्कर से दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। यह कार 17 वर्षीय नाबालिग चला रहा है। जिस समय हादसा हुआ, उस समय किशोर नशे में था। किशोर को किशोर न्याय बोर्ड ने जमानत दे दी थी और उसे दुर्घटनाओं पर निबंध लिखने को कहा था लेकिन आलोचना और पुलिस द्वारा पुनरीक्षण याचिका के बाद उसे 5 जून तक हिरासत केंद्र में भेज दिया गया।

### चालक के अपहरण में नाबालिग का पिता पुलिस हिरासत में

**पुणे।** पुणे की अदालत ने मंगलवार को पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर के पिता को परिवार के चालक के कथित अपहरण और बंधक बनाने के मामले में 31 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कोर्ट ने इसी मामले में आरोपी किशोर के दादा की पुलिस हिरासत भी 31 मई तक बढ़ा दी। दोनों आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) एए पांडे के समक्ष पेश किया गया। पुणे शहर के कल्याणी नगर इलाके में 19 मई की सुबह कथित तौर पर नाबालिग द्वारा चलाई जा रही तेज रफ्तार पोर्श कार की चपेट में आने से दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी।

बांग्लादेश सांसद हत्याकांड

## कोलकाता फ्लैट में मिले खून का डीएनए परीक्षण करा सकती है पुलिस

**कोलकाता।** बांग्लादेश पुलिस यहां के न्यू टाउन इलाके के एक फ्लैट में पाए गए रक्त के नमूने का डीएनए परीक्षण कराएगी और बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार के किसी रिश्तेदार के रक्त के नमूने से उसका मिलान करेगी ताकि यह पुष्टि हो सके कि राजनेता की हत्या की गई थी।

आशंका है कि एक पखवाड़े से लापता अनार की उसी फ्लैट में हत्या कर दी गयी और शव के टुकड़े नहर में फेंक दिये गये। जांच के सिलसिले में कोलकाता आए ढाका पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि यदि अवामी लीग के सांसद के शरीर के अंग नहीं मिल सके तो अंतिम विकल्प के रूप में डीएनए परीक्षण किया जाएगा। यदि शरीर के अंग नहीं मिलते हैं, तो हम डीएनए परीक्षण कराएंगे और अनार के परिवार में से किसी एक के डीएनए के साथ इसका मिलान करेंगे और इसके अनुसार मामले में जांच आगे बढ़ेगी।

# भारत दे रहा महंगी बीमारियों का सस्ता इलाज



भारत को फार्मा की राजधानी कहा जाता है और यह सस्ते चिकित्सा उपायों की उपलब्धता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत कई महंगी कैंसर की दवाओं का उत्पादन करता है और उन्हें विदेशी बाजारों में सस्ती कीमत पर बेचता है। भारतीय फार्मास्युटिकल कंपनियां जेनरिक दवाओं का उत्पादन करती हैं, जो ब्रांडेड दवाओं की तुलना में काफी सस्ती होती हैं। आइए जानते हैं कुछ प्रमुख महंगी कैंसर की दवाओं और उनके जेनरिक संस्करणों के बारे में....



### भारत सबसे बड़ा जेनेरिक का उत्पादक

भारत 20% वैश्विक जेनेरिक दवाओं का उत्पादन करता है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा जेनेरिक दवाओं का निर्यातक बन गया है। ब्रांडेड दवाओं की तुलना में जेनेरिक दवाएं 30-80% तक सस्ती होती हैं।

### देश में निर्मित कैंसर की दवाएं

- **ग्लिवेक :** नोवार्टिस द्वारा निर्मित भारतीय जनरिक निर्माता : सिप्ला, डॉक्टर रेड्डीज, सन फार्मा, और लुपिन सोरेलिक
- **नेक्सावर :** बायर द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : सिप्ला, ग्लेनमार्क, और डॉक्टर रेड्डीज, ट्रास्टुज़ुमैब
- **हेरसेप्टिन :** रोश द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : बायोकॉन,
- **बेवासिजुमैब अवास्टिन :** रोश द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता बायोकॉन, सिप्ला लेनालिडोमाइड
- **रेवलेमिड :** सेल्जीन द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : नेटको फार्मा, हेटेरो एर्बिटुक्स

### स्रोत और आंकड़े

- **भारतीय फार्मास्युटिकल एलायंस :** यह संगठन भारत में फार्मा उद्योग के विकास और नवाचार को प्रोत्साहित करता है।
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन :** भारत जेनेरिक दवाओं के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है। विभिन्न फार्मा मैगजीन और रिपोर्ट्स में भारत के फार्मा उद्योग और सस्ते चिकित्सा उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी मिलती है। इन सबके माध्यम से भारत दुनिया भर के लोगों को सस्ती चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में भूमिका निभा रहा है।

## एक नजर

### श्रद्धा वालकर हत्याकांड में पूरक आरोपपत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की हत्या करने और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ और अधिक डिजिटल तथा फॉरेंसिक सबूतों के साथ एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। अदालत के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला के समक्ष करीब 3,000 पृष्ठों का आरोपपत्र दाखिल किया गया। पूनावाला ने मई 2022 में राष्ट्रीय राजधानी के महरौली में वालकर की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी थी और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े कर उन्हें शहर के अलग-अलग इलाकों में फेंक दिया था।

### तीन खनिक अवैध खदान में तीसरे दिन भी फंसे रहे

**डिब्रूगढ़ (असम)।** असम के तिनसुकिया जिले में अवैध खदान में तीन खनिक तीसरे दिन मंगलवार को भी फंसे रहे और उन्हें बचाने के प्रयास जारी हैं। तिनसुकिया के आयुक्त स्वप्निल पॉल ने कहा कि अधिकारियों के अलावा, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ खनिकों का पता लगाने के लिए खोज और बचाव के अभियान में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि तीन कोयला खनिक अब भी लापता हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की एक-एक टीम और स्थानीय बचाव कर्मी लापता खनिकों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

### पाकिस्तान में सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार देर रात एक जीप के गहरी खाई में गिरने से एक ही परिवार के आठ सदस्यों की मौत हो गई। क्षेत्र के जिला पुलिस अधिकारी इमरान खान ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना के शांगला जिले में तब हुई, जब एक मोड़ पर जीप के चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। अधिकारी ने बताया कि मारे गए लोगों में तीन बच्चे, चार महिलाएं और चालक शामिल है। श्री खान ने कहा कि बचाव दल और स्थानीय स्वयंसेवकों ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये निकटवर्ती अस्पताल ले गए। उन्होंने कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार सड़क की खराब स्थिति के कारण यह हादसा हुआ।

### बाकिर कालीबाफ फिर बने ईरान की संसद के अध्यक्ष

**दुबई।** ईरान की संसद ने मंगलवार को एक बार फिर मोहम्मद बाकिर कालीबाफ को अध्यक्ष चुना। संसद में कुल 287 सांसदों ने मतदान किया, जिनमें से 198 ने कालीबाफ को पद पर बरकरार रखने के पक्ष में वोट दिया। कालीबाफ 2021 में संसद के अध्यक्ष चुने गए थे। राष्ट्रपति चुनावों में मिली असफलताओं के बाद वह संसद के अध्यक्ष बने थे। इससे पहले वह ईरान की राजधानी तेहरान के मुखिया थे। कालीबाफ को 1999 में रिवॉल्यूशनरी गार्ड का जनरल रहते हुए ईरानी विश्वविद्यालय के छात्रों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जाना जाता है।

### अमेरिका में आए तूफान से 22 लोगों की मौत

**ह्यूस्टन (अमेरिका)।** मध्य और दक्षिणी अमेरिका में गत सप्ताहांत में एक के बाद एक आए शक्तिशाली तूफानों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गयी, बड़ी संख्या में मकान एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से तबाह हो गये और बिजली आपूर्ति ठप हो गई। टेक्सास, ओक्लाहोमा, अर्कांसस और केंटकी में विनाशकारी तूफानों के कारण लोगों ने अपनी जान गंवाई। दक्षिण टेक्सास से फ्लोरिडा तक तेज गर्मी और लू ने नया रिकॉर्ड बनाया। मौसम वैज्ञानिकों ने पूर्वानुमान जताया है कि सोमवार के बाद ईस्ट कोस्ट में मौसम खराब हो सकता है और छुट्टियां मनाने गए लोगों से वहां से लौटने की सलाह दी गई है।

# फिलिस्तीन को राष्ट्र बनाने के पक्ष में स्पेन : प्रधानमंत्री सांचेज

## यूरोपीय संघ के इजराइल के साथ बढ़ते मतभेद के बीच लिया गया फैसला

मैड्रिड, एजेंसी

यूरोपीय संघ के इजराइल के साथ बढ़ते मतभेद के बीच स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा कि उनके देश का मंत्रिमंडल मंगलवार को बैठक में फिलिस्तीन राष्ट्र को मान्यता देगा। आयरलैंड और नॉर्वे भी बाद में फिलिस्तीन राष्ट्र को आधिकारिक तौर पर मान्यता देंगे। दर्जनों देशों ने फिलिस्तीन राष्ट्र को मान्यता दी है लेकिन किसी बड़े पश्चिमी देश ने ऐसा नहीं किया है।



- आयरलैंड और नॉर्वे भी बाद में देंगे मान्यता, किसी बड़े पश्चिमी देश ने नहीं किया ऐसा
- राफा में हो रहे हमलों पर इजराइल के खिलाफ प्रतिबंध पर होना चाहिए विचार : सांचेज

सांचेज ने प्रधानमंत्री आवास के द्वार पर खड़े होकर कहा कि यह ऐतिहासिक फैसला है जिसका एकमात्र लक्ष्य इजराइल और फिलिस्तीन के लोगों को शांति स्थापित करने में मदद करना है। सांचेज के इस भाषण का टेलीविजन पर प्रसारण किया गया। समाजवादी नेता सांचेज ने पिछले सप्ताह संसद के समक्ष अपने देश के फैसले की घोषणा की थी। उन्होंने गाजा में संघर्ष विराम और मान्यता के लिए समर्थन जुटाने के मकसद से यूरोपीय और पश्चिम एशियाई देशों का दौरा किया था। यूरोपीय संघ के सदस्य आयरलैंड और स्पेन द्वारा फलस्तीन राष्ट्र को राजनयिक मान्यता देने की पूर्व संध्या पर यूरोपीय संघ और इजराइल के आपसी संबंध सोमवार को रसातल में पहुंच गए। दक्षिणी गाजा शहर राफा में लगातार हमलों के लिए इजराइल के खिलाफ प्रतिबंधों पर विचार किया जाना चाहिए।

इजराइली विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने स्पेन से कहा है कि यरूशलम में उसके वाणिज्य दूतावास को फिलिस्तीनियों की मदद करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय का पुरजोर समर्थन किया है जिसके अभियोजक इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और हमास के नेताओं सहित अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट का अनुरोध कर रहे हैं। नॉर्वे ने फिलिस्तीन राष्ट्र को औपचारिक मान्यता देने से पहले सप्ताहांत में फिलिस्तीन सरकार को राजनयिक दस्तावेज़ सौंपे।

सांचेज ने कहा कि फिलिस्तीन राष्ट्र को मान्यता देने का निर्णय इजराइल समेत किसी के भी खिलाफ नहीं है। उन्होंने गाजा में स्थायी संघर्ष विराम, मानवीय सहायता सामग्री की आपूर्ति बढ़ाने और पिछले साल 7 अक्टूबर को हमला करने के बाद हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को रिहा किए जाने का आह्वान किया। सांचेज ने फिलिस्तीनी राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा शासित एक ऐसे राष्ट्र की कल्पना की जो वेस्ट बैंक और गाजा को पूर्वी यरुशलम से जोड़े।

## बंदूकधारियों के हमले में सात की मौत, 150 लोगों का अपहरण

**अबुजा।** नाइजीरिया के मध्य नाइजर प्रांत में एक समुदाय पर बंदूकधारियों के हमले में चार स्थानीय सुरक्षा कर्मियों सहित कम से कम सात लोग मारे गए। नाइजीरियाई मीडिया के अनुसार मुन्या सरकारी क्षेत्र के कुची समुदाय में हुई घटना के दौरान भारी हथियारों से लैस बंदूकधारियों ने 150 से अधिक निवासियों का अपहरण कर लिया था। ब्लूप्रिंट समाचार पत्र ने मुन्या सरकारी क्षेत्र के प्रमुख अमीनू नाजूम ने बताया कि बंदूकधारियों ने भारी बारिश के दौरान समुदाय पर धावा बोल दिया और घर-घर जाकर लोगों को अगवा किया। भागने का प्रयास करने वाले तीन ग्रामीणों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुठभेड़ में सरकार समर्थित सुरक्षा टास्क फोर्स के चार सदस्य भी मारे गए। उन्होंने मुन्या पर हो रहे हमलों पर दुख व्यक्त किया और सरकार से निवासियों को आतंकित करने वाले डाकुओं के खिलाफ सुरक्षा प्रयासों को मजबूत करने का आग्रह किया। पुलिस ने अभी तक नवीनतम घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

- नाइजीरिया के मध्य नाइजर प्रांत में हुआ हमला

# इजराइल के साथ युद्धविराम को लेकर बातचीत नहीं होगी: हमास

गाजा, एजेंसी

- इजराइली के राफा में विस्थापितों के टेंटों को निशाना बनाने के जवाब में लिया फैसला

हमास ने कहा है कि रविवार की रात दक्षिणी गाजा शहर राफा पर इजराइल के हमले के बाद वह गाजा पट्टी में युद्धविराम या कैदी विनिमय समझौते के लिए किसी भी बातचीत में भाग नहीं लेगा। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक हमास ने यह निर्णय इजराइली सेना द्वारा राफा के उत्तर-पश्चिम में विस्थापित नागरिकों के टेंटों को निशाना बनाने के जवाब में लिया है, जिसमें 10 से अधिक लोग मारे गए और घायल हो गए।

सूत्रों ने कहा कि हमास को बातचीत फिर से शुरू करने के संबंध में मिस्र या कतर में मध्यस्थों से कोई आधिकारिक अधिसूचना नहीं मिली है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक राफा शहर के पास विस्थापित लोगों के तंबुओं पर इजराइली हवाई हमलों में बच्चों और महिलाओं सहित कम से कम 45 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। हमास के वरिष्ठ अधिकारी ओसामा हमदान ने सोमवार को बेरूत में कहा कि मध्यस्थों को प्रस्तुत की गई हमारी शर्तों को छोड़कर इजराइल को कभी उसके नागरिक वापिस नहीं मिलेंगे। स्थायी युद्धविराम सहित किसी समझौते पर पहुंचने के लिए हमास की शर्तें पहले जैसी ही रहेंगी।

### राफा में लक्ष्य कर किया गया हमला

**यरुशलम।** इजराइल ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के प्रशासन को बताया है कि उसने राफा में लक्षित और सटीक गोला बारूद से ईंधन टैंक पर हमला किया था, जिसमें आग लगने से विस्थापित फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। सीएनएन ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा कि हम इसकी पुष्टि नहीं कर सकते, लेकिन इजराइल ने हमें इस हमले की जानकारी दी है। हमारा मानना है कि इजराइल द्वारा अपनी जांच पूरी करने के बाद हम और जानकारी प्राप्त होगी। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शरणार्थी शिविर पर हवाई हमले को दुखद दुर्घटना बताया और कहा कि जांच चल रही है।

### इजराइली टैंकों ने राफा केंद्र पर किया कब्जा

**राफा।** इजराइली टैंकों ने राफा के मध्य में अल-अवदा चौराहे को अपने कब्जे में ले लिया है। यह जानकारी राफा में प्रत्यक्षदर्शियों और मीडिया ने मंगलवार को दी। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अल-अवदा चौराहा प्रमुख बैंकों, सरकारी संस्थानों, व्यवसायों और दुकानों के लिए एक प्रमुख स्थल है। दक्षिणी तरफ फिलिस्तीनी-मिस्र की सीमा से सिर्फ आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह चौराहा पर तोपखाने से गोलीबारी कर इजरायली सेना ने इसे अपने कब्जे में ले लिया है। रिपोर्ट में एक प्रत्यक्षदर्शी के हवाले से बताया गया कि उसने शहर के पश्चिमी हिस्से में स्थित अमीराती अस्पताल में अपने परिवार के सदस्यों के साथ शरण मांगी थी। प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि सैनिक चौक के समीप एक इमारत के शीर्ष पर तैनात हो गए और क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर उन्होंने गोलाबारी शुरू कर दी।

# संदेशखालि: शेख के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने ईडी की टीम पर हमले के संबंध में की कार्रवाई

सीबीआई ने पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर भीड़ के किए हमले के संबंध में निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां शेख, उसके भाई और पांच पर आपराधिक साजिश और हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि मामले में एजेंसी का पहला आरोपपत्र सोमवार को बशीरहाट विशेष अदालत के समक्ष दायर किया गया। पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में शेख के घर पर छापेमारी करने गई ईडी की टीम पर 1,000 लोगों की भीड़ ने हमला किया था। टीम शेख को गिरफ्तार करने भी गई थी क्योंकि घोटाले में जांच के घेरे में आए, गिरफ्तार पूर्व राज्य खाद्य मंत्री ज्योति प्रिय मलिक के साथ उसके कथित संबंध थे। आरोप पत्र में सात लोगों के नाम हैं, जिनमें शेख, उसका भाई आलमगीर और सहयोगी जियाउद्दीन मुल्ला, मफुजर मुल्ला और दीदारबख्श मुल्ला शामिल हैं। सीबीआई ने आरोपियों पर आपराधिक साजिश और हत्या का प्रयास के अलावा दंगा समेत कई आरोप लगाए हैं।

## इन्हें भी चाहिए गर्मी से राहत



ज्येष्ठ की तपती गर्मी ने सभी को बेहाल कर रखा है। सभी इससे राहत पाने के लिए कई प्रकार के उपाय कर रहे हैं। वहीं कुल लोग इस गर्मी में पशुओं को राहत पहुंचाने के लिए कई उपाय कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को नई दिल्ली के राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में गर्मी से हाथी को निजात दिलाने की कोशिश करता चिड़ियाघर संचालक। जो हाथी को पानी के बौछार से राहत पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। • एजेंसी

# जापान में पहली बार कोविड-19 एंटीबॉडीज दर हुई 60 प्रतिशत

टोक्यो, एजेंसी

- स्वास्थ्य मंत्रालय के किए गए दो सर्वेक्षणों से हुआ खुलासा

जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से किए गए दो हालिया सर्वेक्षणों के अनुसार यहां कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों में एंटीबॉडी पाए जाने की दर पहली बार 60 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

मंत्रालय ने मार्च में किए दो सर्वेक्षणों के नतीजे विशेषज्ञों के एक पैनल के सामने पेश किए। सभी आयु समूहों को कवर करने वाले सर्वेक्षण में एंटीबॉडी कब्जे की दर 60.7 प्रतिशत थी, जबकि देश भर में 16 से 69 वर्ष की आयु के रक्त दाताओं को लक्षित करने वाले एक अन्य सर्वेक्षण में, दर 64.5 प्रतिशत तक पहुंच गई। सर्वेक्षण में सभी आयु समूहों को शामिल करते हुए 22 प्रान्तों में 3,947 लोगों के डेटा का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार पांच से 19 वर्ष की आयु वालों के लिए, एंटीबॉडी दर 85 प्रतिशत से अधिक थी, जबकि 70 वर्ष और उससे अधिक आयु वालों के लिए यह दर 30 प्रतिशत की सीमा में थी। दूसरे सर्वेक्षण में जापान के सभी प्रान्तों में 18,048 रक्त दाताओं को लक्षित किया। होक्काइडो और टोक्यो के उत्तरी प्रान्त सहित कुल 38 प्रान्तों में एंटीबॉडी दर 60 प्रतिशत से अधिक है। उच्चतम दर ओकिनावा के दक्षिणी प्रान्त में 77.6 और सबसे कम अकिता प्रान्त में 50 प्रतिशत देखी गई।

खगोलशास्त्र

हमारे सौर मंडल के नौवें ग्रह के अस्तित्व के साक्ष्य मिले

# पृथ्वी से चार गुना विशाल है यह रहस्यमय ग्रह

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** रहस्यमय ढंग से छिपे हमारे सौर मंडल के नौवे ग्रह की मौजूदगी के साक्ष्य खगोल वैज्ञानियों ने खोज निकाले हैं। इस ग्रह के अस्तित्व के सबूत क्षुद्रग्रहों से मिले हैं, जो नौवे ग्रह के गुरुत्वाकर्षण से बंधे हैं। खगोलविदों को उम्मीद है कि इसे जल्द खोज लिया जाएगा।



इस तरह का हो सकता है नौवां ग्रह। (काल्पनिक चित्र)

प्रथम दृष्टया प्लैनेट 9 नेप्च्यून के आकार का है, जो हमारे सौर मंडल के बाहरी इलाके में छिपा हुआ है। कैलटेक यूनिवर्सिटी और साउथवेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने शोध के जरिए साक्ष्य जुटाए हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार ग्रह 9 के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के कारण नेपच्यून से परे छोटे पिंडों का एक समूह एक साथ जुड़ जाता है। ये सुदूर सौर मंडल के पिंड क्षुद्रग्रह बेल्ट के चट्टानी पत्थर अपनी कक्षा में प्लैनेट 9 के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के कारण समान रूप से फैले हुए नहीं हैं। ज्ञातब्य हो कि इसी तरह आठवें ग्रह नेपच्यून की खोज की गई थी।

नेपच्यून यूरेनस की कक्षा में घूम था। गणितीय आधार पर नेप्च्यून की खोज हुई थी। हैरानी की बात है कि इसकी मौजूदगी का पता चलने के सौ साल बाद इसे देखा गया। प्लैनेट 9 भी इसी तरह खोजा जा सकता है। इसके नजदीकी क्षुद्रग्रहों की गति व कक्षा की निगरानी शुरू करने की तैयारी हो रही है। संभव है कि यहीं से प्लैनेट 9 की पुष्टि हो सकेगी। शोधकर्ताओं के अनुसार यह ग्रह पांच पृथ्वियों के आकार का होगा (नेप्च्यून के बराबर) और पृथ्वी की तुलना में सूर्य से 400 से 800 गुना अधिक दूर होगा। इस खोज को एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स ने प्रकाशन के लिए पेपर स्वीकार कर लिया है।

### रुबिन वेधशाला टेलेस्कोप से होगी खोज

वेरा रुबिन वेधशाला दूरबीन नौवें ग्रह की खोज में लगाई जाएगी। इस दूरबीन को अगले वर्ष स्थापित किया जाएगा। इस दूरबीन को खासकर हमारे सौर मंडल के छोटे ब्लैक होल की खोज के लिए ईजाद किया जा रहा है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि प्लैनेट 9 की खोज में यह दूरबीन कारगर साबित होगी। प्लैनेट 9 के अस्तित्व को लेकर लंबे समय से वैज्ञानिकों के बीच चर्चा होते रही हैं। इस ग्रह को प्लैनेट एक्स नाम भी दिया गया है। इसे सौर मंडल का बेहद रहस्यमय ग्रह माना जाता है।

## गिरफ्तार श्रीलंकाइयों का 46 वर्षीय शख्स हो सकता है आका

**कोलंबो।** श्रीलंका के सुरक्षा बलों को शक है कि एक 46 वर्षीय शख्स उन चार श्रीलंकाइयों का आका है जिन्हें पिछले हफ्ते भारत के अहमदाबाद हवाई अड्डे पर आईएसआईएस के साथ कथित संबंध के मामले में गिरफ्तार किया गया था। एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

न्यूज़फर्स्ट समाचार पोर्टल के मुताबिक, श्रीलंका पुलिस ने बताया कि संदिग्ध उस्मानद जेरॉड डेमाटागोडा का निवासी है और अक्सर हुलिया बदलता रहता है। पोर्टल ने मंगलवार को कहा कि माना जाता है कि जेरॉड श्रीलंका के संदिग्ध नागरिकों की भारत आने जाने में मदद करता है। पुलिस ने संदिग्ध के ठिकाने की विश्वस्त सूचना देने पर हाल में 20 लाख रुका इनाम घोषित किया था।

# बांग्लादेश में रेमल के कहर से पांच और लोगों की मौत

ढाका, एजेंसी

- तेज हवाओं से पेड़ उखड़े और बिजली के खंभे गिरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में सोमवार रात चक्रवाती तूफान रेमल के कारण अलग-अलग इलाकों में तेज हवाओं के साथ पेड़ उखड़ने और बिजली के खंभे गिरने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी।

ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुलिस चौकी प्रभारी बच्चू मिया ने मंगलवार को मौतों की पुष्टि की। ढाका में आए चक्रवाती तूफान रेमल का प्रभाव आज सुबह तक देखा गया और राजधानी में बारिश और तेज हवाएं चल रहीं है। ढाका से 259 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में, खगराचारी जिले में चक्रवाती तूफान के कारण उखड़े हुए पेड़ों को हटाते समय आज तड़के अग्निशमन कर्मी की बिजली के तारों की चपेट में आने से मौत हो गयी। बांग्लादेश का तटीय क्षेत्र तूफान की तेज़ हवाओं से प्रभावित हुआ है। चक्रवाती तूफान से पेड़ और घरों और इमारतों की छतें उड़ गईं और बड़े पैमाने पर बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित हुई है।

कथित तौर पर देश के दक्षिणी और दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में चक्रवाती तूफान से बाढ़ सुरक्षा तटबंध क्षतिग्रस्त हो गए हैं। देश के आपदा प्रबंधन और राहत राज्य मंत्री मोहम्मद मोहिबुर रहमान ने सोमवार को कहा कि चक्रवाती तूफान रेमल के बांग्लादेश के समुद्र तट से टकराने और बाद में इसके कमजोर पड़ने के दौरान कम से कम 10 लोगों की मौत हो गयी।